आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 287 | उज्जैन, शुक्रवार 30 अक्टूबर, 2026 | कार्तिक कृष्ण 5 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

गृह मंत्रालय
भारत सरकार
सत्यमेव जयते

शेयर करें सेल्फी वीरों के साथ
जिन्होंने दिया
नक्सल-मुक्त भारत
बनाने में योगदान

19101/13/0033/2627

आंतरिक सुरक्षा बलों का सम्मान
राष्ट्रीय एकता दिवस
31 अक्टूबर, 2026
एकता नगर, गुजरात

एक ही जगह देखें, एकता के रंग अनेक
भारत पर्व
1 से 15 नवंबर, 2026
एकता नगर, गुजरात

राष्ट्रीय एकता दिवस
31 अक्टूबर 2026
स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, एकता नगर, गुजरात

जानकारी और ठहरने की बुकिंग के लिए स्कैन करें या विज़िट करें rashtriyaektadiwas.com


श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



देश विदेश

वोट चोरी पर 1 नवंबर को दिल्ली में कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन

नई दिल्ली। वोट चोरी के आरोपों को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ अपनी मुहिम तेज कर दी है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने लोगों से 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाले मार्च में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए आगे आने वालों को पुलिस या लाठियों से डरने की जरूरत नहीं है। राहुल ने इस मार्च को किसी एक राजनीतिक दल का नहीं, बल्कि देश की आत्मा की रक्षा की लड़ाई बताया।

राजकोट एयरपोर्ट के पास आग से मचा हड़कंप

राजकोट। गुजरात के हीरासर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रनवे के पास सूखी घास में आग लगने से हड़कंप मच गया। आग के कारण पूरे इलाके में धुएं का गुबार फैल गया और रनवे पर दृश्यता कम हो गई। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दिल्ली से राजकोट आ रही एअर इंडिया की फ्लाइट को वडोदरा डायवर्ट करना पड़ा। विमान में 100 से अधिक यात्री सवार थे। वडोदरा में सुरक्षित लैंडिंग के बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, एयरपोर्ट पर पक्षियों को रनवे से दूर रखने के लिए पटाखे फोड़े जा रहे थे।

शर्मिंदगी हमेशा मेरे साथ रहेगी : जाह्नवी



पेड्डी में सेक्सुअल असॉल्ट को प्रमोट किया गया बोलीं- मैं इसे रोकने के लिए ज्यादा बोल सकती थी

मुंबई। एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने फिल्म 'पेड्डी' में अपने किरदार के सेक्सुअलाइजेशन और ऑब्जेक्टिफिकेशन पर बात की। उन्होंने माना कि वह इसे रोकने के लिए ज्यादा मजबूती से आवाज उठा सकती थीं। जाह्नवी ने यह बात 'कॉफी विद करण' सीजन 9 में बातचीत के दौरान कही। शो के होस्ट करण जौहर ने उनसे 'पेड्डी' विवाद के बारे में सवाल किया था। शो में करण जौहर ने पूछा, पेड्डी विवाद को लेकर क्या हुआ था? मुझे पता है कि इसका आप पर कई तरह से असर पड़ा था। जिस दिन यह हुआ, उस दिन मैंने आपसे बात की थी। उन्होंने आगे कहा, इसे देखने के दो तरीके हैं। एक, लोग इस बात को लेकर आपके साथ थे कि आपके किरदार को सेक्सुअलाइज किया गया। दूसरा पक्ष कह रहा था कि आप सेट पर थीं, तो आपने इसे रोका क्यों नहीं? करण ने जाह्नवी से पूछा कि इस पूरे मामले को लेकर उन्हें कैसा महसूस हुआ। जाह्नवी ने कहा, मुझे बहुत कुछ महसूस हुआ, करण।

नैनो न्यूज

- **नई दिल्ली :** दिवाली से पहले सोने की कीमतों में 25% तक गिरावट, बैंक ऑफ अमेरिका ने कहा अभी और फिसल सकता है गोल्ड।
- **रांची :** शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 5 लाख की साइबर ठगी।
- **यूपी :** चरित्र सत्यापन के नियम स्पष्ट, सिर्फ एफआईआर या राजनीतिक विचारधारा से नहीं छिनेगा नौकरी का मौका।
- **भोपाल :** किसान आंदोलन के बाद मप्र में 12 आईपीएस के तबादले, तीन जिलों के एसपी बदले, नर्मदापुरम, पन्ना और हरदा पुलिस अधीक्षकों पर कार्रवाई।
- **नई दिल्ली :** कैंसर का 80 हजार का इंजेक्शन 7 हजार रु. में मिलेगा, 543 दवाओं के दाम घटे, नई कीमतें 9 नवंबर से लागू होंगी।
- **आर्मेनिया :** संसद में सांसदों के बीच लात-घूंसे चले, महिलाओं पर विवादित बयान से भड़के नेता, कार्यवाही रोकनी पड़ी।
- **केरलम :** मर्सिडीज केस, जज की गिरफ्तारी पर रोक, नाबालिग बेटे ने स्कूटर सवार को टक्कर मारी थी, मृतक की बेटी बोली- आरोपियों को फायदा मिल रहा।

चक्रवात ने सबसे ज्यादा ओडिशा और आंध्र प्रदेश में मचाई तबाही

ओडिशा में बाढ़, 300 गांवों में लोग फंसे

आंध्र प्रदेश में रेलवे पुल डूबा, मप्र-राजस्थान सहित 15 राज्यों में बारिश-ठंड बढ़ेगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

बंगाल की खाड़ी से उठा चक्रवाती तूफान अर्नब भले ही कमजोर पड़ गया है लेकिन देश भर में इसका असर जारी है। चक्रवात ने सबसे ज्यादा ओडिशा और आंध्र प्रदेश में तबाही मचाई है। दोनों राज्यों में करीब 6 लोगों की मौत हुई है।

ओडिशा के गंजाम जिले में लगातार 4 दिनों से भारी बारिश हो रही है। करीब 300 गांवों में बाढ़ आ गई है। राज्य सरकार इन इलाकों में फंसे लोगों को हेलिकॉप्टर से निकालने की तैयारी कर रही है। राज्य में अब तक करीब 30 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

वहीं, आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले में एक रेलवे पुल पानी में डूब गया है, जिसके चलते दोनों ओर से ट्रेनों की आवाजाही रोक दी गई है। प्रशासन फंसे यात्रियों को सड़क के रास्ते निकालने की तैयारी कर रहा है। ओडिशा और आंध्र प्रदेश के कई इलाकों में हजारों पेड़ गिर गए हैं। कई पुल और सड़कें भी बह गई हैं।

चक्रवात के असर से मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार और उत्तर प्रदेश समेत 15 राज्यों में भी बुधवार रात से बारिश हो रही है। इन राज्यों में अगले दो दिन बारिश जारी रह सकती है। तेज बारिश की आशंका को देखते हुए छत्तीसगढ़ के 12 और ओडिशा के 16 जिलों में गुरुवार को स्कूल बंद रखे गए हैं।



चक्रवात अब कमजोर होकर डिप डिप्रेशन में बदला

चक्रवात अर्नब मंगलवार देर रात करीब 3.30 बजे आंध्र प्रदेश के तट से टकराया था। इस दौरान 125 से 135 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं और भारी बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक, चक्रवात अर्नब कमजोर होकर डीप डिप्रेशन में बदल गया है। गुरुवार सुबह तक इसके डिप्रेशन और शाम तक कम दबाव वाले क्षेत्र में बदलने की संभावना है।

उत्तर कोरिया ने ईस्ट सी में दागीं दर्जनों बैलिस्टिक मिसाइलें



एजेंसी ▸▸ सोल

उत्तर कोरिया ने गुरुवार को ईस्ट सी (पूर्वी सागर) की ओर करीब एक दर्जन बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। दक्षिण कोरिया की सेना के मुताबिक, ये कम दूरी की मिसाइलें थीं, जिन्हें उत्तर कोरिया के वॉनसन इलाके से प्रक्षेपित किया गया। दक्षिण कोरियाई सेना ने क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी है और किसी भी नए मिसाइल परीक्षण को लेकर सतर्कता बरत रही है। दक्षिण कोरिया के जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अनुसार, मिसाइलें स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 12.30 बजे दागी गईं, इनकी मारक क्षमता और अन्य तकनीकी विशेषताओं का विश्लेषण किया जा रहा है।

शिवपुरी में दिल दहला देने वाली घटना

दो सगी बहनों की मौत, चार बच्चों ने भी गंवाई जान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शिवपुरी

प्रदेश के शिवपुरी जिले में एक ही दिन दो सगी बहनों और उनके चार बच्चों की मौत से सनसनी फैल गई। बैराड़ थाना क्षेत्र के गूंगरगांव और कोलारस थाना क्षेत्र के सेसई गांव से जुड़ी इन घटनाओं में कुल छह लोगों की जान चली गई। दोनों घटनाओं के पीछे पारिवारिक परिस्थितियों और मानसिक तनाव की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, आत्महत्या के वास्तविक कारणों का खुलासा पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगा। इस घटना से दोनों गांवों में शोक का माहौल है।

पहली घटना बुधवार दोपहर बैराड़ थाना क्षेत्र के गूंगरगांव की है। यहां 35 वर्षीय अंजलि रावत की अपने छह वर्षीय बेटे प्रशांत के साथ मौत हो गई। अंजलि आठ महीने की गर्भवती थीं। करीब एक महीने पहले सड़क दुर्घटना में उनके पति धरमवीर रावत की मौत हो गई थी। इसके बाद से वह गहरे सदमे और मानसिक तनाव में थीं।

बताया गया कि घटना के समय अंजलि अपनी तीन बेटियों को भी साथ लेकर गई थीं। इसी दौरान एक बेटी ने सूझबूझ दिखाते हुए खुद को छुड़ाया और घर पहुंचकर परिजनों को सूचना दी. इससे अन्य बच्चों की जान बच गई। इस घटना में अंजलि, उनके बेटे और गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई। पहली घटना से परिवार और गांव के लोग उबर भी नहीं पाए थे कि बुधवार शाम दूसरी त्रासदी सामने आ गई। अंजलि की 40 वर्षीय बड़ी बहन सीता रावत और उनके तीन बच्चों के शव कोलारस थाना क्षेत्र के सेसई गांव से जुड़े खोंकर गांव के एक खेत में मिले।

शादी के 9 महीने बाद पत्नी की मौत, पति गिरफ्तार

एजेंसी ▸▸ सुपौल

बिहार के सुपौल जिले में तलाक को लेकर चल रहे विवाद ने एक युवती की जान ले ली। 21 वर्षीय दामिनी देवी की गंभीर रूप से झुलसने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई. आरोप है कि उसके पति संजीव कुमार साह ने पेट्रोल छिड़ककर उसे आग लगा दी थी। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि उसके पिता से भी पूछताछ की गई है।

पुलिस के अनुसार, संजीव और दामिनी की मुलाकात इंस्टाग्राम के जरिए हुई थी। बातचीत से शुरू हुआ सिलसिला प्रेम संबंध में बदला और करीब नौ महीने पहले दोनों ने कोर्ट मैरिज कर ली। हालांकि, शादी के कुछ समय बाद ही दोनों के बीच विवाद बढ़ने लगा। पुलिस के मुताबिक, पति तलाक लेना चाहता था, जबकि दामिनी इसके लिए तैयार नहीं थी। यह घटना सुपौल जिले के रतनपुरा थाना क्षेत्र की सातनपट्टी पंचायत के लालमनपट्टी इलाके में सुपौल उपशाखा नहर के पास हुई। पुलिस के मुताबिक, संजीव साह और दामिनी कुमारी के बीच करीब दो साल पहले इंस्टाग्राम के माध्यम से संपर्क हुआ था। धीरे-धीरे दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और उन्होंने शादी करने का फैसला किया।

नीले ड्रम में जमीन में गाड़कर रखे 5 करोड़ रु. कैश मिले

एजेंसी ▸▸ प्रयागराज

प्रयागराज में नीले ड्रम में 5 करोड़ रुपए कैश मिले हैं। 500-500 रुपए की गड्डियां कपड़े में लपेटी गईं और इन्हें जमीन में गाड़कर रखा गया था। मामला प्रयागराज से 32 किमी दूर बरईपुर गांव में राकेश यादव के घर का है। बुधवार रात को पुलिस ने रकम बरामद की।



5-6 दिन पहले राकेश का पड़ोस में रहने वाले कुछ लोगों से झगड़ा हुआ था। राकेश के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई। पुलिस पहुंची तो राकेश की दरोगा से बहस हो गई। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की तो घर के अंदर करोड़ों रुपए छिपाने की कहानी सामने आई।

पुलिस ने गांव की बिजली काटकर मारी रेड- नवाबगंज इलाके के बरईपुर गांव में राकेश यादव उर्फ महाकाल का पुश्तैनी मकान है। पुलिस को राकेश के घर में चोरी के रुपए जमीन में गाड़कर रखने का इनपुट मिला था। यह बात पुलिस कमिश्नर पीयूष मोर्डिया तक पहुंची। इसके बाद बुधवार शाम 6 बजे डीसीपी (गंगानगर) सोनम कुमार और एडीसीपी पुष्कर वर्मा समेत पुलिस टीम मौके पर पहुंची। इससे पहले पुलिस ने पूरे गांव की बिजली कटवा दी। फिर सर्च अभियान शुरू किया। इस दौरान सोरांव के एसीपी श्यामजीत प्रमिला सिंह भी मौजूद रहे।

जैसलमेर में भारत-पाकिस्तान सीमा के नजदीक गिरे बम से मचा हड़कंप

एजेंसी ▸▸ जैसलमेर

राजस्थान के जैसलमेर जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा के नजदीक मोहनगढ़ क्षेत्र में गुरुवार को एक खेत में बम गिरने से जोरदार धमाका हो गया। घटना 3 केएनएम क्षेत्र में किसान तुलसाराम के खेत में दोपहर करीब एक बजे हुई। धमाके की आवाज से आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया और खेतों में काम कर रहे किसान सहम गए। राहत की बात यह रही कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बताया जा रहा है कि घटनास्थल के नजदीक चांधन फील्ड फायरिंग रेंज स्थित है। प्रारंभिक आशंका है कि फायरिंग रेंज में परीक्षण के दौरान निशाना चूकने से बम खेत में आ गिरा। हालांकि, घटना के वास्तविक कारणों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।

पाकिस्तान में सिर्फ 1.7% हिंदू बचे

एजेंसी ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान में हिंदुओं की आबादी अब सिर्फ 1.7% रह गई है। ब्रिटिश हिंदू संगठन इनसाइट यूके की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। 1941 में आज के पाकिस्तान में हिंदुओं की आबादी 14.6% थी।

रिपोर्ट में हिंदुओं की आबादी घटने की वजह हिंसा और धर्म परिवर्तन बताया गया। रिपोर्ट में कहा गया कि बंटवारे के समय और उसके बाद हजारों हिंदू परिवारों को अपना घर छोड़ना पड़ा। कई परिवारों की पुश्तैनी जमीन और खेत भी छिन गए।

रिपोर्ट में धार्मिक स्वतंत्रता पर रोक और जबरन धर्म परिवर्तन के मामले भी उठाए गए हैं। संगठन ने ब्रिटिश सरकार से पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए कदम उठाने की मांग की है।

रिपोर्ट के मुताबिक, 1947 के बंटवारे के दौरान और उसके बाद हुई हिंसा के कारण हजारों हिंदू परिवार विस्थापित हुए। कई परिवारों ने अपनी पुश्तैनी जमीन और खेत खो दिए।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पाकिस्तान के एनिमी प्रॉपर्टी कानूनों के तहत इन संपत्तियों पर कब्जे से हिंदू समुदाय की आर्थिक स्थिति कमजोर हुई।

बैंक डिजिटल अरेस्ट की जिम्मेदारी क्यों नहीं लेते: सीजेआई

अगर उनकी लापरवाही तो हर्जाना दें, 2026 में 800 करोड़ से ज्यादा की ठगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते मामलों पर गुरुवार को चिंता जताई। कहा कि जागरूकता अभियान और लगातार खबरें आने के बावजूद शिक्षित लोग भी इन घोटालों का शिकार कैसे हो रहे हैं।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कमेंट किया, अगर बैंक की लापरवाही के कारण साइबर ठगी होती है तो बैंक पीड़ित को मुआवजा दें और जिम्मेदारी तय होने पर कार्रवाई का सामना करें। यह अभी प्रस्ताव है, अंतिम आदेश नहीं। 2026 में देश में डिजिटल अरेस्ट के 22 हजार से ज्यादा मामले दर्ज हुए। साइबर अपराधियों ने लोगों से 800 करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी की है। वहीं, 2025 में डिजिटल अरेस्ट के 58,239 केस सामने आए थे और करीब 1211 करोड़ रुपए की रकम ठगी गई थी।



तख्तापलट से 2 दिन पहले यूनुस छात्रों से मिले, विदेशी पत्रकार ने मीटिंग कराई, वहीं योजना बनी

बांग्लादेश में साजिश से गिराई गई हसीना सरकार

एजेंसी ▸▸ ढाका

बांग्लादेश में साजिश के तहत शेख हसीना की सरकार गिराई गई थी। छात्र संगठन चाहते थे कि बांग्लादेश की सरकार मोहम्मद यूनुस चलाएं।

छात्रों की यूनुस से मुलाकात करवाने में न्यूज एजेंसी एएफपी के पत्रकार कादरुद्दीन शिशिर ने मदद की। यह दावा अंतरिम सरकार के सलाहकार रहे मोहम्मद यूनुस के पूर्व प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने किया है। शेख हसीना ने 5 अगस्त 2024 को बांग्लादेश छोड़ा था। इसके दो दिन पहले ही यूनुस और छात्रों के बीच बातचीत हुई थी। इसी बातचीत में तख्तापलट का प्लान बना।



शफीकुल आलम के मुताबिक, छात्र नेताओं को यूनुस तक अपनी बात पहुंचाने के लिए एक भरोसेमंद व्यक्ति की जरूरत थी। ऐसे में कादरुद्दीन शिशिर ने दोनों पक्षों के बीच संपर्क कराने में मदद की।

आलम ने दावा किया कि सुरक्षा एजेंसियों को इस बातचीत की जानकारी नहीं थी। अगर अधिकारियों को इसका पता चल जाता तो शिशिर और एएफपी की पूरी टीम को खतरा हो सकता था।

आलम ने बातचीत का पूरा ब्योरा नहीं दिया। यह भी पता नहीं है कि शिशिर की भूमिका केवल शुरूआती बातचीत कराने तक सीमित थी या उन्होंने आगे की बातचीत में भी हिस्सा लिया था।

छात्र आंदोलन के प्रमुख नेताओं में शामिल नाहिद इस्लाम ने उन्हें अंतरिम सरकार का मुख्य सलाहकार बनाने का प्रस्ताव दिया था। बाद में यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनी।

हसीना के भागने का वीडियो बनाने वाले अफसर की मौत



बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के देश छोड़ने का वीडियो रिकॉर्ड करने वाले पूर्व एयरफोर्स अधिकारी केएम तौसीफ सौरी की मौत हो गई है। उनका शव गुरुवार को ढाका की तुराग नदी में मिला। 28 साल के फ्लाइट लेफ्टिनेंट सौरी 27 अक्टूबर से लापता थे। परिवार ने आरोप लगाया है कि हसीना का वीडियो साझा करने के कारण उन्हें परेशान किया गया और उनकी हत्या कर दी गई। अधिकारियों के मुताबिक मौत की असली वजह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगी। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि उनकी मौत डूबने से हुई, उन्होंने आत्महत्या की या उनकी हत्या की गई।

महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

नए निर्माण की बात पुराने पर भी हो ध्यान

महाआयोजन के लिए एक से एक नव निर्माण हो रहे हैं और होना भी चाहिए श्रद्धालुओं के आगमन की अनुमानित संख्या को देखते हुए किए जा रहे कार्य भी संभवतः कम हो सकते हैं। आने वाले श्रद्धालुओं को मूलभूत सुविधाओं में किसी भी बात की कमी नहीं होना चाहिए। इसी सोच के साथ निमार्णों को अंजाम दिया जा रहा है और उनकी गति को बनाकर महाआयोजन से पूर्व पूर्ण किए जाने का लक्ष्य है। 30 करोड़ श्रद्धालुओं का आगमन अनुमानित है ऐसे में किए जा रहे निर्माण कार्य अब भी वैचारिक रूप से कम ही हैं। मात्र 5 किलोमीटर वृत्ताकार स्थिति का शहर, जिसके पूरे जिले की जनसंख्या मात्र 20-22 लाख है उस शहर में प्रति दिन एक करोड़ श्रद्धालुओं का आगमन विचार में ही सिहरन पैदा कर देता है। इनके लिए मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जाना है। आवागमन के साथ ही पानी, शौचालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं को जुटाना है। अधिकांश निर्माण कार्य आवागमन पेयजल एवं स्नान से संबंधित ही हैं। सिवरेज निकासी जैसे कार्य भी हैं। इन निमार्णों का रखरखाव भी किया जाना होगा। महाआयोजन -16 के तहत शहर के साथ ही महाआयोजन क्षेत्र में भी निर्माण किए गए थे। सडक पर डिवाईडर बनाए गए थे, रोटरियों का निर्माण किया गया था, मंदिरों पर निर्माण कार्य किए गए थे। इनका सौंदर्यकरण भी पर्याप्त तौर पर करते हुए उन पर अतिरिक्त राशि का व्यय किया गया था। संबंधित निर्माण रखरखाव के अभाव में पिछले 10 सालों में किस हाल में है यह शहर का नागरिक बेहतर जानता है। महाआयोजन क्षेत्र में तो अधिकांश के अवशेष ही बचे हैं। शहरों में ही मुख्य चौराहा से लेकर अनेक क्षेत्रों में बने डिवाइडरों में लाल पत्थर धीरे-धीरे सिमेंट से तलाक लेते हुए धरती पकड़ने को आतूर हो रहे हैं। सौंदर्य करण के उपरांत अब ये वैसे ही लगते हैं जैसे की एक महिला 16 श्रृंगार के बाद विधवा के स्वरूप में आ जाए तो जैसा उसे देखकर लगता है। खुसूर- फुसूर है कि महाआयोजन -16 के निमार्णों के संधारण एवं विकसित किए जाने को लेकर एक पूरी वृहद योजना बनाते हुए इन कार्यों को व्यवस्थित किया जाना आवश्यक है। इसके साथ ही इनके विकास को लेकर भी एक पूरी योजना एवं अगले 12 साल तक इनके संधारण को लेकर भी एक पूरी योजना को अंजाम दिया जाना चाहिए अन्यथा नव निर्माण किए जाएंगे और 12 सालों में वे भी रखरखाव के अभाव में ध्वस्त होते जाएंगे तो ऐसे में धर्मनगरी के श्रृंगार एवं सुंदरता पर ही सवाल खड़े हो जाएंगे।

न्यूज कॉलम

राष्ट्रीय रग्बी टीम की कप्तान बनीं सुहाना

उज्जैन। ग्रामीण परिवेश में पली-बढ़ी तराना की बेटी सुहाना भाटी ने अपनी मेहनत, लगन और खेल प्रतिभा के दम पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। शासकीय सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय की कक्षा 10वीं की छात्रा सुहाना का शालेय खेल प्रतियोगिता के तहत राष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिता के जूनियर बालिका वर्ग में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयन हुआ है। उनके शानदार खेल प्रदर्शन और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए उन्हें मध्य प्रदेश रग्बी टीम की कप्तान की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। सुहाना की इस उपलब्धि से विद्यालय और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। सीमित संसाधनों के बीच अपनी प्रतिभा को निखारते हुए सुहाना ने यह साबित किया है कि मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं।



नैनो न्यूज

- करवा चौथ पर चौथ माता मंदिर में गूंजे भजन, महाकाल शयन आरती भक्त परिवार ने लगातार दूसरे वर्ष किया आयोजन, डिप्टी कलेक्टर ने किया स्वागत
- राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में मप्र टीम से खेलेंगे उज्जैन के तीन खिलाड़ी, शिर्डी में 31 अक्टूबर तक होगा आयोजन, उधयन, युवराज और परिधि का हुआ चयन
- अलखधाम नगर में 1 नवंबर को मनेगा संत कंवर राम का शहीदी दिवस, मुख्यमंत्री ने दो वर्ष पूर्व किया था प्रतिमा का अनावरण, सुबह 9.30 बजे होगा मुख्य आयोजन
- सिस्टम को सुधारने पत्रकारों को सुरक्षित रखना होगा, इसलिए सुरक्षा कानून जरूरी, मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश सम्मेलन में बोले बागेश्वर धाम के पं. धीरेंद्र शास्त्री, उज्जैन जिले से भी पहुंचे पदाधिकारी
- 79वें निरंकारी संत समागम में 126 नवयुगल परिणय सूत्र में बंधे, सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने दिया आशीर्वाद, सामूहिक शादियां' में सात समुंदर पार से भी पहुंचे जोड़े
- बुधादित्य योग में गज पर सवार होकर आएंगी माता महालक्ष्मी, व्यापार और किसानों के लिए शुभ संकेत, 8 नवंबर को मनेगा दीपावली महापर्व, उज्जैन में शाम 6 बजकर 11 मिनट से शुरू होगा स्थिर लग्न

जीवन खेड़ी शिप्रा तट स्थित मंदिर में सुबह से ही सुहागनों ने पहुंचकर दर्शन किए

कच्चे उबड़ खाबड़ रास्तें से महिलाएं पहुंची करवा चौथ माता मंदिर

पतियों की दीर्घायु के लिए सुबह से निराहार महिला श्रद्धालुओं की संख्या के आगे मंदिर छोटा लगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

धर्मनगरी में करवा चौथ व्रत के अवसर पर जीवनखेड़ी शिप्रा तट स्थित चौथ माता के मंदिर पर सुबह से ही सुहागनों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। मंदिर का पहुंच मार्ग उबड़-खाबड़ होने के बावजूद महिला श्रद्धालुओं का दर्शन का उत्साह भरपुर रहा है। यहां चौथ माता के मंदिर में दर्शन के उपरांत महिलाओं को रूद्राक्ष एवं कामाख्या मंदिर से लाया गया कुमकुम भी मंदिर प्रबंधन की और से दिया गया।

परिवार की सुख-समृद्धि और पति की दीर्घायु के लिए गुरूवार को करवा चौथ व्रत महिलाओं ने निराहार किया है। इस अवसर पर मंदिरों की नगरी उज्जैन के जीवनखेड़ी क्षेत्र में स्थित चौथमाता मंदिर पर महिला श्रद्धालु बड़ी संख्या में दर्शन के लिए पहुंची। तडके से ही यहां मंदिर में माता के दर्शनों का सिलसिला शुरू हो गया था। ऐसे में यहां पहुंचने वाली महिलाओं को मंदिर के कच्चे पहुंच मार्ग के उबड़-खाबड़ गड्ढों से काफी परेशानी हुई। फैलते सूर्य प्रकाश के साथ ही मंदिर पर महिला श्रद्धालुओं की कतार भी बढ़ती गई और यहां मेला सा लग गया। शिप्रा किनारे जीवनखेड़ी में खेती की जमीन पर स्थित मंदिर महिलाओं में काफी चर्चित देखा गया। इसके लिए शांति पैलेस के पीछे वाले मार्ग पर ब्रिज क्रॉस करने के बाद ही सीधे हाथ पर अंदर की और जाने पर कालोनी के अंदर से होकर खेतों से गुजरकर जाना होता है। मंदिर मुख्य मार्ग से करीब पौन किलोमीटर अंदर है।



महाकाल में भी चौथ माता के दर्शन

श्री महाकालेश्वर मंदिर स्थित श्री करवा चौथ माता गणेश मंदिर में भी गुरूवार सुबह से ही सुहागन महिलाओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। महिलाओं ने इस दौरान चौथ माता गणेश मंदिर पर भगवान के दर्शन पूजन किया। खास यह रहा कि बाहर के शहरों से महाकाल दर्शन के लिए आने वाली महिलाओं को जब इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने भी इस अवसर पर चौथ माता के दर्शन का लाभ अर्जित किया। कई महिला श्रद्धालुओं को इसकी जानकारी महिला सुरक्षा गार्डों ने आगे रहकर दी जिससे आगंतुक महिला श्रद्धालुओं ने सराहना की और मंदिर में पहुंचकर दर्शन किए ।

दर्शन के साथ ताजी सब्जी की खरीद भी

चौथ माता मंदिर के दर्शन करने पहुंची महिलाओं को यहां आते एवं जाते समय ताजी सब्जी बेचने वाले भी मिल गए। आसपास खेतों में सब्जी की खेती करने वाले मुख्य मार्ग से लेकर अन्य स्थानों पर सब्जी विक्रय भी कर रहे थे ऐसे में महिलाओं ने यहां से सब्जी खरीदी भी की।

चांद निकलने के बाद पानी ग्रहण किया

सुबह से ही निराहार सुहागनों ने गुरूवार रात को पहले पूजन किया मंदिरों में पूजा-अर्चना की। दिन के समय मंदिरों में भजन कीर्तन भी इस दौरान देखा गया। दिन ढलने और रात होने पर आसमान में चांद निकलने का इंतजार किया गया। चांद निकलने पर उसके सहित पति के दर्शन किए और चंद्रमा को दूध मिश्रित जल से अर्द्ध दिया गया। पूजा के बाद पति के हाथों पानी ग्रहण कर व्रत का पारणा किया गया।

उज्जैन विकास प्राधिकरण एवं इंडियन ओवरसीज बैंक के मध्य 643.39 करोड़ के टर्म लोन के एमओयू पर हस्ताक्षर

11 परियोजनाओं के मंदिर की संपत्ति और दान ऋण से रहेगी मुक्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ महापर्व-2028 के दृष्टिगत उज्जैन के प्रमुख मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों के विकास हेतु 643.39 करोड़ के टर्म लोन के लिए समझौता ज्ञापन पर उज्जैन विकास प्राधिकरण एवं इंडियन ओवरसीज बैंक के बीच हस्ताक्षर किए गए और एमओयू का औपचारिक आदान-प्रदान किया है। खास यह है कि इसके लिए किसी मंदिर की किसी भी संपत्ति एवं दान में आने वाली राशि इससे मुक्त है।

क्षेत्र के 11 मंदिरों की परियोजनाओं को आकार देने के लिए मध्य प्रदेश अर्बन ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0 के भव्य समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में उज्जैन विकास प्राधिकरण की और से प्राधिकरण अध्यक्ष रवि सोलंकी एवं सीईओ संदीप सोनी एवं इंडियन ओवरसीज बैंक की तरफ से हरि रमन मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक के मध्य यह करार बुधवार को किया गया है।

ये है योजना- उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा सिंहस्थ महापर्व-2028 के पूर्व उज्जैन के प्रमुख मंदिरों, धार्मिक स्थलों एवं संबंधित आधारभूत सुविधाओं के समग्र विकास के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है। इस कार्ययोजना का उद्देश्य श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाओं का विकास करना, दर्शन व्यवस्था को सुगम बनाना, आवागमन एवं पार्किंग सुविधाओं का विस्तार करना तथा उज्जैन की धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहित करना है।

7.39 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर- उज्जैन विकास प्राधिकरण एवं इंडियन ओवरसीज बैंक के मध्य 643.39 करोड़ के टर्म लोन के लिए 7.39 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर समझौता किया गया है। इस समझौते के माध्यम से प्रस्तावित विकास परियोजनाओं के लिए आवश्यक वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इसके अतिरिक्त, उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा 200 करोड़ के टेम्पल बॉन्ड जारी करने की योजना बनाई गई है। इनसे प्राप्त राशि का उपयोग निर्धारित विकास परियोजनाओं के लिए किया जाना प्रस्तावित है।



दान राशि से नहीं होगा ऋण का पुनर्भुगतान

उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित वित्तीय व्यवस्था में मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा दी जाने वाली दान राशि को बैंक ऋण के पुनर्भुगतान से पृथक रखा गया है। मंदिरों की दान राशि का उपयोग धार्मिक गतिविधियों एवं निर्धारित उद्देश्यों के लिए ही किया जाएगा।ऋण के पुनर्भुगतान के लिए मुख्य रूप से चिन्हित विकास परियोजनाओं से प्राप्त होने वाले राजस्व का उपयोग किया जाना प्रस्तावित है। यदि परियोजनाओं से प्राप्त राजस्व ऋण की किस्तों, ब्याज एवं अन्य देय राशियों के भुगतान के लिए पर्याप्त नहीं होता है, तो शेष भुगतान की जिम्मेदारी उज्जैन विकास प्राधिकरण की होगी। इस प्रकार, ऋण के मूलधन, ब्याज एवं अन्य देय राशियों के पुनर्भुगतान का वित्तीय उत्तरदायित्व उज्जैन विकास प्राधिकरण पर रहेगा। मंदिरों की संपत्तियों एवं दान राशि को इस ऋण की अदायगी से पृथक रखा जाएगा।

ये हैं 11 प्रमुख परियोजना

परियोजना का नाम	अनुमानित लागत
1. श्री कालभैरव मंदिर विकास परियोजना	164.50 करोड़
2. श्री मंगलनाथ मंदिर विकास परियोजना	123.90 करोड़
3. श्री सांदीपनि आश्रम विकास परियोजना	163.55 करोड़
4. शनि मंदिर एवं नवग्रह मंदिर विकास परियोजना	120.40 करोड़
5. 84 महादेव मंदिरों का विकास	30.00 करोड
6. श्री अंगारेश्वर मंदिर विकास परियोजना	83.00 करोड़
7. श्री भूखी माता मंदिर विकास परियोजना	106.57 करोड़
8. श्री गढ़कालिका माता मंदिर विकास परियोजना	15.51 करोड़
9. सिद्धवट घाट एवं संबंधित विकास कार्य	14.58 करोड
10. श्रीकृष्ण विराट रूप परियोजना	217.51 करोड़
11. श्री बगलामुखी माता मंदिर विकास परियोजना	85.00 करोड़

मंदिरों की संपत्ति प्रतिभूमि के रूप में नहीं रखा

विकास प्राधिकरण की और से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि मंदिरों की चल एवं अचल संपत्तियों को ऋण अथवा बॉन्ड की प्रतिभूति के रूप में नहीं रखा गया। उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा स्पष्ट किया गया है कि प्रस्तावित विकास परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए किसी भी मंदिर की चल अथवा अचल संपत्ति को बैंक ऋण की सुरक्षा के रूप में गिरवी नहीं रखा गया है। इसी प्रकार 200 करोड़ के प्रस्तावित टेम्पल बॉन्ड के लिए भी किसी मंदिर की चल-अचल संपत्ति अथवा अन्य प्रतिभूति का उपयोग नहीं किया गया है। बैंक ऋण एवं बॉन्ड से संबंधित वित्तीय प्रक्रियाओं के लिए उज्जैन विकास प्राधिकरण के वित्तीय क्रेडेंशियल्स, प्राधिकरण की स्वयं की संपत्तियों तथा उसकी प्रतिभूतियों को आधार बनाया जा रहा है। इसी आधार पर टर्म लोन एवं टेम्पल बॉन्ड से संबंधित वित्तीय प्रक्रियाएँ संचालित की जा रही हैं। इस प्रकार, उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा मंदिरों की संपत्तियों को ऋण अथवा बॉन्ड की प्रतिभूति के रूप में उपयोग किए बिना विकास परियोजनाओं के लिए वित्तीय संसाधन जुटाने की व्यवस्था की जा रही है। यह व्यवस्था मंदिरों की संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ धार्मिक स्थलों के विकास के लिए वैकल्पिक वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

- **बहुआयामी वित्तीय व्यवस्था-** उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित विकास परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए विभिन्न स्त्रोतों से वित्तीय संसाधन जुटाने की व्यवस्था की जा रही है। इसके अंतर्गत बैंक ऋण, टेम्पल बॉन्ड तथा भारत सरकार के अर्बन चैलेंज फंड के माध्यम से अनुदान सहायता प्राप्त करने की योजना शामिल है।

प्रस्तावित वित्तीय व्यवस्था का विवरण निम्नानुसार है:

- **इंडियन ओवरसीज बैंक से टर्म लोनः** 643.39 करोड़
- **टेम्पल बॉन्डः** 200 करोड़
- **भारत सरकार के अर्बन चैलेंज फंड के अंतर्गत अनुदान सहायताः** लगभग 281 करोड़ स्वीकृत हो चुकी है
- **टेम्पल बॉन्ड जारी किए जाने के पश्चात प्रस्तावित अतिरिक्त सब्सिडीः** लगभग 26 करोड़
- इस प्रकार, अर्बन चैलेंज फंड के अंतर्गत प्राप्त अनुदान सहायता तथा प्रस्तावित अतिरिक्त सब्सिडी को मिलाकर लगभग 307 करोड़ की अनुदान सहायता भारत सरकार की तरफ से प्राप्त हो रही है।

खाद्य विभाग द्वारा उन्हेल और नागदा में मावा विक्रेताओं पर कार्रवाई



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

त्योहारों के दौरान मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने और आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए खाद्य विभाग ने जांच अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में खाद्य विभाग की टीम ने उन्हेल और नागदा में मावा निर्माताओं एवं विक्रेताओं के यहां पहुंचकर जांच की ओर मावा और दूध के सैंपल लिए है तथा जांच के लिए भोपाल भेजे हैं।

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अभियान के तहत मावा, घी, मिठाई, तेल सहित अन्य खाद्य पदार्थों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। विभाग की टीम मावा और घी बनाने वाली इकाइयों के साथ ही इनके विक्रय स्थलों का भी निरीक्षण कर रही है। खाद्य विभाग के अधिकारी बसंत कुमार शर्मा ने बताया कि मावा और घी के नमूने लेने से पहले स्टार्च, शर्करा और वनस्पति जैसी मिलावट की पहचान के लिए प्रारंभिक परीक्षण किया जाता है। खाद्य विभाग के अधिकारी बसंत कुमार शर्मा ने आगे बताया कि उन्हेल और नागदा क्षेत्र में जांच के दौरान बौडोइन टेस्ट सहित अन्य प्रारंभिक परीक्षण किए। इन परीक्षणों के परिणाम नकारात्मक पाए गए। हालांकि, खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के संबंध में अंतिम निष्कर्ष प्रयोगशाला की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा।

तीन मावा निर्माण इकाइयों से लिए सैंपल

खाद्य विभाग की टीम ने मानक स्तरों की जांच के लिए तीन मावा निर्माण इकाइयों से नमूने लिए। इनमें राठौर दूध केंद्र, ग्राम ढाबला फंटा से मावा के दो और मिश्रित दूध के दो नमूने लिए गए। उषा कुटीर, ग्राम सोडंग, तहसील घट्टिया से मावा के दो नमूने लिए गए। वहीं, ओसवाल ट्रेडर्स, ग्राम बालोदा फंटा से मावा और मिश्रित दूध के नमूने लिए गए। खाद्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे वैध लाइसेंस या पंजीयन वाले प्रतिष्ठानों से ही खाद्य सामग्री खरीदें।

अमेरिका के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. नरूला ने किये महाकाल दर्शन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विश्व की सबसे बड़ी हृदय रोग की संस्थान वर्ल्ड हार्ट ऑर्गेनाईजेशन के अध्यक्ष डॉ. जगत नरूला महाकाल के दर्शन आए। इस अवसर पर उज्जैन सीनियर हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय गर्ग ने हृदय रोग के बारे में जानकारी सांझा की। डॉ. नरूला ने बताया कि इस समय वायु प्रदूषण, खाद्य पदार्थ में मिलावट, फास्ट फूड का सेवन, ज्यादा समय तक लेपटॉप व मोबाईल का उपयोग करते हुए बैठे रहना, कसरत का अभाव, पेट का घेरा 50 प्रतिशत लोगों का 36 इंच से ज्यादा हृदय रोग बढ़ने का मुख्य कारण है। सबसे बड़ी बात है एशिया में विशेषकर भारत में यह बीमारी 40 प्रतिशत लोगों को 40 वर्ष से भी कम उम्र में हो रही है। ये चिंताजनक है। बिना हृदय रोग हुए आजकल हम कुछ नई जांचों से होने वाली संभावनाओं को पता लगा सकते है। इसमें प्रमुख है रक्त में एल.पी.ए., एल.डी.एल., एच.एस.सी.आर.पी., सिटी स्केन द्वारा कॉरोनॉरी आर्टिकैल्शियम, स्टेसइको, पेट द्वारा अमोनिया की जांच की जाना प्रमुख है।

नगर निगम की टीम ने भवन स्वामी को पूर्व में जारी किया था नोटिस

रात 3 बजे फ्रीगंज क्षेत्र में पोकलेन से हटाया जर्जर भवन

निगम अधिकारियों का दावा भवन की खतरनाक स्थिति को देखते हुए कार्रवाई की

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगर निगम की टीम द्वारा बुधवार -गुरुवार देर रात फ्रीगंज क्षेत्र में जर्जर एवं गिराऊ भवन को हटाने की कार्रवाई की गई। रात 3 बजे भी अलर्ट मोड पर सक्रिय नगर निगम की टीम ने गुरुद्वारे के सामने धनवंतरी मार्ग स्थित अत्यंत जर्जर एवं जीर्ण-शीर्ण भवन को पोकलेन मशीन की सहायता से हटाया गया है। नगर निगम अधिकारियों का दावा है कि नागरिकों की सुरक्षा को देखते हुए यह कार्रवाई की गई है। भवन स्वामी मुकुल चोबले को पूर्व में नोटिस जारी किया गया था।

नगर निगम की और से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि नगर निगम द्वारा भवन की खतरनाक स्थिति को देखते हुए पूर्व में ही भवन स्वामी को नोटिस जारी कर सूचित किया गया था। साथ ही भवन पर सूचना फ्लैक्स भी लगाए गए थे, जिनके माध्यम से भवन की जर्जर एवं खतरनाक स्थिति के संबंध में चेतावनी दी गई थी। देर रात कार्रवाई करने के पीछे बताया गया है कि संभावित दुर्घटना की आशंका को रोकने के उद्देश्य एवं यातायात एवं आवागमन बाधित न हो इस लिए इसे रात में अंजाम दिया गया। उक्त कार्रवाई भवन अधिकारी लक्ष्मण प्रसाद साहू, सहायक यंत्री अर्जुन राजपूत एवं भवन निरीक्षक आनंद परमार के नेतृत्व में नगर निगम की रिमूवल गैंग द्वारा की गई।

नगर निगम का विशेष सम्मिलन आज- उज्जैन नगर पालिक निगम का विशेष सम्मिलन शुक्रवार 30 अक्टूबर को समय प्रातः 11.30 बजे से पंडित अटल बिहारी वाजपेई सभागृह छत्रपति शिवाजी भवन उज्जैन नगर पालिक निगम के सभागृह में आयोजित किया जाएगा। जिसमें विचारार्थ रखे जाने वाले 27 प्रकरणों पर चर्चा की जाएगी।

सीवरेज कार्यों की समस्या का तत्काल समाधान हो - महापौर मुकेश टटवाल ने गुरुवार को सीवरेज प्रोजेक्ट की समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सीवरेज कार्यों के कारण शहर के किसी भी वार्ड में नागरिकों को अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए। सीवरेज संबंधी समस्याओं का तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा जहां भी समस्या सामने आए, वहां बिना विलंब कार्रवाई की जाए। जहां चैंबर ओवरफ्लो होने की समस्या आ रही हे उसका तत्काल समाधान किया जाए। जिन स्थानों पर चैंबर तक हाउस कनेक्शन नहीं जोड़े गए हैं, वहां कनेक्शन जोड़ने की कार्रवाई शीघ्र पूरी की जाए। इसके साथ ही सीवरेज चैंबर एवं कार्यों के दौरान खोदे गए गड्ढों की मरम्मत भी प्राथमिकता से की जाए, ताकि नागरिकों को आवागमन में परेशानी न हो।

बाजारों का संचालन सुगम बनाने के निर्देश- त्योहारों एवं पर्वों को दृष्टिगत रखते हुए महापौर मुकेश टटवाल ने गुरुवार को नगर निगम के बाजार वसूलीकताओं के साथ बैठक कर शहर के बाजारों में लगने वाली दुकानों एवं बाजारों के सुगम संचालन को लेकर चर्चा की। निर्देश दिए कि त्योहारों के दौरान व्यापारियों के रोजगार एवं व्यवसाय पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े तथा बाजारों में व्यापार सुचारू रूप से संचालित हो। इसके साथ ही नागरिकों को आवागमन एवं यातायात में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

किराये से देना है - होम स्टे
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पास, 5 डबल बेड, गद्दे, चादर सहित, पंखा, एसी, पार्किंग, WiFi कैमरे।
बेचना है - कार ब्रीजा
मॉडल-2022, पेट्रोल/सीएनजी, फर्स्ट ऑनर
आवश्यकता - कम्प्यूटर ऑपरेटर
महिला (पार्ट टाईम/फुल टाईम)
संपर्क करें
महाकाल इंजीनयरिंग सर्विसेस
20, सिद्धीविनायक कॉम्प्लेक्स (बेसमेंट), शहीद पार्क, फ्रीगंज, उज्जैन
सुबह 11.30 से 3 बजे तक
7000813134, 8109731365, 9425091176

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | शुक्रवार 30 अक्टूबर, 2026 | www.awantika.com

न्यूज ब्रीफ

वीआईपी सुरक्षा के मद्देनजर नो ड्रोन फ्लाइंग जोन घोषित

इंदौर। इंदौर में जेड प्लस (विशेष सुरक्षा श्रेणी) प्राप्त वीआईपी के प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस आयुक्त श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, 28 अक्टूबर 2026 को इंदौर विमानतल की 5 किलोमीटर की परिधि में तथा 28 अक्टूबर से 6 नवंबर 2026 तक डेली कॉलेज परिसर, रेसीडेंसी एरिया के 5 किलोमीटर के दायरे में ड्रोन, पैराग्लाइडर, हॉट एयर बैलून एवं अन्य उड़ने वाली वस्तुओं के संचालन पर प्रतिबंध लगाया गया है। इन क्षेत्रों को नो ड्रोन फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है।

पार्थ पंवार का नेत्रदान एवं त्वचादान करने का निर्णय

इंदौर। मालवीय नगर, इंदौर निवासी रविन्द्र पंवार के 11 वर्षीय सुपुत्र मास्टर पार्थ पंवार के आकस्मिक निधन के बाद शोकाकुल परिवार ने दुःख की इस कठिन घड़ी में मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए उनके नेत्रदान एवं त्वचादान का निर्णय लिया। परिवार की इस सहमति से पार्थ की स्मृति को मानव सेवा के एक प्रेरणादायी कार्य से जोड़ा गया है। पार्थ के नेत्रदान से दो दृष्टिहीन व्यक्तियों को नई रोशनी मिलने की आशा है, वहीं त्वचादान से गंभीर रूप से झुलसे मरीजों के उपचार में सहायता मिलेगी। असहनीय दुःख के बीच पंवार परिवार का यह निर्णय समाज में नेत्रदान एवं त्वचादान के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाला है। यह पुनीत कार्य मुस्कान ग्रुप पारमार्थिक ट्रस्ट, इंदौर के माध्यम से संपन्न हुआ।

किसानों के नवाचार प्रदेश के विकास के लिए अच्छे संकेत

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भविष्य की योजनाओं से किसानों की समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। नर्मदा घाटी की सिंचाई परियोजनाओं से जैसे मालवा और निमाड़ में कृषि ने नए क्षेत्रों का विस्तार हुआ है। ऐसा ही विकास का विस्तार सतना और कटनी क्षेत्र के किसानों के लिए शासन के प्रयास जारी है। अभी स्लीमनाबाद में सिंचाई परियोजना से किसानों के लिए नया रास्ता प्रशस्त हुआ है। कटनी को खनिज का गढ़ माना जाता है। लेकिन शासन के प्रयासों से यहां अब आधुनिक खेती की संभावनाएं प्रारंभ हुई है। किसानों द्वारा पारंपरिक खेती से हटकर चिया सीड, अश्वगंधा तथा सूखे मेवे काजू की प्रोसेसिंग शुरू होना शुभ संकेत है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज इंदौर से वीसी के माध्यम से कटनी में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव में किसानों को संबोधित कर रहे थे।

इंदौर-उज्जैन-भोपाल क्षेत्र में 20 लाख रोजगार के अवसर



इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के शहरों को आधुनिक, निवेश-अनुकूल, पर्यावरण-संवेदनशील और नागरिक-केंद्रित बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इंदौर, उज्जैन और भोपाल को मेट्रोपॉलिटन सिटी के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य तेजी से किया जा रहा है। वर्ष 2047 तक इस क्षेत्र में लगभग 20 लाख रोजगार के अवसर सृजित करने, 12 से 15 नई टाउनशिप विकसित करने तथा 25 से 30 हजार एकड़ क्षेत्र में नियोजित शहरी विकास का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इंदौर फ्यूचर सिटी में लगभग 5 हजार एकड़ क्षेत्र में आवास, उद्योग और रोजगार आधारित विकास किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को इंदौर में आयोजित अर्बन ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0 को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शहर केवल आवासीय क्षेत्र नहीं, बल्कि उद्योग, व्यापार, निवेश और रोजगार के प्रमुख केंद्र हैं। शहरी विकास को आधुनिक अधोसंरचना, जल सुरक्षा, किफायती आवास और बेहतर जीवन गुणवत्ता से जोड़कर भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित किया जाएगा। कॉन्क्लेव में निवेशकों के साथ शहरी विकास एवं अधोसंरचना में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा हुई। इससे प्रदेश में निवेश को बढ़ावा मिलेगा और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2027 के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

नैनो न्यूज

- **अवैध शराबकांड में कार्रवाई तेज-** देवास जिले में जहरीली अवैध शराब से मौतों के मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। मामले में कई आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद शराब के अवैध नेटवर्क की जांच जारी है। ळी क्ल्लल्लि ए७स्रपी२२
- **आगर-मालवा: मजदूरों के नाम पर 20 लाख की ठगी-** आगर-मालवा में ईंट-भट्ठों पर मजदूर उपलब्ध कराने के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को उत्तर प्रदेश के अमरोहा से गिरफ्तार किया। आरोपी की निशानदेही पर 20 लाख रुपये नकद बरामद किए गए।
- **शाजापुर: 1236 काले हिरण और नीलगाय सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाए-** शाजापुर जिले में किसानों की फसलों को वन्यजीवों से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत अब तक 1236 काले हिरण और नीलगाय को सुरक्षित वन क्षेत्रों में स्थानांतरित किया गया है।
- **सुसनेर: मौसम में बदलाव से बढ़ी ठंड-** सुसनेर क्षेत्र में चक्रवात के प्रभाव से मौसम में बदलाव और तापमान में गिरावट की संभावना बनी हुई है। आसपास के क्षेत्रों में बारिश, तेज हवाओं और गरज-चमक को लेकर मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है।

सिंहस्थ फ्लाईओवर में मस्जिद का भूतल पर 16 मीटर चौड़ाई और 14 मीटर गहराई यानी कुल 224 वर्ग मीटर हिस्सा बाधक बन रहा

शाही मस्जिद के बाद अब फलादिया मस्जिद पर निगम का नोटिस

चिमनगंज मंडी इंदिरा नगर चौराहे से इंदौर गेट तक 4-लेन और निकास चौराहे से इंदौर गेट तक 2-लेन एलिवेटेड फ्लाईओवर बनाया जा रहा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ-2028 की तैयारी में बन रहे एलिवेटेड फ्लाईओवर का पेंच अब एक और धार्मिक स्थल पर आ फंसा है। छत्री चौक की शाही मस्जिद के विवाद के बाद अब एटलस चौराहे के पास नई सड़क के बीचो-बीच स्थित फलादिया मस्जिद को नगर निगम ने नोटिस थमा दिया है।

नगर निगम के अनुसार चिमनगंज मंडी इंदिरा नगर चौराहा से इंदौर गेट तक 4-लेन और निकास चौराहा से इंदौर गेट तक बनने वाले 2-लेन एलिवेटेड फ्लाईओवर के एलाइनमेंट में फलादिया मस्जिद का हिस्सा आ रहा है। कार्यालय नगर पालिक निगम उज्जैन, जोन क्र. 03 के भवन अधिकारी द्वारा 23 अक्टूबर को जारी सूचना पत्र क्र. 2026/1648 में मस्जिद प्रबंधन को तलब किया गया है। नोटिस में लोक निर्माण विभाग के पत्र क्र. 1077 दिनांक 14/10/2026 का हवाला देते हुए कहा गया है कि मस्जिद का भूतल पर 16 मीटर चौड़ाई और 14 मीटर गहराई यानी कुल 224 वर्ग मीटर हिस्सा बाधक बन रहा है, जिसे जनहित में कायम रखना संभव नहीं है। इसके लिए प्रबंधन को छत्रपति शिवाजी भवन स्थित निगम मुख्यालय के कक्ष क्र. 324 में समस्त दस्तावेजों के साथ सुनवाई के लिए बुलाया गया था। नगर निगम के नोटिस के अनुसार, चिमनगंज मंडी इंदिरा नगर चौराहे से इंदौर गेट तक 4-लेन और निकास चौराहे से इंदौर गेट तक 2-लेन एलिवेटेड फ्लाईओवर बनाया जा रहा है।

मस्जिद 100 साल पुरानी, दुकानें 60-70 साल पुरानी

मस्जिद के कोषाध्यक्ष मोहम्मद याहया के अनुसार फलादिया मस्जिद करीब 100 साल पुरानी है और नई सड़क की पहचान है। निगम ने जो दस्तावेज मांगे हैं, वे सुनवाई में पेश किए जाएंगे। वहीं स्थानीय मोहम्मद ऐजाज ने बताया कि मस्जिद परिसर में करीब 6 दुकानें हैं जो 60 से 70 साल पुरानी हैं। इन दुकानों से कई परिवारों की रोजी-रोटी जुड़ी है। यदि ये दुकानें हटती हैं तो रोजगार का संकट खड़ा हो जाएगा। फिलहाल प्रबंधन को पक्ष रखने का मौका दिया गया है। सुनवाई और दस्तावेजों के परीक्षण के बाद ही तय होगा कि फ्लाईओवर के लिए मस्जिद के कितने हिस्से पर कार्रवाई होगी। मस्जिद प्रबंधन के अनुसार, फिलहाल संबंधित हिस्से को निर्माण में बाधक बताया गया है। नोटिस के जरिए दस्तावेज पेश कर पक्ष रखने का अवसर दिया गया है। आगे की कार्रवाई सुनवाई और दस्तावेजों के परीक्षण के बाद स्पष्ट होगी।

224 वर्ग मीटर हिस्से को लेकर जारी हुआ नोटिस

नगर निगम के जोन क्रमांक 3 के भवन अधिकारी की ओर से 23 अक्टूबर को जारी सूचना पत्र क्रमांक 2026/1648 में मस्जिद प्रबंधन को सुनवाई के लिए बुलाया गया है। नोटिस में लोक निर्माण विभाग के 14 अक्टूबर 2026 के पत्र का हवाला दिया गया है। इसके मुताबिक मस्जिद का भूतल पर 16 मीटर चौड़ा और 14 मीटर गहरा हिस्सा कुल 224 वर्ग मीटर क्षेत्र फ्लाईओवर के निर्माण में बाधक बताया गया है। नोटिस में बताया गया है कि जनहित में इस हिस्से को यथावत रखना संभव नहीं है।

नाले के पास से निकलने को मजबूर हो रहे श्रद्धालु

उज्जैन में महाकाल मंदिर के सामने गंदगी, व्यवस्था प्रभावित

बैरिकेडिंग और अधूरे निर्माण के चलते हो रही परेशानी

हेरिटेज होटल सम्राट विक्रमादित्य के यात्री परेशान, विस्तार कार्य भी धीमा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाकालेश्वर मंदिर के ठीक सामने खुले में गंदा नाला बह रहा है। बैरिकेडिंग तोड़कर श्रद्धालुओं ने आसान पहुंच के लिए अपना संकरा और मुश्किल ही सही मगर रास्ता बना लिया है। धार्मिक-पर्यटन और सबसे स्वच्छ नगरी के तमगे से नवाजी गई ह्यउज्जैनह्ल के लिए यह स्थिति ठीक नहीं है।

मौके के हालात बताते हैं कि मार्ग चौड़ीकरण कार्य के दौरान सड़क किनारे नाले का निर्माण अधूरा छोड़ दिए जाने से चारों तरफ कीचड़, गंदा पानी और गंदगी फैली हुई है। मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को अपने बैग और सामान लेकर बैरिकेड्स के किनारे बनी संकरी जगह से बचते-बचाते निकलना पड़ रहा है। कई जगह लोग लोहे के गिरे हुए बैरिकेड्स और लकड़ी के पटियों के सहारे नाले को पार करने पर मजबूर हैं।

महाकाल से हरसिद्धि मार्ग बंद, यातायात और दर्शन व्यवस्था प्रभावित

निर्माण कार्य और इस अव्यवस्था के चलते महाकाल मंदिर से प्रसिद्ध मां हरसिद्धि मंदिर को जोड़ने वाले प्रमुख मार्ग को पूरी तरह बंद कर दिया गया है। इस मार्ग के बंद होने से न केवल श्रद्धालुओं का पैदल आवागमन प्रभावित हुआ है, बल्कि आसपास के क्षेत्र की पूरी यातायात व्यवस्था भी चरमरा गई है। श्रद्धालुओं को हरसिद्धि मंदिर दर्शन के लिए जाने हेतु लंबे और संकरे वैकल्पिक रास्तों से होकर चक्कर काटना पड़ रहा है।

हेरिटेज होटल सम्राट विक्रमादित्य के यात्री परेशान, विस्तार कार्य भी धीमा

मार्ग अवरुद्ध होने का सबसे बड़ा प्रतिकूल प्रभाव पर्यटन क्षेत्र पर देखने को मिल रहा है। मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा संचालित हेरिटेज होटल "सम्राट विक्रमादित्य" की आवाजाही पूरी तरह बाधित हो गई है। इतना ही नहीं, होटल सम्राट विक्रमादित्य के विस्तार का कार्य भी मार्ग बंद होने और बुनियादी ढांचे के निर्माण में हो रही देरी के कारण बेहद धीमा पड़ गया है। निर्माण सामग्री और गाड़ियों के न पहुंच पाने से विस्तार परियोजना समय-सीमा से पिछड़ती दिख रही है।



कई जगह गिरे हुए बैरिकेड्स और लकड़ी के पटियों के सहारे नाले को पार करने पर मजबूर हैं। बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के लिए इस रास्ते से गुजरना जोखिम भरा साबित हो रहा है। स्थिति इतनी विकट हो जाती है कि धक्का-मुक्की और श्रद्धालुओं के नाले में गिरने की आशंका लगातार बनी रहती है।

अफसरों पर भड़के महापौर, बोले सरकार की छवि खराब हो रही

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर में विकास कार्यों की फाइलें दफ्तरों में अटकी हैं और जनता परेशान हो रही है। अफसर कागजों में उलझे हैं, जिसका खामियाजा सरकार की छवि को भुगतना पड़ रहा है। गुरुवार सुबह सुदामा नगर सेक्टर-डी के औचक निरीक्षण पर पहुंचे महापौर पुष्यमित्र भार्गव का अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने दो टूक कहा आप लोग कागज-कागज खेलते रहते हो और यहां जनता परेशान होती रहती है। आपके कारण सरकार की छवि खराब होती है।

महापौर अपने नियमित सुबह के दौरे के दौरान स्थानीय पार्षद जीतू राठौर के साथ क्षेत्र में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों का जायजा लिया क्षेत्र में हो रहे ड्रेनेज लाइन के काम में ठेकेदार की लापरवाही की शिकायतें सामने आईं। वहीं, ए सेक्टर के बगीचे की बाउंड्रीवॉल का टेंडर होने के बावजूद वर्कऑर्डर की फाइल लंबे समय से अटकी होने का मामला भी सामने आया। बाउंड्रीवॉल के मामले में नाराजगी जाहिर करते हुए महापौर ने मौके पर ही संबंधित फाइल और अपर अयुक्त श्रृंगार श्रीवास्तव सहित अधिकारियों को बुलवाकर जवाब तलब किया। महापौर ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जब काम होना ही नहीं था, तो उसका प्रस्ताव कैसे बन गया? टेंडर किस आधार पर हुआ और वर्कऑर्डर तक प्रक्रिया कैसे पहुंची?

रजिस्ट्री दफ्तर में गजब का फजीर्वाड़ा देखने को मिला है

90 साल पहले जिनका निधन हुआ, उनके नाम से रजिस्ट्री कराने पहुंचा 57 वर्ष का बहरूपिया!

आपत्ति के बाद रजिस्ट्री निरस्त कर पुलिस के सुपुर्द किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

लगभग 90 वर्ष पूर्व दादा की मृत्यु हो गई। उनके नाम की ढाई बीघा जमीन को लेकर एक व्यक्ति कुछ दलालों के माध्यम से रजिस्ट्री करने कार्यालय पहुंच गया। स्लॉट भी बुक हो गया। पोते की आपत्ति पर रजिस्ट्रार ने रजिस्ट्री रोक, जांच की तो रजिस्ट्री करने वाला प्रथम दृष्ट्या फर्जी होने से उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

पाल्याकलां स्थित भूमि सर्वे नंबर 198 रकबा 0.5850 हेक्टेयर मूलचंद पुत्र भुवान निवासी पाल्याकलां के नाम से दर्ज है। इसका आधिपत्य भी मूलचंद के पोते कैलाश व उसके भाई सुरेश के पास है। मूलचंद का निधन लगभग 90 वर्ष पूर्व हो चुका है। 57 वर्षीय मूलचंद पुत्र भुवान नामक व्यक्ति निवासी थाना तालोद गांव नयाखेड़ा जिला रतलाम, नागदा निवासी यूनुस अली पुत्र कासिम अली निवासी आदिनाथ कालोनी को रजिस्ट्री करने उप पंजीयक कार्यालय लेकर पहुंचा।

भूमि मालिक कैलाश को पूर्व से ही इसकी जानकारी मिल गई तो उन्होंने 24 जुलाई 2026 को आपत्ति लगा दी थी। इसको लेकर उप पंजीयक संतोष कटलाना ने रजिस्ट्री निरस्त कर रजिस्ट्री करने आए मूलचंद को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस थाने में रजिस्ट्री करने वाले को ले गए तो एक और मामला सामने आया। उक्त भूमि अपनी बताकर मूलचंद ने फिरोज नामक व्यक्ति से पांच लाख रुपये बयाना ले लिए थे और यूनुस अली को रजिस्ट्री करने आया था।

बिरलाग्राम थाना प्रभारी जितेंद्र पाटीदार ने बताया कि सभी पक्षों को थाने बुलाया है। इनके दस्तावेज देखने के बाद सही मालिक कौन है, इसकी जांच की जाएगी। फर्जी रजिस्ट्री करने आए, इसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को लेकर ऑटो चालकों में खींचतान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

रेलवे स्टेशन के बाहर उतरते ही यदि यात्रियों का सामना ऑटो चालकों की चिल्ला-पुकार, सवारी को अपने वाहन में बैठाने की प्रतिस्पर्धा और किराए को लेकर असमंजस से हो, तो शहर की व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

रेलवे स्टेशन किसी भी शहर का प्रमुख प्रवेश द्वार होता है। दूसरे शहरों से आने वाले यात्री, परिवार, बुजुर्ग और महिलाएं स्टेशन से बाहर निकलते ही अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए ऑटो रिक्शा का सहारा लेते हैं। ऐसे में उन्हें सहज, सुरक्षित और पारदर्शी परिवहन सुविधा मिलना प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। लेकिन यात्रियों को लेकर ऑटो चालकों के बीच होने वाली खींचतान और आवाज लगाकर सवारी बुलाने की स्थिति कई बार यात्रियों के लिए असुविधाजनक बन जाती है। सवाल यह है कि ऑटो रिक्शा का संचालन मीटर आधारित क्यों नहीं हो सकता? इससे न यात्री को किराए को लेकर मोलभाव करना पड़ेगा और न ही बाहर से आने वाले व्यक्ति को यह आशंका रहेगी कि उससे अधिक पैसे मांगे जा रहे हैं। यदि किसी मार्ग पर मीटर आधारित व्यवस्था लागू करने में व्यावहारिक कठिनाइयां हैं, तो प्रशासन निर्धारित किराया सूची, डिजिटल किराया प्रणाली या प्रीपेड ऑटो काउंटर जैसी वैकल्पिक व्यवस्था लागू कर सकता है। उद्देश्य स्पष्ट होना चाहिए ।

बढ़ती लापरवाही को लेकर रिकॉर्ड पर लिया एनएचएआई का आश्वासन

हाईकोर्ट का आदेश, 3 माह में गड्ढा मुक्त होंगे राष्ट्रीय राजमार्ग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने राष्ट्रीय राजमार्गों की जर्जर स्थिति, गड्ढों, क्षतिग्रस्त पुलों और जल निकासी की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए बड़ा आदेश जारी किया है। न्यायालय ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के उस आश्वासन को अपने रिकॉर्ड पर लिया है, जिसमें प्राधिकरण ने तीन महीने के भीतर सभी राष्ट्रीय राजमार्गों को गड्ढा मुक्त करने और संबद्ध बुनियादी ढांचे की मरम्मत पूरी करने का दावा किया है।

इस अवधि में सड़कों के गड्ढे भरने के साथ-साथ असमान सतहों को ठीक करना, पुलियों और नालों की मरम्मत, और बंद जल निकासी प्रणालियों को साफ करना शामिल है।

इस आश्वासन के बाद अदालत ने मामले की अगली सुनवाई तीन महीने बाद तय की है। राष्ट्रीय राजमार्गों की बदहाली और देखरेख में बढ़ती लापरवाही को लेकर मातृ फाउंडेशन नाम की संस्था ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ता ने सड़कों पर बने खतरनाक गड्ढों के साथ-साथ उबड़-खाबड़ रास्तों, जाम पड़ी नालियों, टूटी हुई पुलियाओं और जर्जर पुलों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था। याचिका में कहा गया कि सही रखरखाव न होने से वाहन चालकों की सुरक्षा खतरे में पड़ रही है और नियमित रूप से हादसे हो रहे हैं। अदालत का ध्यान सड़कों की खराब जल निकासी व्यवस्था की ओर भी आकर्षित किया गया, जिससे बारिश के दौरान स्थिति और अधिक बिगड़ जाती है।

न्यायालय में पक्षकारों की दलीलें

मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रवि मलिमठ और जस्टिस अनिल वर्मा की दो सदस्यीय पीठ के समक्ष इस मामले की विस्तृत सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता संस्था मातृ फाउंडेशन की ओर से अधिवक्ता अमेय बजाज ने पक्ष रखते हुए राजमार्गों की दयनीय दशा से पीठ को अवगत कराया। वहीं राज्य सरकार की ओर से शासकीय अधिवक्ता भुवन गौतम अदालत में उपस्थित हुए। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की तरफ से अधिवक्ता अनिता शर्मा ने अपना पक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने अदालत को विश्वास दिलाया कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर मौजूद गड्ढों, उबड़-खाबड़ सड़कों, अवरुद्ध नालियों, क्षतिग्रस्त पुलियाओं और टूटे पुलों की मरम्मत का काम अगले तीन महीने के भीतर हर हाल में पूरा कर लिया जाएगा।

तीन महीने की तय समय सीमा

अदालत ने प्राधिकरण के इस बयान को आधिकारिक रिकॉर्ड पर दर्ज करते हुए अगली कार्यवाही तीन महीने बाद निर्धारित कर दी। अब तय समय सीमा के भीतर सड़कों और उससे जुड़े बुनियादी ढांचे की सभी समस्याओं को दुरुस्त करने का उत्तरदायित्व प्राधिकरण पर रहेगा। निर्धारित अवधि समाप्त होने के बाद जब तीन महीने बाद मामले की अगली सुनवाई होगी, तब अदालत के समक्ष इस बात की समीक्षा की जाएगी कि दिए गए आश्वासन पर कितना अमल हुआ है और धरातल पर सड़कों व पुल-पुलियाओं की स्थिति में कितना सुधार आया है।



अर्बन ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0

मुख्यमंत्री की उपस्थिति में भव्य समारोह में हुआ समझौता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर/उज्जैन

मध्य प्रदेश अर्बन ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0 के भव्य समारोह में मुख्यमंत्री की उपस्थिति में उज्जैन विकास प्राधिकरण (वउअ) की और से प्राधिकरण अध्यक्ष रवि सोलंकी एवं सीईओ संदीप सोनी एवं इंडियन ओवरसीज बैंक की तरफ से हरि रमन मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक के मध्य मध्य सिंहस्थ महापर्व-2028 के दृष्टिगत उज्जैन के प्रमुख मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों के विकास हेतु 643.39 करोड़ के टर्म लोन के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए और एमओयू का औपचारिक आदान-प्रदान किया।

उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा सिंहस्थ महापर्व-2028 के पूर्व उज्जैन के प्रमुख मंदिरों, धार्मिक स्थलों एवं संबंधित आधारभूत सुविधाओं के समग्र विकास के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है। इस कार्ययोजना का उद्देश्य श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाओं का विकास करना, दर्शन व्यवस्था को सुगम बनाना, आवागमन एवं पार्किंग सुविधाओं का विस्तार करना तथा उज्जैन की धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहित करना है। 11 प्रमुख परियोजनाओं के माध्यम से होगा धार्मिक स्थलों का समग्र विकास-उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा सिंहस्थ महापर्व-2028 को ध्यान में रखते हुए 11 प्रमुख विकास परियोजनाएँ प्रस्तावित की गई हैं। इन परियोजनाओं के माध्यम से शहर के प्रमुख मंदिरों, धार्मिक स्थलों एवं अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जाना प्रस्तावित है।इन परियोजनाओं के अंतर्गत मंदिर परिसरों का विकास, पार्किंग सुविधाओं का विस्तार तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का विकास किया जाना प्रस्तावित है।

न्यूज कालम



बाइक सवार दंपतियों का स्वागत कर यातायात प्रभारी ने हेलमेट पहनने की शपथ दिलवाई

जावरा । करवा चौथ को लेकर बाजारों में चल रही महिलाओं द्वारा खरीदारी का सिलसिला तेज गति से चल रहा ।शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र में पूजन सामग्री की दुकानों से ग्राहकों की आवाजाही बढी है ।इसको लेकर यातायात पुलिस भी क्षेत्र में सक्रिय होकर व्यवस्था को सुचारू बनाए हुए हैं। इसी दौरान यातायात थाना प्रभारी रवि वर्मा ने अपनी टीम के साथ मोटरसाइकिल से गुजर रहे दंपति को रोक कर इनका पुष्प वालों से स्वागत किया तथा हेलमेट पहन कर चलने की समझाइए दी ।थाना प्रभारी वर्मा ने गुरुवार को भीड़ भरे घंटाघर चौराहा पर कई दंपतियों को रोककर पहले पुष्प मालाओं से स्वागत किया फिर शपथ भी दिलवाई की दुर्घटना से बचने के लिए हेलमेट पहन कर ही मोटरसाइकिल से चलेंगे ।गुजरने वाले मोटरसाइकिल सवार के साथ में पत्नी को भी हिदायत दी गई कि वह पति को हेलमेट पहन कर चलने को कहे। इससे दंपति की यात्रा सुरक्षित रहेगी यातायात प्रभारी के प्रयासों की सराहना की जाकर हेलमेट पहनना स्वीकार किया जा रहा। नगर में चहल-पहल होने से इसके पश्चात विभिन्न स्थानों से यातायात को व्यवस्थित किया गया।

इंदौर की पदयात्रा में शामिल होंगे धार ग्रामीण जिले के पांच हजार से अधिक कार्यकर्ता

मनावर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के तहत 30 अक्टूबर को इंदौर में आयोजित विशाल पदयात्रा में भाजपा धार ग्रामीण जिले के 5 हजार से अधिक कार्यकर्ता शामिल होंगे। भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार के नेतृत्व में जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों धरमपुरी, कुक्षी, मनावर और गंधवानी से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता इंदौर पहुंचकर पदयात्रा में सहभागिता करेंगे।

पदयात्रा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देव और केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।भाजपा ग्रामीण धार जिला मीडिया प्रभारी विजय राठौर सिंघाना ने बताया कि पदयात्रा को लेकर जिले में व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। चारों विधानसभा क्षेत्रों से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए पार्टी पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा समन्वय किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 30 अक्टूबर को इंदौर के सुभाष नगर चौराहे पर कार्यकर्ता एकत्रित होंगे। इसके बाद पदयात्रा पाटनीपुरा चौराहे तक निकाली जाएगी। इसमें जिले के भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे।

पश्चिम रेलवे द्वारा कर्णावती एक्सप्रेस का बांद्रा टर्मिनस से/तक अस्थायी परिचालन विस्तारित

मुम्बई। कर्णावती एक्सप्रेस 30 नवंबर,तक मुंबई सेंट्रल की बजाय बांद्रा टर्मिनस से ही प्रारंभ होती रहेगी और वहीं समाप्त होती रहेगी। पश्चिम रेलवे द्वारा मुंबई सेंट्रल में चल रहे यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के कारण ट्रेन संख्या 12933/12934 कर्णावती एक्सप्रेस का मुंबई सेंट्रल के बजाय बांद्रा टर्मिनस से/तक अस्थायी परिचालन विस्तारित करने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ट्रेन संख्या 12933/12934 कर्णावती एक्सप्रेस 30 नवंबर तक मुंबई सेंट्रल के बजाय बांद्रा टर्मिनस से ही प्रारंभ होती रहेगी और वहीं समाप्त होती रहेगी। इसका विवरण निम्नानुसार हैः ट्रेन संख्या 12933 बांद्रा टर्मिनसझवटवा कर्णावती एक्सप्रेस मुंबई सेंट्रल के बजाय बांद्रा टर्मिनस से प्रारंभ होती रहेगी। यह ट्रेन बांद्रा टर्मिनस से 13.55 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 12934 अहमदाबादझबांद्रा टर्मिनस कर्णावती एक्सप्रेस मुंबई सेंट्रल के बजाय बांद्रा टर्मिनस पर ही समाप्त होती रहेगी। यह ट्रेन 12.30 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुँचेगी। बोरीवली और वटवा के बीच ट्रेनों के समय में कोई बदलाव नहीं होगा। यात्रियों से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त परिवर्तनों को ध्यान में रखें और तदनुसार अपनी यात्रा की योजना बनाएं।

टेबल टेनिस प्रतियोगिता में इंटरनेशनल स्कूल, मुंदी की छात्राओं ने जीता सिल्वर मेडल

खंडवा/मुंदी। नर्मदा सहोदय स्कूल्स क्लस्टर, खरगोन द्वारा आयोजित अंतरविद्यालयीन टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन ग्रीन वैली स्कूल, कानापुर में किया गया। इस प्रतियोगिता में रेवोत्तामा इंटरनेशनल स्कूल, मुंदी की अंडर-19 बालिका टेबल टेनिस टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान (रनर-अप) प्राप्त कर सिल्वर मेडल अपने नाम किया। विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्राएँ सुश्री प्रियंशी तोमर, सुश्री दिव्यांशी पटेल एवं सुश्री श्रद्धा मांडलोई ने अपनी खेल प्रतिभा, मेहनत, अनुशासन, समर्पण और उत्कृष्ट टीम भावना का परिचय देते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय के संचालक श्री सीताराम पटेल एवं श्री हुकुम पटेल तथा प्राचार्य श्री भूपेंद्र सिंह पंवार ने छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने छात्राओं की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन, धैर्य और नेतृत्व क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने छात्राओं को भविष्य में भी इसी उत्साह के साथ आगे बढ़ने और नई उपलब्धियाँ हासिल करने के लिए प्रेरित किया। इस सफलता में विद्यालय के खेल शिक्षक श्री योगेश चौहान का मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण भी सराहनीय रहा। विद्यालय प्रबंधन ने उनके समर्पण और मेहनत की प्रशंसा करते हुए उन्हें भी बधाई दी।यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व का विषय है।

मिलावट करने वाले प्रतिष्ठानों के विरूद्ध लगाया 3 लाख 70 हजार रुपये का जुर्माना

बड़वानी। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत मिलावटखारों और अमानक खाद्य पदार्थों का विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों के विरूद्ध अपर कलेक्टर न्यायालय में दर्ज प्रकरणों की सुनवाई की गई। मिलावट पर अंकुश लगाने के लिए अपर कलेक्टर न्यायालय द्वारा दोषियों पर 3 लाख 70 हजार रुपये का जुमार्ना अधिरोपित किया गया। अपर कलेक्टर ने बताया कि जिले में आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा विभाग के द्वारा निरंतर नमूना संग्रहण की कार्यवाही की जायेगी। अतः मिलावटी खाद्य पदार्थों का विक्रय किसी भी स्थिति में जिले में नही किया जाये, अन्यथा नियमानुसार विभिन्न धाराओं में काग्रवाही की जायेगी।

3 नवम्बर को होगा ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण

बड़वानी । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती जयति सिंह की उपस्थिति में 3 नवम्बर को कलेक्टर कार्यालय परिसर बड़वानी में स्थित ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण जनसुनवाई के पश्चात किया जायेगा।

मतदाता सूची में नाम जोड़ने व हटाने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए अभय कोठारी ने मुख्य चुनाव आयुक्त को सुझाव भेजे

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा



मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया को अधिक सरल, पारदर्शी और प्रमाणिक बनाने के लिए अभय कोठारी ने भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त को सुझाव भेजे हैं। उन्होंने मांग की है कि मतदाता सूची को जन्म-मृत्यु पंजीकरण व्यवस्था से जोड़ा जाए, ताकि १८ वर्ष की आयु पूरी करने वाले पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने और मृत मतदाताओं के नाम हटाने की प्रक्रिया आसान हो सके।

कोठारी ने मुख्य चुनाव आयुक्त, भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को संबोधित सुझाव पत्र सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी रतलाम के माध्यम से भेजा है। इसमें उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया को तकनीकी रूप से सरल बनाकर विवादों की आशंका कम की जा सकती है।

कोठारी ने सुझाव दिया कि देश में जन्म लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति का जन्म पंजीकरण शासन के पास उपलब्ध रहता है। ऐसे में जन्म रिकॉर्ड को निर्वाचन आयोग की व्यवस्था से जोड़ने पर 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले पात्र नागरिकों की पहचान करना आसान हो सकता है। इससे कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से वंचित नहीं रहे, इस दिशा में प्रभावी व्यवस्था विकसित की जा सकती है।

उन्होंने निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण नियम, 1860 के नियम 13(1) और 26 का उल्लेख करते हुए कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले नागरिकों के नाम जोड़ने की प्रक्रिया को अधिक सुविधाजनक बनाया जाना चाहिए। हालांकि, उन्होंने यह भी माना कि नाम जोड़ने के लिए संबंधित नागरिक की पहल आवश्यक हो सकती है, लेकिन जन्म पंजीकरण का रिकॉर्ड इस प्रक्रिया का आधार बन सकता है।

सुझाव में कहा गया है कि किसी मतदाता की मृत्यु होने पर जन्म-मृत्यु पंजीकरण विभाग में उसका रिकॉर्ड दर्ज किया जाता है। यदि यह जानकारी निर्वाचन आयोग तक स्वतः पहुंचने की व्यवस्था हो जाए, तो मृत मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने में आसानी होगी। इससे सूची को अद्यतन रखने में मदद मिलेगी और मृत व्यक्तियों के नाम लंबे समय तक मतदाता सूची में बने रहने की समस्या कम हो सकती है।

कोठारी ने जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969 तथा 11 अगस्त 2023 के संशोधन का उल्लेख करते हुए जन्म और मृत्यु के रिकॉर्ड को निर्वाचन प्रक्रिया से जोड़ने की आवश्यकता बताई। बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के माध्यम से संबंधित मतदान केंद्र की ऐसी सूचियों का मासिक, त्रैमासिक, अर्धवार्षिक या वार्षिक अंतराल पर प्रकाशन किया जा सकता है। यह व्यवस्था किसी चुनाव की घोषणा या आयोजन पर निर्भर रहने के बजाय लगातार चलने वाली प्रक्रिया का हिस्सा होनी चाहिए, ताकि मतदाता सूची में आवश्यक सुधार समय पर किए जा सकें।

कोठारी ने स्पष्ट किया कि मतदाता के स्थान परिवर्तन की स्थिति में निर्वाचन आयोग के मौजूदा नियमों के अनुसार फॉर्म-6, फॉर्म-7 और फॉर्म-8 की प्रक्रिया प्रभावी रह सकती है। उनके सुझाव का मुख्य उद्देश्य नए पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने और मृत मतदाताओं के नाम हटाने की प्रक्रिया को अधिक व्यवस्थित बनाना है।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि इन सुझावों पर विचार करने से मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया अधिक प्रमाणिक, सरल और प्रभावी बन सकेगी। इससे पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करने तथा मृत मतदाताओं के नाम हटाने में निर्वाचन आयोग को भी सहायता मिलेगी।



तीन कबड्डी खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय, पान सेमल के तीन प्रतिभावान कबड्डी खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। इस उपलब्धि से महाविद्यालय सहित पानसेमल क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर के अनुसार पीजी कॉलेज सेंधवा में संभाग स्तरीय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें अलीराजपुर, बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर और खंडवा जिलों की टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खरगोन और बड़वानी जिले की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें बड़वानी जिले की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 अंकों से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया।

प्रतियोगिता के बाद सूर्य क्रांति टंट्या भील विश्वविद्यालय की टीम तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया। इसमें पानसेमल महाविद्यालय के रिकेश राठौर, मनोज पवार और यस बरडे ने अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के दम पर स्थान हासिल किया। अब ये तीनों खिलाड़ी सागर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खरगोन विश्व विद्यालय की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों की इस सफलता पर विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्याम बरडे, जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री सचिन चौहान, समिति के सदस्यों तथा महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. संगीता भंडारी ने हर्ष व्यक्त किया।

विधायक मेव ने विधानसभा में याचिका एवं अभ्यावेदन समिति की बैठक में सहभागिता की



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर

भोपाल प्रवास के दौरान महेश्वर विधानसभा क्षेत्र के सनातनी विधायक राजकुमार मेव ने मध्यप्रदेश विधानसभा में याचिका एवं अभ्यावेदन समिति की महत्वपूर्ण बैठक में सहभागिता की। बैठक में उन्होंने जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किए।

इस दौरान क्षेत्र की जनता से जुड़ी समस्याओं और उनके निराकरण के लिए आवश्यक प्रयासों को लेकर भी चर्चा की। इसके साथ ही विधायक राजकुमार मेव विधानसभा सदस्यों के लिए आयोजित ई-विधान प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर भी शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने ई-विधान प्रणाली की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की। इस प्रणाली के माध्यम से विधानसभा की कार्यवाही को डिजिटल बनाने, कागजी प्रक्रिया को कम करने तथा सदन की कार्यप्रणाली को अधिक सरल, पारदर्शी और प्रभावी बनाने के विभिन्न पहलुओं से अवगत हुए।

भोपाल स्थित समत्व भवन में विधायक राजकुमार मेव ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आत्मीय भेंट कर महेश्वर विधानसभा क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।

इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने, शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने तथा विभिन्न बुनियादी विकास कार्यों को गति देने के संबंध में मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित किया। साथ ही क्षेत्र की जनआकांक्षाओं, जनसुविधाओं के विस्तार और सर्वांगीण विकास से जुड़े विषयों पर सार्थक चर्चा की।विधायक मेव ने क्षेत्र के विकास और जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

ग्राम दहीहांडी मार्ग पर 4.76 करोड़ से बनेगा उच्चस्तरीय पुल-अर्चना चिटनिस

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस के प्रयासों से ग्राम दहीहांडी से ग्राम बड़सिंगी को जोड़ने वाले शाहपुर-संग्रामपुर मार्ग पर 60 मीटर लंबे उच्चस्तरीय पुल के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

क्षेत्र के किसानों एवं ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग के समाधान के लिए पुल निर्माण हेतु 476.52 लाख रुपये (लगभग 4.76 करोड़) की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद निर्माण कार्य का वर्क ऑर्डर भी जारी हो चुका है।

दहीहांडी से बड़सिंगी को जोड़ने वाले मार्ग पर बारिश के दौरान पानी भर जाने एवं बाढ़ का पानी आने से आवागमन बाधित हो जाता था। इसका सबसे अधिक असर किसानों पर पड़ता था। खेतों से तैयार फसल बाहर निकालने और उसे बाजार एवं मंडी तक पहुंचाने में परेशानी होती थी। ग्रामीणों को भी दैनिक आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।

क्षेत्र की इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए अर्चना चिटनिस ने पुल निर्माण के लिए संबंधित स्तर पर प्रभावी पहल की। उनके प्रयासों से परियोजना को प्रशासकीय स्वीकृति मिली और टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्माण कार्य का वर्क ऑर्डर भी जारी हो गया है।

पुल बनने से वर्षाकाल में आवागमन होगा सुगम

शाहपुर-संग्रामपुर मार्ग पर दहीहांडी के समीप बनने वाला 60 मीटर लंबा उच्चस्तरीय पुल वर्षाकाल में आवागमन बाधित होने की समस्या से राहत दिलाने में सहायक होगा। इससे किसानों को कृषि उपज के परिवहन में सुविधा मिलेगी और दहीहांडी, बड़सिंगी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की संपर्क व्यवस्था मजबूत होगी। अर्चना चिटनिस ने पुल निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान करने एवं कार्य को आगे बढ़ाने में सहयोग के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल के प्रति आभार व्यक्त किया।



जिला स्तरीय युवा महोत्सव में अवार्चीन इंडिया स्कूल का परचम

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

प्रतिभा, रचनात्मकता और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति के संगम जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2026-27 में अवार्चीन इंडिया स्कूल ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। गोविंदजीवाला ऑडिटोरियम में आयोजित इस महोत्सव में जिले के प्रमुख विद्यालयों ने सहभागिता की।

युवा महोत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी कला और रचनात्मक क्षमताओं के प्रदर्शन के लिए मंच प्रदान करना है। महोत्सव के अंतर्गत लोक नृत्य, लोकगीत, चित्रकला, नुक्कड़ नाटक और कविता लेखन जैसी स्पधाएं आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक विरासत और कलात्मक अभिरुचि को प्रस्तुत करने का अवसर मिला। इस आयोजन में अवार्चीन इंडिया स्कूल के साथ सेंट थेरेसा हायर सेकेंडरी स्कूल, एम.के. मेमोरियल स्कूल, पीएम श्री सावित्रीबाई फुले हायर सेकेंडरी स्कूल तथा सेवा सदन हायर सेकेंडरी स्कूल सहित जिले के प्रमुख विद्यालयों ने भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच अवार्चीन इंडिया स्कूल ने प्रथम पुरस्कार हासिल कर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई।



रोजगार प्राप्ति में तकनीकी कौशल और एआई की भूमिका पर व्याख्यान आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

वर्तमान समय में रोजगार प्राप्त करने के लिए पारंपरिक शैक्षणिक योग्यता के साथ तकनीकी कौशल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का ज्ञान भी आवश्यक हो गया है। विद्यार्थियों को बदलते रोजगार परिदृश्य, तकनीकी विकास और भविष्य की संभावनाओं से परिचित कराने के उद्देश्य से शासकीय आदर्श महाविद्यालय, बड़वानी में चोजगार प्राप्ति में तकनीकी कौशल और एआई की भूमिकाज विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रमोद पंडित का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। डॉ.पंडित ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगार के बदलते स्वरूप से अवगत कराना तथा उन्हें तकनीकी रूप से दक्ष बनकर रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करना था।

अपने व्याख्यान में तकनीकी कौशल के महत्व, डिजिटल साधनों के उपयोग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की उपयोगिता तथा रोजगार के विभिन्न क्षेत्रों में इसके बढ़ते प्रभाव पर चर्चा की।

वर्तमान डिजिटल युग में कंप्यूटर ज्ञान, इंटरनेट का प्रभावी उपयोग, डिजिटल संचार, डेटा विश्लेषण और समस्या समाधान जैसे कौशल युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डॉ.पाटीदार ने एआई तकनीक से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, बैंकिंग, विपणन, संचार और प्रशासन सहित अनेक क्षेत्रों में कार्य करने के तरीकों से अवगत कराया है।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती जयति सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए लोक हित में तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से प्रतिबंधनात्मक पटाखा, आतिशबाजी, लोहा स्टील अथवा पीवीसी पाइपों में विस्फोटक पदार्थ भरकर अत्यधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले अवैध संशोधित पटाखे (कार्बाइड गन) तैयार कर विक्रय करने, हिंगोट में विस्फोटक पदार्थ भरकर चलाने से जन सामान्य को गंभीर चोट लगने तथा जन-धन हानि होने की पूर्ण संभावना के संबंध में प्रतिबंधनात्मक आदेश 2 माह की अवधि के लिए जारी किया है। आदेश में उल्लेखित किया गया है कि

कोई भी व्यक्ति / संस्थाएँ व्यापारी प्रतिबंधनात्मक पटाखा, अतिशबाजी, लोहा स्टील अथवा पीवीसी पाइपों में विस्फोटक पदार्थ भरकर अत्यधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले अवैध संशोधित पटाखे (कार्बाइड गन) का निर्माण, भण्डारण, विक्रय नहीं करेगा और न ही क्रय करेगा।

किसी भी प्रकार के अवैध प्रतिबंधात्मक पटाखा, अतिशबाजी, लोहा स्टील अथवा पीवीसी पाइपों में विस्फोटक पदार्थ भरकर अत्यधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले अवैध संशोधित पटाखे (कार्बाइड गन) की बिक्री, वितरण या प्रदर्शन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। हिंगोट में विस्फोटक पदार्थ भरकर निर्माण किया जाना, उसका क्रय-विक्रय, विस्फोटक संग्रहण तथा चलाना आदि, विस्फोटक अधिनियम के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है। उपरोक्त स्थिति को रोकने हेतु सम्पूर्ण बड़ानी जिले में हिंगोट के निर्माण, संग्रहण, क्रय-विक्रय एवं चलाने पर तत्काल प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। कोई भी व्यक्ति यदि हिंगोट निर्माण, भण्डारण, क्रय-विक्रय तथा उसका उपयोग करते अथवा चलाते पाया गया या अवैधानिक रूप से विस्फोटक पदार्थ का संग्रहण करते पाया गया तो उसके विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी।

मकान से नकदी और सोने-चांदी के आभूषण चोरी करने का आरोप, साथी की तलाश जारी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुनासा चौकी पुलिस ने नकबजनी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 9 हजार रुपये नकद बरामद किए तथा वारदात में प्रयुक्त करीब 80 हजार रुपये कीमत की मोटरसाइकिल जब्त की है। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (देहात) गजेंद्र सिंह कंवर एवं एसडीओपी मूंदी दिव्या झारिया के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई।

पुलिस के अनुसार, खुटला कला निवासी गजेंद्र सिंह तोमर ने 19 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 18 अक्टूबर को परिवार सहित घर से बाहर जाने के बाद अज्ञात व्यक्ति ने पीछे के कमरे की खिड़की तोड़कर अलमारी में रखे 15 हजार रुपये नकद और सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। मामले में पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों की मदद से आरोपी देवेंद्र पिता रामसिंह मोरे (३१), निवासी चांदनीपुरा, सनावद की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी का माल अपने साथी शिव ढोली, निवासी ढोली मोहल्ला, चांदनीपुरा, सनावद को बेचने के लिए देने की बात बताई। पुलिस के अनुसार, दूसरा आरोपी फरार है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय पुनासा में पेश किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक धीरेश धारीवाल, निरीक्षक गणेश पाटीदार, चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक राजेंद्र सयदे, प्रधान आरक्षक अरविंद बालके, की भूमिका रही।

सांसद ने माताजी की स्मृति में छात्रावास भवन का लोकार्पण किया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

:खरगोन बड़वानी लोकसभा सांसद एवं भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री श्री गजेंद्र सिंह पटेल ने अपनी पूज्य माताजी स्व. सुशीलादेवी उमरावसिंह जी पटेल की स्मृति में श्री वाल्मीकि वनवासी आश्रम, बड़वानी के छात्रावास भवन का लोकार्पण किया। बड़वानी नगर में लंबे समय से संचालित यह छात्रावास जनजातीय समाज के जरूरतमंद विद्यार्थियों को आवास एवं भोजन की सुविधा उपलब्ध कराकर उनकी शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री गजेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि देशभर में वनवासी कल्याण परिषद विभिन्न आश्रमों के माध्यम से जनजातीय समाज के उत्थान, शिक्षा और संस्कारों के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा इस परिसर से पुराना आत्मीय संबंध रहा है।

उन्होंने स्मरण करते हुए बताया कि बचपन में वे अपने माता-पिता के साथ यहां आया करते थे, तब परिसर में केवल एक कमरा हुआ करता था। सीमित संसाधनों के बावजूद कार्यकताओं ने घर-घर जाकर अनाज एवं सहयोग एकत्रित किया और सेवा कार्यों को आगे बढ़ाया।

सांसद श्री पटेल ने कहा कि जनजातीय समाज के बच्चों को शिक्षित करना, उन्हें अच्छे संस्कार देना और बेहतर अवसर उपलब्ध कराना हम सभी का दायित्व है। आश्रम में रहकर शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थी आगे चलकर देश के जिम्मेदार, संस्कारवान और राष्ट्रभक्त नागरिक बनें, यही इस सेवा कार्य का उद्देश्य है। कठिन परिस्थितियों में भी समाज के सहयोग से संसाधन जुटाकर सेवा कार्यों को आगे बढ़ाना समर्पण और सामाजिक सहभागिता का उदाहरण है।

न्यूज -कॉलम

बिजली विभाग के कर्मचारियों से मारपीट की गई

उज्जैन। इंगोरिया थाना क्षेत्र के ग्राम खरसोद खुर्द वितरण केंद्र के लाइन स्टाफ के साथ बुधवार को गाली-गलौज और मारपीट की घटना हो गई। बताया जा रहा है कि दोपहर लगभग 3 बजे वितरण केंद्र का लाइन स्टाफ ईश्वरसिंह पूरालाल भिलाला अपने साथी कर्मचारियों के साथ सिंचाई बिल वसूली और टी.सी. की जांच के लिये के लिए फील्ड में गया था। इस दौरान एक खेत पर जांच के दौरान अर्जुन पंड्या, श्याम पंड्या और तीन महिलाओं द्वारा लाइन स्टाफ के साथ गाली-गलौज की गई। बिजली कर्मचारी ईश्वरसिंह ने नियमानुसार स्टार्टर जब्त करने की बात कही, तो विवाद बड गया और पंड्या परिवार ने मारपीट शुरू कर दी। कुछ ग्रामीणों ने हस्तक्षेप कर मामला शांत किया। घटना के बाद कर्मचारियों मामले की शिकायत दर्ज कराने इंगोरिया थाने पहुंचे। कर्मचारियों के साथ मारपीट की खबर लगते ही खरसोद खुर्द बिजली वितरण केंद्र का स्टाफ भी थाने पर एकत्रित गया था। उन्होने सुरक्षा और उचित कार्रवाई की मांग रखी। पुलिस ने मामले में मारपीट करने वालों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया। बताया जा रहा है कि कर्मचारियों से हुई मारपीट का पता चलने पर बडनगर बिजली केन्द्र के अधिकारी भी इंगोरिया आ गये थे।

हत्या में शामिल 3 आरोपियों का निकाला जुलूस



उज्जैन। माकडोन के ग्राम भरियाखेडी में 25 अक्टूबर की रात खेत हांकने और रास्ते को लेकर हुये विवाद में जीवन पिता रामकिशन शर्मा 40 साल की राजाराम उर्फ नंदकिशोर पिता बाबूलाल शर्मा, कृष्णपाल पिता राजाराम उर्फ नंदकिशोर शर्मा और वीरेंद्र पिता राजाराम उर्फ नंदकिशोर शर्मा ने लोहे की रॉड और डंडे से हमला कर हत्या कर दी थी। मामले में पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर 27 अक्टूबर को तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। जिन्हे 28 अक्टूबर को कोर्ट में पेश कर 2 दिनों की रिमांड पर लिया गया था। गुरूवार को तीनों का गांव में जुलूस निकाला गया। विदित हो कि हत्या से चार दिन पहले दशहरा पर्व में मृतक परिवार और आरोपी परिवार का विवाद हुआ था। उस दौरान दोनों पक्षों में राजीनामा हो गया था, बावजूद एक पक्ष ने हत्या को अंजाम दिया था। थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत ने बताया कि हत्या में एक आरोपी बाबूलाल पिता स्वर्गीय कन्हैयालाल शर्मा फरार है। जिसकी तलाश जारी है। गिरफ्तार तीनों आरोपियों का शुक्रवार को रिमांड खत्म होने पर न्यायालय में पेश किया जायेगा।

ग्रामीण ने शराब के साथ कीटनाशक मिलाकर पिया

उज्जैन। झारडा के ग्राम काचरिया में रहने वाले तेजूलाल पिता किशनलाल 45 साल ने बुधवार को शराब के साथ मिलकर कीटनाशक पी लिया था। हालत बिगडने पर परिजन उसे उपचार के लिये उज्जैन लेकर आये थे। रात में तेजूलाल की मौत हो गई। गुरूवार सुबह पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान भाई दयाराम ने बताया कि तेजूलाल मजदूरी करता था उसके 2 बच्चे है। 5 साल पहले पत्नी छोडकर चली गई थी, उसके बाद अधिक शराब पीने लगा था। पुलिस के अनुसार परिजनों के बयान दर्ज कर कीटनाशक पीकर जाने देने की वजह का पता लगाया जायेगा।

बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

उज्जैन। घट्टिया तहसील के ग्राम बिहारिया में रहने वाले गोकुल पिता रघुनाथ सेन 40 साल को बुधवार शाम जीरो पाइंट के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। गंभीर घायल होने पर गोकुल को उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। जहां देर शाम उसकी मौत हो गई। गुरूवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा। इस दौरान सामने आया कि गोकुल गांव में हेयर सेलून की दुकान चलाता था और एक बच्चे का पिता था। शाम को बाइक से गैस की टंकी लेने जा रहा था उसी दौरान दुर्घटना हुई। घट्टिया पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम किया गया है। दुर्घटनास्थल के आसपास लगे कैमरों के फुटेज देख टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगाया जायेगा।

दिन	130-4	558-8
मेन बाजार	247-3	234-9
कल्याण नाइट	678-1	139-3
मिलन डे	357-5	145-0
मिलन नाइट	266-4	357-5
मधुर डे	113-5	179-7
मधुर नाइट	790-6	269-7
शुभांक	7 4	1

रिमांड पर मादक पदार्थ के साथ हिरासत में आये युवक.....

एक के पास मिली एमडी ड्रग्स तो दूसरे के पास स्मैक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



धार्मिक नगरी को नशा मुक्त बनाने के अभियान में एक बार फिर 2 युवकों को हिरासत में लिया गया है। एक के पास से एमडी ड्रग्स बरामद हुई तो दूसरे के पास से स्मैक मिली है। दोनों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

बड़नगर थाना पुलिस द्वारा बुधवार रात कस्बे में वाहन चैकिंग का पाइंट लगाया गया था। रूनिजा की ओर से बाइक सवार आया। उसने पुलिस को चैकिंग करते देखा तो भागने का प्रयास किया। उसकी बाइक पर नम्बर प्लेट नहीं थी, पुलिस टीम ने उसे भागते देखा तो पीछा कर हिरासत में लिया। उससे बाइक के दस्तावेज मांगे गये, नहीं होने पर तलाशी ली गई तो उसके पास से 15 ग्राम स्मैक बरामद हो गई। थाने लाकर पूछताछ करने पर उसने अपना नाम नासिर पिता जाकिर हुसैन नटराज टॉकिज बड़नगर बताया। एसआई सुनील परमार ने बताया कि बरामद स्मैक की कीमत डेढ़ लाख रूपये सामने आई है। मामले में एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर गुरूवार को न्यायालय में पेश किया गया था, जहां से 2 दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। आरोपी का अपराधिक रिकार्ड खंगालने पर पूर्व में भी 4 प्रकरण दर्ज होना सामने आये है।

नीलगंगा पुलिस ने जप्त की 17 ग्राम ड्रग्स-जिले में चलाये जा रहे एंटी नारकोटिक्स अभियान में नीलगंगा थाना पुलिस द्वारा बुधवार को मुखबीर की सूचना पर सांवराखेडी पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास से कालू उर्फ करण पिता राकेश जगदेव निवासी राजीव रत्न कालोनी को हिरासत में लिया। उसके पास से 17.25 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई। एसआई यादवेन्द्र परिहार ने बताया कि ड्रग्स डेढ़ लाख कीमत की है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी 8 प्रकरण दर्ज है। गुरूवार को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।

57 आरोपियों पर घोषित हुआ इनाम

मादक पदार्थ तस्करी में शामिल 57 आरोपियों के खिलाफ गुरूवार को पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा द्वारा 10-10 हजार का इनाम घोषित किया गया है। जिले में पुलिस ने पिछले 26 सालों में 40 प्रकरण दर्ज किये थे। आरोपी जमानत मिलने के बाद फरार हो गये थे। जिनके खिलाफ न्यायायल से वारंट जारी हो चुके है। पुलिस के लगातार प्रयासों के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पा रही है। पुलिस अधीक्षक द्वारा फरार आरोपियों की सूचना देने वाले का नाम गुप्त कर इनाम देने की घोषणा की है।

पारिवारिक विवाद में 2 महिलाओं ने लगाई फांसी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



पारिवारिक विवाद में बुधवार-गुरूवार के बीच गुजरे 12 घंटे में 2 महिलाओं ने फांसी लगाकर अपने जीवन का अंत कर लिया। दोनों मामलों में पति पर आरोप लगे है। जिसकी जांच परिजनों के बयान दर्ज कर शुरू की जायेगी।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के सम्राटनगर में बुधवार रात सुनीता प्रजापत 42 साल ने पति परवेज खान से विवाद होने के बाद कमरे का दरवाजा बंद कर लिया था। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला तो पुत्र कुंदन ने प्रयास किया। अंदर से जवाब नहीं मिलने पर पुत्र छत पर चढ़ा और झांका तो मां को फंदे पर लटका देखा। पुत्र ने छत से कूदकर दरवाजा खोला और फंदे से मां को उतारकर अस्पताल लाया। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर पुलिस को सूचना दी। गुरूवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान पुत्र ने बताया कि मां का मायका जयसिंहपुरा में है। मां की शादी मंदसौर में हुई थी। 10 साल पहले वह विवाद के चलते उज्जैन आ गई थी और परवेज से पहचान होने पर शादी कर ली थी। दोनों के बीच आये दिन विवाद होता था रात में विवाद के बाद मां ने दरवाजा बंद कर लिया था। पुलिस के अनुसार मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। मायके पक्ष के लोग अस्पताल पहुंच गये थे, लेकिन पति नहीं आया था। सुनीता का शव मायके पक्ष के लोग अंतिम संस्कार के लिये अपने साथ ले गये है। दूसरा मामला चिंतामण थाना क्षेत्र के ग्राम मुंडला सुलेमान का है। यहां रहने वाली खुशबू पति मेहतांश चौधरी 19 साल ने गुरूवार सुबह फांसी लगाकर अपने जीवन का अंत कर लिया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल लाया गया। इस दौरान सामने आया कि खुशबू की शादी सालभर पहले हुई थी। मायके पक्ष से आये परिजनों ने पति पर प्रताडित करने के आरोप लगाये। पुलिस ने मामला नवविवाहिता से जुडा होने पर सीएसपी स्तर के अधिकारी से जांच कराने की बात कहीं है।

युवक भी फंदे पर लटका मिला

चिमनगंज थाना क्षेत्र के विराटनगर में गुरूवार सुबह श्रीराम पिता मांगीलाल मकवाना 21 साल भी रस्सी के फंदे से घर में लटका मिला। श्रीराम अकेला था, सुबह दरवाजा नहीं खुलने पर पडोसियों ने रिश्तेदारों को सूचना दी थी। जिनके आने पर पुलिस की मौजूदगी में दरवाजा तोडा गया। परिजनों ने बताया कि घटना के समय उसकी मां भाई के यहां गई हुई थी। पिता खेत पर बने मकान पर थे। पुलिस के अनुसार आत्महत्या का कारण सामने नहीं आया है। मृतक अविवाहित था।

केंद्रीय जेल में दिखा प्रेम और विश्वास का अनूठा संगम

21 महिला बंदियों ने पतियों के साथ खोला व्रत



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

करवा चौथ का पर्व पति-पत्नी के प्रेम, विश्वास और समर्पण का प्रतीक है। इस पर्व पर केंद्रीय जेल भैरवगढ़ में भी भावनाओं से जुड़ा एक विशेष आयोजन किया गया। जेल में बंद 21 महिला बंदियों ने करवा चौथ का व्रत रखा। शाम को जेल प्रशासन की ओर से महिला बंदियों की उनके बंदी पति से विशेष मुलाकात करवाई गई। बंदी पति-पत्नियों ने साथ बैठकर पूजन किया और पतियों के हाथों पानी पीकर व्रत खोला।

केंद्रीय जेल अधीक्षक मनोज कुमार साहू ने बताया कि करवा चौथ के अवसर पर व्रत रखने वाली महिला बंदियों के लिए जेल के सांस्कृतिक भवन में विशेष मुलाकात की व्यवस्था की गई थी। जेल प्रशासन की ओर से बंदी दंपतियों को पूजन की थाली, पूजन सामग्री, दीपक और करवा (कलश) उपलब्ध कराया गया। इसके बाद विधि-विधान से पूजन-पाठ करवाया गया। करवां चौथ की परंपरा को बिना चांद दिखाये पूरा कराया गया। जेल परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पति-पत्नी को साथ समय बिताने और पर्व की परंपराओं का निर्वहन करने का मौका दिया गया, पतियों के हाथों पानी पीकर व्रत खोलने के दौरान महिला बंदियों के चेहरे पर खुशी नजर आई। इस अवसर पर उप अधीक्षक (प्रशासन) जसमनसिंह डावर, सहायक अधीक्षक सुरेश गोयल सहित जेल स्टाफ उपस्थित रहा।

हिरासत में आया चलती कार में गैंगरेप का मुख्य आरोपी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

चलती कार में युवती के साथ गैंगरेप का मुख्य आरोपी गुरूवार शाम पुलिस की हिरासत में आ गया। पूछताछ में उसके साथी का नाम सामने आया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। मुख्य आरोपी को शुक्रवार दोपहर न्यायालय में पेश किया जायेगा।

नानाखेडा थाने पर 26 अक्टूबर की रात इंदौर की रहने वाली 19 वर्षीय युवती पहुंची थी और अपने साथ चलती कार में 2 युवकों द्वारा गैंगरप करना बताया था। युवती के अनुसार मुख्य आरोपी चक्रेश जैन निवासी जयसिंहपुरा था। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर चक्रेश जैन की तलाश शुरू की थी। 2 दिन बाद गुरूवार शाम चक्रेश को मंदसौर से पुलिस द्वारा हिरासत में ले लिया गया। जिसे देर शाम उज्जैन लाया गया। थाना प्रभारी नरेन्द्र यादव ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में उसके दूसरे साथी का नाम राजेश पंथी सामने आया है। जिसकी तलाश में एक टीम रवाना की गई है। चक्रेश को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया जायेगा।

इंस्टाग्राम पर हुई थी दोनों की दोस्ती

युवती ने शिकायत में बताया था कि चक्रेश से उसकी दोस्ती इंस्टाग्राम पर हुई थी। 26 अक्टूबर को मिलने उज्जैन आई थी। चक्रेश ने मेघदूत होटल के सामने से कार में बैठाया था। उसका एक साथी ओर गया था। दोनों ने चलती कार में उसके साथ गलत काम किया और इंदौर में छोड़कर भाग निकले थे। वह मुंह बोले भाई के साथ आधी रात को उज्जैन लौटी थी और पुलिस को लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण के बाद मामले में प्रकरण दर्ज किया था।

चक्रेश के परिवार ने की जांच की मांग

चक्रेश जैन के खिलाफ दर्ज हुये प्रकरण के बाद उसका परिवार भी युवती की शिकायत लेकर नानाखेड़ा पहुंचा था और ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया था। परिवार का कहना था कि चक्रेश प्रापर्टी का काम करता है। उसे हनी ट्रेप में फंसाया गया है। पुलिस ने परिवार की लिखित शिकायत पर जांच का आश्वासन दिया है।

बदमाशों ने सूना मकान में दिया चोरी को अंजाम

उज्जैन। बदमाशों ने बुधवार-गुरूवार रात सूना मकान देख चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। परिवार इंदौर गया हुआ था। सुबह पडोसी की सूचना पर वापस लौटा। पुलिस सूचना मिलने पर जांच-पडताल के लिये वारदात स्थल पहुंच गई थी।

कानीपुरा मार्ग पर गिरीराज रतन कालोनी में मनीष काले का मकान बना हुआ है। बुधवार को मौसी का निधन होने पर परिवार इंदौर अंतिम संस्कार में शामिल होने चला गया था, मकान सूना पडा था। रात में बदमाशों ने ताला तोडा और चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। सुबह कचरा गाडी आने पर पडोसी बाहर आये तो उन्होने मकान का ताला टूटा देखा, अंदर देखने पर सामान अस्त-व्यस्त पडा था। चोरी की सूचना परिवार को दी गई। कुछ घंटे बाद परिवार के लौटने पर पुलिस जांच-पडताल के लिये मौके पर पहुंची। इस दौरान सामने आया कि ज्यादा सामान चोरी नहीं हुआ है। वाबजूद ताला टूटने और कुछ सामान चोरी होने पर पुलिस ने पडोसी के यहां लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। पडोसी के यहां लगा कैमरा बंद होना सामने आया। पुलिस कालोनी में आने और जाने वाले मार्ग पर लगे कैमरों के फुटेज देख रही है।

लिखित आश्वासन देकर भूले निगम अफसर, वार्ड 4 की एससी-एसटी बस्ती में बदहाली

उज्जैन। नगर निगम अधिकारियों के लिखित आश्वासन के बावजूद वार्ड क्रमांक 4 स्थित एससी-एसटी बस्ती के रहवासी आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। पूर्व में चक्काजाम कर विरोध जताने वाले रहवासियों को अधिकारियों ने जल्द समाधान का भरोसा दिया था, लेकिन हफ्तों बीत जाने के बाद भी धरातल पर कोई काम शुरू नहीं हुआ है।

रहवासियों के उग्र प्रदर्शन के दौरान निगमायुक्त संतोष टैगोर, उपायुक्त पवन सिंह और निगम अधिकारी सुनील जैन ने समस्याओं के शीघ्र निराकरण का लिखित आश्वासन दिया था। इसी भरोसे पर लोगों ने अपना धरना समाप्त किया था। विडंबना यह है कि इसके बाद से अब तक न तो कोई अधिकारी क्षेत्र की सुध लेने पहुंचा और न ही स्थानीय पार्षद ने जनता की तकलीफें जानीं। वर्तमान में बस्ती की हालत यह है कि कई जगह सड़कें खुदी पड़ी हैं। नालियों का निर्माण नहीं होने और नियमित सफाई कर्मचारियों के नहीं आने से क्षेत्र की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। जनता बुनियादी सुविधाओं के अभाव में परेशान है और जिम्मेदार आंखें मूंदे बैठे हैं। अधिकारियों की इस वादाखिलाफी और बेरुखी से रहवासियों में भारी आक्रोश है। लोगों की मांग है कि नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी तत्काल बस्ती का निरीक्षण कर खुदी सड़कों, नालियों और ठप पड़ी सफाई व्यवस्था को दुरुस्त कराएं ताकि उन्हें इस परेशानी से निजात मिल सके।

नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले को 20 साल की सजा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले और फोटो वीडियो वायरल करने की धमकी देने वाले आरोपी को न्यायालय ने 16 माह बाद 20 साल की सजा सुनाई है। आरोपी पर अर्थदंड भी लगाया गया है।

उपनिदेशक अभियोजन राजेन्द्र कुमार खांडेगर ने बताया कि 23 जून 2025 को पीड़िता 15 साल 9 माह की बालिका ने महिदपुर थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी कि वह कक्षा दसवीं तक पढ़ी है। वर्ष 2019 में माता-पिता इंदौर रहने चले गये थे। वह दादा-दादी के साथ रहती थी। कक्षा 9 वीं की पढ़ाई के दौरान 2023 में उसकी पहचान साथ में कोचिंग पड़ने वाले भावेश पिता सोनू योगी से हुई थी। उसके द्वारा पसंद करने की बात कहीं थी। दिसंबर 2023 को घर पर अकेली थी उसी दौरान भावेश आया और कोचिंग संबंधित बात करने के बहाने घर में आ गया। उस दौरान उसने झांसे में लेकर शारीरिक संबंध बना लिये और धमकी दी कि यदि यह बात किसी को बताई तो उसे जान से खत्म कर देगा। उसके बाद से लगातार वह जबरदस्ती संबंध बनाने लगा। उसकी हरकतों से परेशान होकर माता-पिता के घर इंदौर चली गई थी।

भावेश ने फोन कर धमकाया कि वापस महिदपुर नहीं आई तो उसके फोटो-वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल कर बदनाम कर देगा। पुलिस ने मामला गंभीर होने पर धारा 64, 64(2)एम, 65(1), 296, 351(3) और 5 एल/6, 3/4 पॉस्को एक्ट का प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद शुरू हुई सुनवाई 16 माह तक चली। गुरूवार को विशेष न्यायाधीश पास्को अधिनियम एंव तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश कमलेश सनोडिया द्वारा फैसला सुनाते हुये आरोपी को 20 साल कठोर कारावास और 13 हजार अर्थदंड से दंडित किया। प्रकरण में कमल सिंह गोयल, विशेष लोक अभियोजक महिदपुर द्वारा पैरवी की गई।

जाहिर सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार बाबूलाल सोनपरत पिता स्व. जगन्नाथ सोनपरत, आयु-70 वर्ष, निवासी-एम.आई.जी. 44/1, सांदीपनी नगर, ढ़ांचा भवन, थाना चिमनगंज, उज्जैन की ओर से सूचना है कि उनका पुत्र रवि सोनपरत जो कि गलत संगत में पड़ जाने के कारण अवैधानिक कृत्यों में लिप्त हो जाने से मेरे पक्षकार द्वारा वर्ष 2020 में उसे अपने परिवार एवं अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया था, जिसकी लिखित सूचना मेरे पक्षकार द्वारा थाना चिमनगंज पर उसी समय दे दी गई थी। मेरे पक्षकार का पुत्र रवि घर से बेदखल किए जाने के बाद कहां रहता है, क्या करता है इस संबंध में उन्हें कोई जानकारी नहीं है एवं उनका उसके कृत्यों से कोई लेना देना नहीं है और न ही मेरे पक्षकार का उससे इस अवधि में कभी मिलना-जुलना हुआ है। मेरे पक्षकार के पुत्र द्वारा किए जा रहे किसी भी कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा, जिसमें मेरे पक्षकार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। सो सूचित हो। इति दि. : 30.10.2026

राजेश ऐलानी, एडवोकेट
कार्यालय : 08, साकेत नगर, सांवेर रोड, उज्जैन (म.प्र.), मो.नं. : 9826018733

वाल्मीकि धाम पहुंचे सीएम डॉ. यादव

उज्जैन। भगवान महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में श्री क्षेत्र वाल्मीकि धाम पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल हुए। यहां अनुसूचित जाति मोर्चा के महानगर अध्यक्ष जितेंद्र भाटी एवं अन्य पदाधिकारियों ने 51 किलो वजनी माला पहनाकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। अजा मोर्चा के नगर मंत्री दुर्गेश मालवीय और सर्राफा मंडल अध्यक्ष मनोज मालवीय प्रमुख रूप से उपस्थित थे। मोर्चा के मीडिया प्रभारी रोहन गिरजे ने बताया।

पश्चिम रेलवे द्वारा
मुंबई सेंट्रल-इंदौर सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन के फेरों में वृद्धि

गाड़ी सं.	आरंभिक एवं गंतव्य स्टेशन	प्रभावी तिथि	प्रस्थान	आगमन
09079	मुंबई सेंट्रल - इंदौर (सप्ताह में 3 दिन)	05.11.2026	23:20 बजे (मंगल, गुरु, रवि)	13:00 बजे (अगले दिन)
09080	इंदौर - मुंबई सेंट्रल (सप्ताह में 3 दिन)	05.11.2026	17:00 बजे (सोम, बुध, शुक्र)	07:10 बजे (अगले दिन)

ठहराव: दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, सूरत, वडोदरा, दाहोद, रतलाम और उज्जैन स्टेशन।

ठहराव, प्रस्थान व आगमन समय और गाड़ी की संरचना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं।

गाड़ी संख्या 09079/09080 के बढ़े हुए फेरों के लिए बुकिंग 30.10.2026 से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर शुरू होगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial
हमें लाइक और फॉलो करें:

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान पत्र अवश्य साथ लाएं

कबीर को समझिए



संत तो हजारों हुए हैं, पर कबीर ऐसे हैं, जैसे पूर्णिमा का चांद- अतुलनीय, अद्वितीय। जैसे अंधेरे में कोई अचानक दीया जला दे, ऐसा यह नाम है। मैं कबीर के शब्दों का अर्थ नहीं करूंगा। शब्द तो सीधे-सादे हैं। कबीर को तो पुनरुज्जीवित करना होगा। व्याख्या नहीं हो सकती उनकी, उन्हें पुनरुज्जीवन दिया जा सकता है। उन्हें अवसर दिया जा सकता है कि वे मुझसे बोल सकें। तुम ऐसे ही सुनना, जैसे यह कोई व्याख्या नहीं है, जैसे कबीर का फिर से आगमन है। कबीर तो दीवाने हैं। दीवाने ही केवल उन्हें समझ पाए और दीवाने ही केवल समझ सकते हैं। कबीर मस्तिष्क से नहीं बोलते हैं। यह तो हृदय की वीणा की अनुगूंज है। तुम्हारे हृदय के तार भी छू जाएं, तुम भी बज उठो, तो ही कबीर समझे जा सकते हैं। यह कोई शास्त्रीय, बौद्धिक आयोजन नहीं है। कबीर को पीना होता है- चुस्की-चुस्की और डूबना होता है। भूलना होता है अपने को, मदमस्त होना होता है।

भाषा पर अटकोगे, तो चूकोगे, भाव पर जाओगे, तो पहुंच जाओगे। भाषा तो कबीर की टूटी-फूटी है, लेकिन भाव अनूठे हैं। इतने कि उपनिषद फीके पड़ जाएं। भाषा पर अटकोगे, तो कबीर साधारण मालूम होंगे। कबीर ने कहा भी- लिखा-लिखी की है नहीं, देखा-देखी बात। पढ़कर नहीं कह रहे हैं। देखा है आंखों से। जो नहीं देखा जा सकता, उसे देखा है और जो नहीं कहा जा सकता, उसे कहने की कोशिश की है। बहुत श्रद्धा से ही कबीर समझे जा सकते हैं। शंकराचार्य को समझना हो, श्रद्धा की ऐसी कोई जरूरत नहीं। शंकराचार्य का तर्क प्रबल है। नागार्जुन को समझना हो, तो श्रद्धा की क्या आवश्यकता? उनके प्रमाण, उनके विचार, उनके विचार की अद्भुत तर्कसरणी, वह प्रभावित करेगी। कबीर के पास न तर्क है, न विचार है और न दर्शनशास्त्र हैं। शास्त्र से कबीर का क्या लेना-देना? कबीर ने कहा भी- मसि कागद छुओ नहीं। कभी छुआ ही नहीं जीवन में कागज, स्याही से कोई नाता ही नहीं बनाया। सीधी-सीधी अनुभूति है, अंगार है, राख नहीं। राख को तो तुम सम्हालकर रख सकते हो। अंगार को सम्हालना हो, तो श्रद्धा चाहिए, तभी पी सकोगे यह आग। कबीर आग हैं और एक घूंट भी पी लो, तो तुम्हारे भीतर भी अग्नि भभक उठे-सोई अग्नि जन्मों-जन्मों की। तुम भी दीये बनो। तुम्हारे भीतर भी सूरज उगे। और ऐसा हो, तब ही समझना कि कबीर को समझा। ऐसा न हो, तो समझना कि कबीर के शब्द पकड़े, शब्दों की व्याख्या की, शब्दों के अर्थ जाने- पर वह सब ऊपर-ऊपर का काम है। जैसे कोई जमीन को इंच, दो इंच खोदे और सोचे कि कुआं हो गया। गहरा खोदना होगा। खुदाई में कंकड़-पत्थर आएंगे। कूड़ा-कचरा आएगा। मिट्टी हटानी होगी। तभी धीरे-धीरे जलस्रोत के निकट पहुंच सकोगे।

सम्पादकीय

रिलायंस और विकास

लंबे समय से देश में सबसे अव्वल रहे टाटा समूह का 28 अक्तूबर, 2026 को रिलायंस समूह से पिछड़ जाना एक निर्णायक घटना है। रिलायंस समूह को यह बादशाहत अपनी कंपनी जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड के शेयर के सूचीबद्ध होते ही हासिल हुई है। यह भारत में अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ या शेयर सौदा है और इससे रिलायंस की डिजिटल और दूरसंचार इकाई का कुल बाजार पूंजीकरण बढ़कर 12.50 ट्रिलियन रुपये हो गया है। एकल कंपनी के रूप में देखें, तो जियो प्लेटफॉर्म्स देश की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी हो गई है और पहले स्थान पर भी रिलायंस इंडस्ट्रीज ही है। बड़ा बदलाव यह हुआ है कि एयरटेल को पछाड़कर जियो देश की सबसे बड़ी सूचीबद्ध दूरसंचार ऑपरेटर बन गई है। ध्यान रहे, जियो को देश में नंबर वन दूरसंचार कंपनी बनने में महज दो दशक लगे हैं। इसमें कोई दोराय नहीं कि रिलायंस समूह ने बहुत सुनियोजित ढंग से दूरसंचार क्षेत्र में अपने पांव पसारे हैं और यह अपने आप में विशेष अध्ययन का विषय है।

रिलायंस समूह ने बहुत तैयारी से कदम आगे बढ़ाए हैं और इस अवसर पर अंबानी परिवार की मौजूदगी भी यादगार मानी जाएगी। विशेष रूप से रिलायंस समूह के मुखिया मुकेश अंबानी के लिए यह अवसर ऐतिहासिक है। साल 1977 में पहली बार उनके पिता धीरुभाई अंबानी के नेतृत्व में रिलायंस ने अपने शेयर 10-10 रुपये में बेचे थे। तब मुकेश अंबानी 20 साल के थे और रिलायंस की शेयर आधारित उद्यमशीलता को उन्होंने बेहतरीन ढंग से आगे बढ़ाया। साल 1977 में रिलायंस का मूल्य 70 करोड़ रुपये के आसपास हुआ करता था और आज मुकेश अंबानी के नेतृत्व में यह समूह 12 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा छूने की ओर बढ़ रहा है। रिलायंस आज दावा करता है कि उसने भारत में डाटा का लोकतंत्रीकरण किया है, तो इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं है। ग्राहक तो यही उम्मीद करेंगे कि रिलायंस समूह एआई, क्लाउड सेवा, अंतरिक्ष से सीधी सेवा और अन्य डिजिटल सेवाएं देने में दुनिया के किसी भी समूह से पीछे नहीं रहे। दूसरी ओर, टाटा समूह, एयरटेल और अन्य तमाम भारतीय कंपनियों को अपनी बेहतर सेवा के सहारे तेजी से आगे बढ़ना होगा।

लोकतंत्र की मर्यादा का रखे ध्यान

सरकार एवं विपक्ष अपनी नीतियों का एसआइआर करे



सुभाषचंद्र जोशी
(दैनिक अवन्तिका)

स्वतंत्रता और समानता परस्पर अन्योन्याश्रित होकर लगभग समानार्थी प्रभाव रखते है। स्वतंत्रता से तात्पर्य उच्छृंखलता ना होकर व्यक्तिगत रूप से सामाजिक नियमों के दायरे में अपनी इच्छानुसार जीवन जीने हेतु सब के लिये संवैधानिक अधिकारों की समानता से है। राजनीतिक, सामाजिक, और धार्मिक संदर्भ में समानता का बोध ही स्वतंत्रता का पर्याय है। इन तीनों बिंदुओं पर तथाकथित सवर्ण वर्ग को असमानता की अनुभूति कांग्रेस शासन में धीमी गति से एवं भाजपा शासन में राजनीतिक एवं सामाजिक संदर्भों में द्रुत गति से हुई। इन दलों के उत्तरोत्तर पराभव का घटनाक्रम इस तथ्य की पुष्टि करता है।



2024 के पूर्व चुनावों में अपने बूते पर कांग्रेस को सत्ता से बेदखल करने में कामयाब भाजपा के 400 पार के दावे को ध्वस्त कर 2024 में जनता ने 240 पर समेट, सहयोगी दलों का आश्रित बना दिया। दोनों प्रमुख राष्ट्रीय दलों के उत्थान और पतन का विश्लेषण करें तो एक मुख्य वजह इनमें समान है। जब तक दोनों दल समानता के हिमायती रहे देश का जनमत साथ रहा। जब वोट बेंक के खातिर पक्षपात एवं तुष्टीकरण के सहारे असमानता का पोषण किया तब न तो कांग्रेस में इंदिराजी जैसा चमत्कारी व्यक्तित्व और न ही भाजपा में मोदीजी का चमत्कार अपने दल की अवनति को रोक सका। यद्यपि दोनों दलों ने इस तथ्य को अनदेखा किया है।

छः दशकों तक लगभग एक छत्र राज करती रही कांग्रेस की निरंतर समाप्त होती लोकप्रियता समानता की नीति के क्षरण का परिणाम था। क्षरण की गति धीमी थी इसलिये पतन भी धीमी गति से हुआ और इसमें लगभग आधी शताब्दी लगी। परंतु दो सीट से आरंभ हुई भाजपा की सत्ता में आने के एक दशक में ही अवनति आरंभ हो गई। क्योंकि समाज के विभिन्न वर्गों के बीच समानता पर कुठार भाजपा शासन काल में द्रुत गति से हुए। कांग्रेस ने आजादी के बाद से ही अल्प संख्यक तुष्टीकरण को अपनी नीतियों में सर्वोच्च स्थान दिया परंतु इसका विस्तार बहुसंख्यकों की प्रताड़ना तक नहीं होने दिया। फलतः कांग्रेस मामूली उतार चढ़ाव के साथ सत्ता में बनी रही। कांग्रेस के धर्म निरपेक्ष शासन में वक्फ बोर्ड का गठन एवं उसे असीमित स्वायत्तता और ऐसे अधिकार जो अन्य धर्मावलंबियो को प्राप्त नहीं थे, मिले। अनेकता में एकता वाले विविधता पूर्ण भारतीय समाज की एकता को खंडित करती इस पक्षपाती तुष्टीकरण नीति को बहुसंख्यक वर्ग ने नापसंद किया। अयोध्या कार सेवा में मुलायम सरकार द्वारा गोलीकांड, बाबरी विध्वंस के बाद चुनी हुई सरकारों की बर्खास्तगी एवं कार सेवकों को जीवित जलाने की घटना को रेल मंत्री द्वारा शार्टसर्किट से लगी आग बताना, तुष्टीकरण का चरम था। समानता और न्याय के सिद्धांत को तिलांजली देती उक्त घटनाओं से कांग्रेस, राजद एवं सपा आदि की छवि विकृत हुई। फलतः ये दल सत्ता से बाहर होते गए।

असमानता और तुष्टीकरण के दंश से घायल देश वासियों की नब्ज पहचान भाजपा सब का साथ सब का विकास एवं तुष्टीकरण किसी का नहीं आदि समानता के पोषक नारों के साथ चुनाव मैदान में उतरी फलतः केंद्र सहित अधिकांश राज्यों में भाजपा सरकार बनी। परंतु एक दशक की अल्पावधि में ही भाजपा समानता और संतुष्टीकरण के अपने मूल सिद्धांतों से भटक तुष्टीकरण के मार्ग पर चल पड़ी। जहां पूर्व सरकारों का धार्मिक तुष्टीकरण के कारण पतन हुआ था वहीं भाजपा सरकारें जातीय तुष्टीकरण के कारण अलोकप्रिय हो रही है। विभिन्न जातियों के बीच दूरियों के बाद भी राम मंदिर आंदोलन तक बहुसंख्यक केवल हिंदू समाज के रूप में संगठित था। भाजपा ने सरकार बनने के बाद दूरियों को पाटने के बजाय एट्रोसिटी एक्ट एवं यूजीसी जैसे कानून लाकर इसे गहरी खाई में तब्दील किया। तुष्टीकरण की सीमाएं लांघ चुकी ममता बैनर्जी के पतन से मुदित होने के बजाय भाजपा अपनी नीतियों का पुनरावलोकन करें एवं उप चुनावों में बिहार, मध्यप्रदेश की सवर्ण बहुल सीटों पर हुई अप्रत्याशित पराजय की पुनरावृत्ति पूरे देश में होने से रोकने की दिशा में कार्य करें। जिस प्रकार धार्मिक तुष्टीकरण नीति कांग्रेस के पतन का कारण बनी उसी प्रकार जातीय तुष्टीकरण नीति भविष्य में भाजपा के सूर्य अस्त का निमित्त बनेगी। यदि लोकतंत्र के सूर्य को वोटों के सौदागर राजनेता राहू केतु की भांति तुष्टीकरण के बाणों से ग्रहण लगाते रहेंगे तो बांगला देश, नेपाल और श्रीलंका जैसी अराजकता की भारत में पुनरावृत्ति रोकना दुःसाध्य होगा, पिछले दिनों केजीपी एवं विपक्ष द्वारा प्रायोजित आंदोलनों की घटनाएं इस भवितव्य का पूवार्भास है। मतदाता सूची का एसआइआर चुनाव आयोग कर रहा है। सरकार एवं विपक्ष अपनी नीतियों का एसआइआर कर जाति वाद का पोषण करती नीतियों से मुक्ति पाए। लोकतंत्र के हित में यह अत्यावश्यक है।

खसरा

वहां न कोई पीली दीवारें थीं, न कोई लोहे का गेट, न सोलर पैनल। वहां केवल चारों तरफ जमा दलदल था, जिसके बीचों-बीच बांस की तीन पुरानी बल्लियों के सहारे काला, फटा हुआ प्लास्टिक का एक तिरपाल बंधा था।

और उस तिरपाल के नीचे, भीगी हुई मिट्टी पर सत्तर साल की बूढ़ी कस्तूरी अपनी फटी धोती में अपने आठ साल के अनाथ पोते बिट्टू को छाती से चिपकाए बैठी थी।

आसमान से मूसलाधार बारिश गिर रही थी और तिरपाल के बड़े-बड़े छेदों से गंदा पानी सीधे उस बूढ़ी औरत की रीढ़ पर टपक रहा था।

यार, तुमने कभी देखा है कि जब सिस्टम किसी गरीब की झोपड़ी को अपनी फाइलों में महल बना देता है, तो उस वक्त लाचारी की ठंड कितनी जानलेवा हो जाती है?

सर्वेयर ने हड़बड़ाकर अपना आईपैड कस्तूरी के चेहरे के सामने चमकाया।

अरे अम्मा! हमारे सर्वर पर तुम्हारा दो कमरों का पक्का मकान बनकर तैयार है। तुम इस कीचड़ में तिरपाल डालकर क्यों बैठी हो?

कस्तूरी ने थरथराते हुए अपने दोनों हाथ जोड़ लिए। उसकी आवाज में केवल सूखी कंपकंपी थी।

बाबूजी... छह महीने पहले ठेकेदार और पंचायत के सेक्रेटरी आए थे। एक शीशे की मशीन पर मेरा अंगूठा लगवाया था और कहा था कि सरकार तुम्हारे नाम पर छत भेज रही है। उसके बाद न कोई ईंट आई, न कोई सीमेंट। मेरी झोपड़ी भी उन्होंने तुड़वा दी कि नया मकान बनेगा...

जांच में तुरंत सच का पदार्फाश हो गया।

ठेकेदार ने ब्लॉक के अफसरों से मिलकर जीपीएस स्पूफर सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल किया था। चार किलोमीटर दूर बने गांव के प्रधान के आलीशान गेस्ट हाउस के सामने कस्तूरी का नाम चस्पा किया, फोटो खींची, पोर्टल पर अपलोड की और डेढ़ लाख रुपये की सरकारी सब्सिडी डकार गए।

पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 30अक्टूबर 2026 शुक्रवार
सूर्योदय - 06:27सूर्यास्त 17:43
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 10:30 से 12:00 तक
तिथि - पंचमी 23:32 उपरांत षष्ठी
नक्षत्र - मृगशिरा 13:43 उपरांत आर्द्रा
योग - शिव 02:02 उपरांत सिद्ध
करण - कौलव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मिथुन में रहेगा
मुस्लिम मास - जमादुअव्वल 18मास तारिख

मेष- कार्यस्थल पर शांतिपूर्वक काम निपटाएं। व्यापारिक निर्णयों में धैर्य रखें। केले के पेड़ का पूजन करें।

वृषभ- पारिवारिक जीवन में तालमेल रहेगा। अनावश्यक खर्चों पर रोक लगाएं। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, आराम करें।

मिथुन- करियर में तरक्की के नए अवसर मिलेंगे। समझदारी से लिया फैसला लाभ देगा।

कर्क- दांपत्य जीवन में मधुरता रहेगी। आय में सुधार की संभावना है।

सिंह- मानसिक रूप से ऊर्जावान रहेंगे। माथे पर केसर का तिलक लगाएं। बुजुर्गों के चरण स्पर्श करें।

कन्या- कार्यस्थल पर सजगता बनाए रखें। व्यापार में हड़बड़ी से बचें। बड़ों का मार्गदर्शन लाभ देगा।

तुला- बजट का संतुलन बनाए रखें। मानसिक थकान से बचें, विश्राम करें।

वृश्चिक- विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। व्यापार में मुनाफा बढ़ने की संभावना है।

धनु- परिवार का समर्थन हिम्मत बढ़ाएगा। अचानक धन प्राप्ति के योग हैं। व्यापार में लाभ के मौके मिलेंगे।

मकर- तनाव से बचें, सेहत ठीक रहेगी। 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' का जप करें। आपकी सलाह को दफ्तर में माना जाएगा।

कुंभ- बुद्धिमानी से सभी काम समय पर बनेंगे। व्यापार में नए सौदों पर मुहर लगेगी। प्रियजनों के साथ समय खुशनुमा बीतेगा।

मीन- वित्तीय स्थिति काफी सुदृढ़ होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा, फुर्ती रहेगी। पीली वस्तुएं दान करें।

समसामयिक

विचार-स्वातंत्र्यः तर्क और प्रमाण की कसौटी पर



डा मनमोहन प्रकाश
(दैनिक अवन्तिका)

मानव सभ्यता का इतिहास केवल उपलब्धियों और आविष्कारों का नहीं, बल्कि प्रश्नों, विचारों और सत्य की निरंतर खोज का भी इतिहास है। अंधविश्वास से विवेक, रूढ़ियों से सुधार और निरंकुशता से लोकतांत्रिक चेतना की यात्रा में विचार-स्वातंत्र्य की निर्णायक भूमिका रही है। इसका वास्तविक अर्थ केवल अपनी बात कहने की स्वतंत्रता नहीं, बल्कि स्थापित मान्यताओं पर प्रश्न उठाने, असहमति व्यक्त करने और प्रत्येक दावे को तर्क, प्रमाण तथा विवेक की कसौटी पर परखने का अवसर भी है।

भारतीय चिंतन परंपरा में प्रश्न, संवाद और शास्त्रार्थ का समृद्ध इतिहास रहा है। न्याय दर्शन ने प्रमाण और तार्किक विवेचन को महत्त्व दिया, जबकि बौद्ध, जैन और चार्वाक जैसे दर्शनों ने ज्ञान, सत्य और प्रचलित मान्यताओं पर विविध दृष्टिकोण प्रस्तुत किए। सभी कथन के आधार पर किसी विचार को स्वीकार करने के बजाय उसके विवेकपूर्ण परीक्षण और नैतिक परिणामों पर ध्यान देने की शिक्षा देते हैं। संत कबीर ने भी धार्मिक आडंबर और बाहरी दिखावे की आलोचना करते हुए ज्ञान के साथ विवेक और आत्मबोध का महत्त्व रेखांकित किया।

आधुनिक विज्ञान ने विचार-स्वातंत्र्य को प्रमाण-आधारित पद्धति प्रदान की। कोपरनिकस, गैलीलियो और न्यूटन के योगदान ने प्राकृतिक घटनाओं की समझ को नई दिशा दी। विज्ञान की वास्तविक शक्ति केवल स्थापित मान्यताओं को चुनौती देने में नहीं, बल्कि प्रेक्षण, परीक्षण और नए प्रमाणों के आधार पर अपने निष्कर्षों में संशोधन करने की तत्परता में निहित है। यही वैज्ञानिक दृष्टिकोण अंधानुकरण से अलग करता है।

आज डिजिटल युग में, विशेषकर जेन-जी के सामने, सूचना की उपलब्धता के साथ उसकी सत्यता पहचानने की चुनौती भी है। सामाजिक माध्यमों पर लोकप्रियता, भावनात्मक अपील या बार-बार प्रसारित होने से कोई दावा प्रमाणित नहीं हो जाता। कृत्रिम बुद्धिमत्ता से निर्मित डीपफेक वीडियो, भ्रामक संदेश और संदर्भ विहीन सामग्री वास्तविकता का भ्रम पैदा कर सकती है। इसलिए किसी सूचना को साझा करने से पहले उसके मूल स्रोत, तारीख और विश्वसनीयता की जाँच तथा अन्य स्वतंत्र स्रोतों से पुष्टि आवश्यक है। सूचना पर संदेह करना उसका खंडन नहीं, बल्कि सत्यापन की पहली सीढ़ी है। तर्कशीलता का अर्थ केवल दूसरों के विचारों पर प्रश्न उठाना नहीं, बल्कि अपनी मान्यताओं और पूर्वाग्रहों की भी समीक्षा करना है। केवल अनुकूल तथ्यों को स्वीकार करना और विपरीत प्रमाणों को नकारना पुष्टि-पक्षपात है। असहमति शत्रुता नहीं और आलोचना अपमान नहीं है। स्वस्थ लोकतंत्र में विचारों की निर्भीक आलोचना के साथ व्यक्ति की गरिमा और दूसरों के अधिकारों का सम्मान भी आवश्यक है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51क(ह) में प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य बताया गया है कि वह वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद तथा ज्ञानार्जन और सुधार की भावना का विकास करे। यह संवैधानिक अपेक्षा शिक्षा, सामाजिक व्यवहार और सार्वजनिक संवाद जैसे सभी क्षेत्रों में प्रासंगिक है। परिवारों और शिक्षण संस्थानों को युवाओं में सही उत्तर याद करने के साथ सही प्रश्न पूछने, प्रमाण पहचानने और मतभेदों के बीच संवाद करने की क्षमता भी विकसित करनी चाहिए।

विचार-स्वातंत्र्य का अर्थ प्रत्येक दावे को सत्य मान लेने की छूट नहीं, बल्कि सत्य की खोज में उसे प्रमाणों के आधार पर परखने का अधिकार और दायित्व है। प्रबुद्ध समाज वह नहीं जहाँ सभी एक जैसा सोचें, बल्कि वह है जहाँ विविध विचारों को सुनने और तर्कपूर्ण विमर्श की स्वतंत्रता हो। राष्ट्र की बौद्धिक प्रगति इस बात से निर्धारित होती है कि उसके नागरिक कितनी ईमानदारी से प्रश्न पूछते हैं, प्रमाणों का सम्मान करते हैं और आवश्यकता पड़ने पर अपने विचार बदलने का साहस दिखाते हैं।

बढ़ती उम्र के साथ स्वास्थ्य संबंधी सतर्कता का रखना जरूरी



किशन सनमुखदास
(दैनिक अवन्तिका)

कुदरत द्वारा बनाई इस अनमोल सृष्टि में मानवीय जीवन की रफ्तार इतनी तेज हो गई है कि सुबह से शाम तो क्या बचपन से पचपन तक कैसे पहुंच गए पता ही नहीं चलता वर्तमान परिपेक्ष में बढ़ती जीवन चक्र की प्रक्रिया में संघर्षों खुशियों, दुखों, रोजी-रोटी, घर परिवार, सांसारिक मोह माया इत्यादि अनेक क्रियाओं के चक्कर में अधिकतम मानवी जी ऐसे उलझ गए हैं कि उन्हें अपने शरीर,बढ़ती उम्र का तकाजा ही नहीं रहा। मानता हूं कि हालांकि सच्चाई यह है कि बढ़ती उम्र के साथ-साथ सतर्कता का ध्यान रखना अत्यंत जरूरी है। यूं समझो बुढ़ापा जवानी नहीं, लाता जवानी बचपन नहीं लाती !इसलिए उम्र के बढ़ने के साथ सेहत में भी बदलाव आते हैं। सेहत का ध्यान रखना, फिटनेस टिप्स, घरेलू उपाय और तनाव से दूर रहना अत्यंत जरूरी है।

अगर हम चालीस प्लस उम्र की करें तो आपकी उम्र चालीस वें पड़ाव पर पहुंच चुकी है और चालीस की उम्र पर पहुंचने का मतलब है अपनी सेहत का पहले से अधिक ध्यान रखना। जैसे-जैसे उम्र बढ़ती रहती है वैसे-वैसे सेहत में भी बदलाव आते रहते हैं !साथियों संभव हो तो हमें निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए (1) बढ़ती उम्र के साथ-साथ शरीर में विटामिन, मिनरल्स, कैल्शियम, आयरन और एंटीआक्सीडेंट की कमी महसूस होने लगती है। इसलिए भोजन में ऐसी चीजों को अधिक शामिल करें, जो इन सभी पोषक तत्वों की आपूर्ति कर सके। (2) अत्यधिक गुस्सा और चिंता करने से बचें, साथ ही शारीरिक श्रम भी उतना ही करें, जितना आपके स्वास्थ्य के लिए सही हो। अत्यधिक परिश्रम करने से बचें। (3) बेहतर होगा कि चालीस से अधिक उम्र होने पर, आप अपनी आदतों और दिनचर्या में बदलाव लाएं। इस अवस्था में आपका शरीर उतना स्वस्थ और उर्जावान नहीं होता। अपने खान-पान और दिनचर्या में बदलाव कर आप उर्जा के साथ ही लंबी उम्र भी पा सकते हैं। (4) घर पर बने पौष्टिक सूप आपकी सेहत के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं। भोजन के बीच में भूख लगने पर आप इनका सेवन कर सकते हैं। (5) चालीस से अधिक उम्र वालों के लिए एंटीऑक्सीडेंट युक्त आहार लेना बेहद आवश्यक है। इसलिए हरी सब्जियां, वेजिटेबल जूस, सलाद, फल, ग्रीन-टी आदि का सेवन अवश्य करें। (6) इस समय आपके शरीर के सभी अंगों और मांसपेशियों ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है, इसलिए खान-पान को बैलेंस रखें ताकि आपका लिवर सुरक्षित रहे और शरीर से विषैले तत्वों को बाहर कर सके। (7) चालीस की उम्र के बाद अक्सर छोटी- छोटी बातों का तनाव और चिड़चिड़ापन होता है साथ ही दिमाग भी कमजोर होने लगता है। इसके लिए योगा, व्यायाम, मेडिटेशन, संगीत को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। साथ ही वह काम करें जिसे करने में आपको आनंद आता है और जिसमें आपका मन लगता है। (8) साबुत अनाज को अपने भोजन में शामिल करें और फलों का भरपूर सेवन करें। इत्यादि के अलावा और भी आने की टिप्स है जिनकी सहायता से सतर्कता बरती जा सकती है।

एक स्वास्थ्य संस्थान के मुताबिक, शारीरिक गतिविधि से हृदय स्वास्थ्य बेहतर रहता है और वजन नियंत्रित रहता है--(1) बढ़ती उम्र के लक्षणों को कम करने के लिए, ये उपाय अपनाए जा सकते हैं: (2रोजाना पैदल चलें, साइकल चलाएं, या तैरें(3)योग करे (4)पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं(5)6 से 7 घंटे की नींद लें6)हेल्दी चीजें खाएं(7)नियमित रूप से एक्सरसाइज करे(8)टीका लगवाएं।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 7000 से क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 7050 विशाल 6950 से 6950 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से डंकी चना 6200 से 6500 मसूर 3000 मालवराज 2850 से 2900 6000 महाराष्ट्र सफेद 8700 मक्का 2500 से 2525 चना से 8900 महाराष्ट्र लाल १००० दाल 8500 से 8600 मीडियम से 9200 कर्नाटक 9100 से 8800 से 8900 बेस्ट 9400 9300 निमाड़ी तुअर 7000 से से 9600 तुअर दाल 8700 से '8200 मूंग बेस्ट गर्मी 7900 से 8800 मीडियम 9700 से 9800 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8100 से बेस्ट 11100 से 11400 एक्स्ट्रा 8200 मोगर 5500 से 7200 बेस्ट 12200 से 12400 ब्रांडेड उड़द बोल्ड 9400 से 9700 उड़द 13800 मूंग दाल 9500 से 9600 गर्मी 9000 से 9400 ग्रेविटी क्लीन बेस्ट 9700 से 9800 मूंग मोगर 9500 से 10000 हल्का उड़द 11500 से 11600 बेस्ट 11700 4000 से 6000 काबुली डॉलर से 11800 उड़द दाल 11200 से 8300 से 10000 काबुली रशियन 11300 बेस्ट 11400 से 11500- 6800 से 7100 बिटकी 6500 से उड़द मोगर 12200 से 12400 6700 सरसों निमाड़ी 8300 रायडा बेस्ट 12600 से 12900 मसूर 7100 से 7300 सोयाबीन 5600 दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 टोली 5700 से 5900 गेहूं मिल से 76,50 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000 बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2750-3470, चना काबली- 5500-10100, चना बड़ा- 6451-6980, मक्का- 2485, उड़द- 4000-7911, मूंग- 2200, सोयाबीन- 2400-7313, मैथीदाना- 6151, राजमा- 8926, बटला- 1611-3491, मसूर- 8000, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,48,200 रवा- 1,48,000 चांदी- टंच- 2,15,000 पाट- 2,14,000।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com

धर्म-आस्था

एक खरीदारी, अनेक खुशियाँ! उन्हें सार्थक लगी उनकी मेहनत

त्यौहारों पर स्थानीय कारीगरों से खरीदारी कर उनके घरों में भी खुशियों के दीप जलाएँ

त्यौहार हमारी संस्कृति, परंपरा और खुशियों के प्रतीक हैं। दशहरा, दीपावली एवं अन्य पर्वों पर बाजारों में खरीदारी की रौनक देखते ही बनती है। लेकिन त्यौहारों की वास्तविक खुशी तब और बढ़ जाती है, जब हमारी खरीदारी किसी स्थानीय कारीगर के परिवार के जीवन में खुशियों का उजाला लेकर आए।

एक कुम्हार महीनों की मेहनत से मिट्टी के दीपक तैयार करता है। एक मूर्तिकार अपनी कला और कल्पनाशीलता से सुंदर मूर्तियाँ बनाता है। एक छोटा दुकानदार त्यौहारों के दौरान अच्छी बिक्री की उम्मीद रखता है। जब हम इनसे सामान खरीदते हैं, तो हमारा पैसा सीधे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है और अनेक परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान करता है।

आज बाजार में मशीनों से निर्मित और बड़े पैमाने पर उत्पादित वस्तुओं की भरमार है। ऐसे में स्थानीय कारीगरों के उत्पादों को प्राथमिकता देना आवश्यक है, ताकि पीढ़ियों से चली आ रही पारंपरिक कलाएँ जीवित रहें और अगली पीढ़ी भी इन हुनरों को अपनाने के लिए प्रेरित हो।

इन त्यौहारों की खुशियाँ तभी सार्थक हैं, जब हमारे घरों के साथ-साथ उन हाथों में भी खुशहाली पहुँचे, जो अपनी कला और मेहनत से त्यौहारों को सुंदर बनाते हैं।



मिट्टी के दीपक बनाने वाला कुम्हार हो, सुंदर मूर्तियाँ गढ़ने वाला मूर्तिकार हो या हस्तनिर्मित वस्तुएँ तैयार करने वाला कारीगर–इन सभी की आजीविका हमारी छोटी-सी पहल पर निर्भर हो सकती है।

दशहरा और दीपावली जैसे पर्वों पर बाजार से खरीदारी करते समय हमें स्थानीय कारीगरों और छोटे दुकानदारों को प्राथमिकता देनी चाहिए। मिट्टी के दीपक, पूजन सामग्री, सजावटी वस्तुएँ और पारंपरिक उत्पाद उनसे खरीदकर हम उनकी मेहनत का सम्मान कर सकते हैं। इससे स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और पारंपरिक कलाओं को नई पहचान मिलेगी।

अक्सर हम वस्तु की कीमत और आकर्षण देखते हैं, लेकिन उसके पीछे छिपे कारीगर के परिश्रम को भूल जाते हैं। यदि हम स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता दें, तो हमारी खरीदारी किसी परिवार की आय का सहारा बन सकती है।त्यौहारों पर स्थानीय बाजार से खरीदारी करना स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में एक सार्थक कदम है।इसलिए, हम इन त्यौहारों पर केवल अपने घर के लिए नहीं, बल्कि स्थानीय कारीगरों की खुशहाली के लिए भी खरीदारी करे

हमारी छोटी-सी खरीदारी किसी कारीगर के चेहरे पर मुस्कान ला सकती है। स्थानीय कारीगरों को सम्मान देना ही हमारी संस्कृति और आत्मनिर्भरता को मजबूत करना है।

स्थानीय कारीगरों से खरीदें सामान, बढ़ाएँ उनका मान,

उनकी मेहनत से रोशन हो, हर घर-आँगन और मकान।

छोटी-सी खरीदारी से, खुशियों के दीप जलाएँ,

स्वदेशी अपनाएँ, कारीगरों को आगे बढ़ाएँ!

नाबालिग से गाली-गलौज, पिता के साथ भी की झूमाझट

शुजालपुर। प्याज-लहसुन मंडी में पानी की बोतल लेने गए 14 वर्षीय बालक के साथ गाली-गलौज करने और विरोध करने पर उसके पिता के साथ भी अभद्रता व झूमाझटकी करने का मामला सामने आया है। फ रियादी की शिकायत के अनुसार आरोपी ने जाते समय जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस को खरदोनकलां निवासी कमलेश पाटीदार ने बताया कि 28 अक्टूबर को शाम करीब 4.30 बजे वह अपने बेटे मन पाटीदार के साथ शुजालपुर की प्याज-लहसुन मंडी में आए थे। इस दौरान उन्होंने अपने बेटे को मंडी गेट के पास स्थित दुकान से पानी की बोतल लेने भेजा। आरोप है कि वहां रायपुर रोड शुजालपुर सिटी निवासी जुगल बागरी ने शराब के नशे में बालक के साथ गाली-गलौज की। बेटे से घटना की जानकारी मिलने पर कमलेश आरोपी के पास पहुंचे और गाली देने का कारण पूछा तो आरोपी ने उनके साथ भी अभद्रता करते हुए झूमाझटकी की। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव किया।

अस्पताल में किसान की जेब से 50 हजार चोरी

शाजापुर । शाजापुर जिला अस्पताल में पत्नी का इलाज कराने पहुंचे किसान जगदीश की जेब से 50 हजार रुपए चोरी हो गए। वे सोयाबीन बेचकर मंडी से सीधे अस्पताल पहुंचे थे। मेडिकल स्टोर के पास हुई घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। बिकलाखेड़ी निवासी जगदीश अपनी पत्नी के इलाज और दवाइयों के लिए रुपए लेकर अस्पताल आए थे। कुछ देर बाद उन्हें पता चला कि उनकी जेब से रुपए गायब हैं। जगदीश ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश में जुटी है। अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध कैद हुआ है।

स्वाभिमान आत्मसम्मान सिखाता है: मुनिश्री

सारंगपुर। धन, पद और प्रतिष्ठा इंसान को बडा नहीं बनाते, बल्कि उसके विचार, व्यवहार और कर्म ही वास्तविक बडप्पन तय करते हैं। स्वाभिमान व्यक्ति को आत्मसम्मान के साथ जीना सिखाता है, जबकि अहंकार उसे दूसरों से श्रेष्ठ समझने की भूल में डाल देता है। इसलिए जीवन में आत्मसम्मान बनाए रखने के साथ विनम्रता अपनाना भी जरूरी है। यह बात मुनि प्रवर सागर ने मंडाई स्थित पार्श्वनाथ जिनालय में चल रहे णमोकार महामंत्र मंडल विधान के दौरान प्रवचन में कही। मुनिश्री ने कहा कि स्वाभिमानी व्यक्ति अपनी गरिमा बनाए रखते हुए दूसरों का भी सम्मान करता है, जबकि अहंकारी व्यक्ति स्वयं को बडा साबित करने में लगा रहता है। वास्तविक बडप्पन दूसरों को छोटा दिखाने में नहीं, बल्कि अपने आचरण से सम्मान अर्जित करने में है। बीते कल की चिंता में आज न गंवाएं समय का महत्व बताते हुए मुनिश्री ने कहा कि बीता हुआ समय कभी लौटकर नहीं आता।

ईंट-भट्ठों पर मजदूर दिलाने के नाम पर करीब 40 से 45 लोगों से 45 लाख रुपए की ठगी का मामला

मजदूर दिलाने के नाम पर 45 लाख की ठगी, मुख्य आरोपी आफताब से 20 लाख केश बरामद

अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा





जिले में ईंट-भट्ठों पर मजदूर दिलाने के नाम पर करीब 40 से 45 लोगों से 45 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है।

पुलिस ने मुख्य आरोपी आफताब को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। उसके पास से 20 लाख रुपए नकद और दो चेक मिले हैं। मामले में दूसरा आरोपी सलीम फरार है।

एडिशनल एसपी रविंद्र बोयट ने प्रेस वार्ता में बताया कि आरोपियों ने लोगों को उनके ईंट-भट्ठों पर मजदूर उपलब्ध कराने का भरोसा दिया था। इसके लिए लोगों ने उन्हें रुपए दिए।

शुरूआत में आरोपियों ने कुछ मजदूर ईंट-भट्ठों पर भेजे। मजदूरों से तीन से चार दिन काम करवाया गया। इसके बाद आरोपी उन्हें वापस ले गए और लोगों के रुपए लेकर फरार हो गए। मजदूरों के लौटने और रकम वापस नहीं मिलने पर लोगों को ठगी का पता चला।

कोतवाली में शिकायत के बाद पुलिस ने की कार्रवाई

पीड़ितों ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की और आरोपियों की तलाश की।

पुलिस ने आफताब पिता अच्छे खान (40), निवासी दानिश मदान मोहल्ला, थाना सदर कोतवाली, जिला अमरोहा, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के पास से 20 लाख रुपए नकद और दो चेक बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक, दूसरे आरोपी सलीम की तलाश जारी है।

सलीम की गिरफ्तारी के बाद बाकी रकम की तलाश

पुलिस का कहना है कि सलीम की गिरफ्तारी के बाद ठगी की बाकी रकम बरामद करने की कोशिश की जाएगी। बरामदगी और कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद अदालत के जरिए पीड़ितों को रकम लौटाने की कार्रवाई की जाएगी।

दर-दर भटक रहे बुजुर्ग, महीनों तक नहीं बन रहे पीपीओ

लंबित मांगों को लेकर पेंशनरों ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन, डिप्टी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



अपनी लंबित मांगों के निराकरण में शासन की उदासीनता से नाराज जिले भर के पेंशनरों ने बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय पर जंगी प्रदर्शन किया। प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन और मप्र विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन के संयुक्त आह्वान पर 41 विभागों के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी की और मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के नाम डिप्टी कलेक्टर जगदीश वर्मा को 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। प्रांतीय महामंत्री व जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह पंवार के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई कि जुलाई 2019 से केंद्र के समान तिथि से महंगाई राहत का नियमित भुगतान किया जाए। साथ ही जुलाई 2019 से दिसंबर 2025 तक के 90 माह के बकाया एरियर और जुलाई 2025 का 3 प्रतिशत एरियर दिया जाए। इसके अलावा कर्मचारियों व पेंशनरों के लिए निशुल्क उपचार की व्यवस्था लागू करने तथा विद्युत मंडल के पेंशनरों को जिला कोषालय से पेंशन भुगतान की गारंटी देने की मांग प्रमुखता से उठाई गई।

प्रदर्शनकारी पेंशनरों ने रोष जताते हुए कहा कि नियम के अनुसार सेवानिवृत्ति के 7 दिन के भीतर पीपीओ जारी हो जाना चाहिए, लेकिन हालात यह हैं कि दो-तीन महीनों तक पीपीओ और ग्रेच्युटी का भुगतान नहीं हो पा रहा है। पेंशन से जुड़े सभी काम भोपाल पेंशन सेल से हो रहे हैं, जिसके कारण जिला स्तर पर बैठे पेंशन अधिकारी कोई सुनवाई नहीं कर पाते। इस अव्यवस्था के चलते बुजुर्ग पेंशनर अपनी ही पेंशन के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। ज्ञापन सौंपते समय संभागीय सचिव प्रेमदास बैरागी, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मधुकान्ता दवे, संरक्षक संतोष शर्मा, दीवानसिंह यादव सहित सैकड़ों की संख्या में पेंशनर्स मौजूद थे।



मंडी में भुगतान नहीं मिला तो किसानों ने लगाया जाम

- छावनी नाके पर आधे घंटे थमी वाहनों की रफ्तार, समझाइश के बाद माने

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा

आगर मालवा की कृषि उपज मंडी में उपज बेचने के बाद नगद भुगतान नहीं मिलने से नाराज किसानों ने गुरुवार को छावनी नाके पर चक्काजाम कर दिया।

करीब आधे घंटे तक चले प्रदर्शन के कारण सड़क पर वाहनों की आवाजाही रुक गई। मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

पुलिस की समझाइश पर खोला जाम

भुगतान नहीं मिलने से नाराज बड़ी संख्या में किसान छावनी नाके पर पहुंचे और विरोध जताया। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी नागेश यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों से चर्चा कर उन्हें समझाया। इसके बाद किसानों ने जाम खोल दिया और मार्ग पर यातायात फिर शुरू हो गया।

राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन का मिला पुरस्कार, बरेली में दिखाएंगे खेल कौशल

शुजालपुर। शहर के युवा फु टबॉलर चैतन्य भगवान सिंह पाटीदार का चयन राष्ट्रीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए मध्यप्रदेश की टीम में हुआ है। शुजालपुर में आयोजित 70वीं राज्यस्तरीय शालेय फु टबॉल प्रतियोगिता में उज्जैन संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए चैतन्य ने अपने प्रदर्शन से चयनकर्ताओं को प्रभावित किया। चयन के बाद चैतन्य इन दिनों श्योपुर में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश की टीम के साथ अभ्यास कर रहे हैं। शिविर के बाद वे उत्तरप्रदेश के बरेली में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में चैतन्य ने तकनीक, गति और टीम के साथ बेहतर तालमेल का परिचय दिया। उनके चयन से शुजालपुर सहित जिले के खेल जगत में हर्ष है। स्थानीय खेलप्रेमियों ने इसे क्षेत्र की उभरती खेल प्रतिभाओं के लिए प्रेरणादायी उपलब्धि बताया। चैतन्य की इस सफ लता पर खेल एवं शिक्षा जगत से जुड़े लोगों ने शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई। चैतन्य का चयन शुजालपुर और शाजापुर जिले के लिए गौरव का विषय है। अब खेलप्रेमियों की निगाहें बरेली में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता पर टिकी हैं, जहां चैतन्य प्रदेश की जर्सी में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।



भूगोल विभाग के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने घर-घर जाकर किया सर्वेक्षण



शुजालपुर। जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भूगोल विभाग के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने ग्राम भीलखेड़ी में सामाजिक एवं आर्थिक सर्वेक्षण कर ग्रामीण जीवन की परिस्थितियों का अध्ययन किया। विभागाध्यक्ष प्रो. संध्या सोलंकी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने घर-घर जाकर ग्रामीण परिवारों से संवाद किया और अनुसूची के माध्यम से प्राथमिक आंकड़े जुटाए। सर्वेक्षण में जनसंख्या संरचना, शैक्षणिक स्थिति, रोजगार, कृषि, आय के स्रोत, आवास, पेयजल, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाओं और मूलभूत सुविधाओं से संबंधित जानकारी एकत्रित की गई। विद्यार्थियों ने ग्रामीणों की समस्याओं और विकास की संभावनाओं को भी समझने का प्रयास किया। इस क्षेत्रीय अध्ययन का उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव देना तथा उनमें शोधपरक दृष्टिकोण, विश्लेषण क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व विकसित करना था। यह गतिविधि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुभवात्मक एवं कौशल आधारित शिक्षा की अवधारणा के अनुरूप आयोजित की गई। इस पहल में प्रो. संध्या सोलंकी, डॉ. आशीष यादव एवं दुर्गा प्रसाद शर्मा का मार्गदर्शन रहा।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत पावरग्रिड ने विद्यार्थियों को किया जागरूक



शुजालपुर। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के शुजालपुर उपकेंद्र की ओर से जेएनएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। भ्रष्टाचार की रोकथाम में युवाओं की भूमिका विषय पर विद्यार्थियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही को भ्रष्टाचार मुक्त समाज की आधारशिला बताया। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित सप्ताह के तहत हुई प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों और भ्रष्टाचार के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। विद्यार्थियों ने अपने निबंधों में जन-जागरूकता, नैतिक आचरण और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को रेखांकित किया। कार्यक्रम पावरग्रिड के अभियंता विजय कुमार, कनिष्ठ अभियंता संदीप कुमार, डिप्लोमा प्रशिक्षु अभिषेक यादव एवं अप्रेंटिस हिमांशु शुक्ला की सहभागिता में हुआ। महाविद्यालय की ओर से डॉ. पूजा सांखला, डॉ. अर्चना गावंडे, डॉ. गुलाब मेवाड़ा, संगीता सोनी एवं उमेश पाण्डेय ने सहयोग किया। आयोजन प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

अवैध पटाखों के रखने पर बनाया पंचनामा

शाजापुर। किराए के मकान में अवैध रूप से पटाखा रखने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई कर पंचनामा बनाया। जानकारी के अनुसार सिद्धार्थ नगर कॉलोनी में किराए का मकान लेकर सचिन पाटीदार पिता गोविंद पाटीदार 29 साल निवासी कान्वेंट स्कूल के पीछे कृष्णा कॉलोनी ने अवैध रूप से पटाखे का संग्रहण किया था, जिसके पास संग्रहण का किसी प्रकार का कोई लाइसेंस नहीं था। इस पर पुलिस ने पंचनामा बनाकर कार्रवाई की।

नवांकुर सखियों ने पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति के प्रति सम्मान का संदेश दिया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भौरासा

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं नवांकुर संस्था मां कल्याणी सामाजिक सेवा समिति, सेक्टर क्रमांक-1 भोरासा विकासखंड सोनकच्छ, जिला देवास द्वारा शक्ति से सृजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवांकुर सखियों ने वृक्ष पूजन कर पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति के प्रति सम्मान का संदेश दिया। इस अवसर पर उत्कृष्ट सहभागिता के लिए नवांकुर सखियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था के श्रीमती दुर्गा धाकड़ एवं मेंटर्स अक्षय जोशी सहित ग्राम की नवांकुर सखियां उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मानसिंह मालवीय ने बोरी बन्धान, महिलाओं की सामाजिक भागीदारी, पर्यावरण संरक्षण तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया।

दक्षिण एशिया का पहला अनूठा प्रयोग, किसानों की फसलें बचेंगी और वन्यजीव भी रहेंगे सुरक्षित

- बोमा तकनीक से काले हिरणों का रेस्क्यू का सीएन ने लिया जायजा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



मध्यप्रदेश सरकार किसानों की फसलों को जंगली जानवरों के नुकसान से बचाने और वन्यजीवों के संरक्षण के लिए एक बड़ा कदम उठा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शाजापुर जिले के ग्राम रंथभंवर पहुंचे और प्रोजेक्ट एंटीलोप ट्रांसलोकेशन के दूसरे चरण के रेस्क्यू अभियान का मुआयना किया। इस महा-अभियान के तहत 2000 कृष्णमृगों (काले हिरण) और नीलगायों को सुरक्षित अन्य जंगलों में शिफ्ट करने का लक्ष्य रखा गया है, जिनमें से अब तक 1236 वन्यजीवों का सफल रेस्क्यू किया जा चुका है।

इस रेस्क्यू ऑपरेशन की खासियत यह है कि इसमें दक्षिण अफ्रीका की विशेष टीम मदद कर रही है। दक्षिण एशिया में यह अपनी तरह का पहला ऐसा प्रयोग है, जहां हेलीकॉप्टर और बोमा पद्धति का उपयोग कर वन्यजीवों का रेस्क्यू किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कैमोफ्लाज्ड (छलावरण वाले) मचान से इस पूरी प्रक्रिया का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि रेस्क्यू के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि किसी भी जानवर को खरोंच तक न आए।

पकड़े गए कृष्णमृगों और नीलगायों को 11 विशेष ट्रकों के जरिए श्योपुर के जंगलों, गांधी सागर और रानी दुर्गावती रिजर्व फॉरेस्ट में भेजा जा रहा है। सफर के दौरान वन्यजीवों के सुरक्षित परिवहन के लिए पशु चिकित्सकों की टीम और जरूरी जीवन रक्षक उपकरण भी साथ भेजे जा रहे हैं। शाजापुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 9 अक्टूबर से शुरू हुआ यह रेस्क्यू अभियान 31 अक्टूबर तक चलेगा।

किसानों के हित में उठाया गया बड़ा कदम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार किसान कल्याण वर्ष मना रही है। किसानों की लंबे समय से शिकायत थी कि कृष्णमृग और नीलगाय उनकी फसलों को भारी नुकसान पहुंचाते हैं। ऐसे में यह प्रोजेक्ट किसानों की इसी समस्या का स्थायी समाधान है।

एमपी में वोटर लिस्ट से 34 लाख नाम कटने पर गरमाई सियासत, कांग्रेस ने बूथ स्तर पर उतारे वोट रक्षक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

मध्य प्रदेश में मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान 34 लाख से ज्यादा नाम कटने को लेकर सियासत गरमा गई है। कांग्रेस ने इसे एक बड़ी गड़बड़ी की आशंका जताते हुए अब आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। चुनाव आयोग की प्रक्रिया पर सवाल खड़े करते हुए पार्टी ने बूथ स्तर तक वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान शुरू कर दिया है, जिसकी गूंज अब दिल्ली के रामलीला मैदान तक सुनाई देगी। बुधवार को शाजापुर में इसी सियासी घमासान को लेकर कांग्रेस ने अपनी रणनीति साफ की। ऑब्जर्वर चरण सिंह सापरा ने मोर्चा संभालते हुए कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान हुए इतने बड़े बदलाव संदेह के घेरे में हैं। कांग्रेस का आरोप है कि प्रक्रियागत खामियों की आड़ में कई पात्र मतदाताओं को उनके अधिकार से वंचित किया जा रहा है, जिसकी उच्च स्तरीय और पारदर्शी जांच होना जरूरी है।

कांग्रेस नेताओं ने उन आंकड़ों को सामने रखा है, जिसने इस पूरे विवाद को जन्म दिया है। पुनरीक्षण से पहले प्रदेश में करीब 5 करोड़ 74 लाख (5,74,06,143) मतदाता पंजीकृत थे, लेकिन इस प्रक्रिया के दौरान मृत्यु, अनुपस्थिति और स्थानांतरण जैसे कारण बताकर 34.25 लाख से ज्यादा नाम सूची से उड़ा दिए गए। अंतिम सूची जारी होने तक नए नाम जुड़ने के बाद अब कुल मतदाताओं की संख्या 5 करोड़ 39 लाख (5,39,81,065) रह गई है।

इस मुद्दे को सीधे जनता की चौखट तक ले जाने के लिए कांग्रेस ने बड़ा प्लान तैयार किया है। 25 अक्टूबर से 25 नवंबर तक प्रदेश के गांव-गांव में चौपालें लगाई जा रही हैं।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार 01 अमरसिंह पिता नाथु जी, 02 तुलसीराम पिता नाथु जी 03 तुफान पिता मन्नालाल उर्फ मनोहर जाति गारी निवासीगण ग्राम धुरेरी तह. बडनगर जिला उज्जैन के मालिकी एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं0 274 रकबा 1.05 हे. एवं सर्वे नं. 110/1/1 रकबा 0.76 हे. भूमि ग्राम धुरेरी तह. बडनगर जिला उज्जैन में स्थित है तथा उक्त भूमि मेरे पक्षकार को उनके दादा जी रामा पिता कचरूलाल जी चौधरी निवासी ग्राम धुरेरी से वसीयत में प्राप्त हुई है उक्त भूमि पर अनावेदक लीलाबाई पति भंवरलाल एंव शंतिबाई पति अमरसिंह जाति गारी निवासी ईलासखेडी तह. घटिया जिला उज्जैन द्वारा अवैध रूप से अपने नाम का नामांतरण दर्ज करवा लिया है तथा उक्त लीलाबाई व शांतिबाई अपने अवैध रूप से दर्ज हुए नाम का लाभ लेकर भूमि को अन्य को विक्रय अंतरण करने पर आमादा है जबकि उक्त भूमि पर मेरे पक्षकारगण का आधिपत्य होने सबधीत व्यवहार न्यायालय बडनगर द्वारा प्रकरण क्रमांक 209/2024 ए पर दिनांक 20/06/2025 को आदेश पारित कर स्थगन जारी किया है तथा सिविल वाद बडनगर न्यायालय में विचाराधीन है और माननीय उच्च न्यायालय खण्डपीठ इंदौर में भी अपील विचाराधीन है मेरे पक्षकार ने सिविल न्यायालय के स्थगन के सबंध में मेरे पक्षकार ने विधिवत आपत्तिया उप पंजीयक कार्यालय बडनगर एवं पंजीयक कार्यालय उज्जैन में दर्ज करवाई है परन्तु लीलाबाई व शांतिबाई उपरोक्त मेरे पक्षकार की भूमि को धोखाधड़ी व जालसजी कर विक्रय करने पर आमादा है इस कारण इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण व्यक्ति संस्था निकाय को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति संस्था निकाय उक्त भूमि के संबंध में खरीद फरोक्त का कोई व्यवहार लीलाबाई व शांतिबाई से नही करे। अन्यथा किसी भी प्रकार का व्यवहार किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक निकाय आदि द्वारा किया जाता है तो उसकी समस्त जवाबदारी संबंधित की रहेगी तथा किसी भी प्रकार का व्यवहार मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगा सूचित हो पाबंदी करे। दिनांक 29/10/2026

राकेश श्रीवास्तव एडवोकेट
जुना शहर बडनगर जिला उज्जैन मोबा. 9827717042

जाहिर सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। ग्राम : लाड़नपुर स्थित सर्वे क्रमांक 146, 147, 151, 162, 164, 199, 224, 277, 193, 224, 235, 301 एवं ग्रामः नागगुराड़िया स्थित सर्वे क्रमांक 133, 287, 507, 523, 610, 953, 955, 947, 88, 523, 892, 562, 563, 584, 587, 889, 890, 891 एवं ग्राम : खरड़ियामानपुर स्थित सर्वे क्रमांक 175 एवं चद्रशेखर गली, महिदपुर में स्थित मकान क्रमांक 27, 28 व 29 एवं सरदारवल्लभ भाई पथ स्थित मकान क्रमांक 18 व 66 तथा राजेन्द्र मार्ग, महिदपुर स्थित मकान क्रमांक 77 तथा खरड़ियामानपुर स्थित भूखंड क्रमांक 89, 119 व 1211 यह कि समस्त वर्णित कृषि भूमि, भू- खंड एवं मकान जो कि मेरे पक्षकार के पैतृक संपत्ति है। इस पैतृक संपत्ति के स्वामित्व, अधिपत्य एवं अधिकारो के संबंध में एक वाद सक्षम न्यायालय, माननीय तृतीय अति. जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय महिदपुर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश के न्यायालय में प्रकरण क्रमांक आर.सी.एस. ए/59/2026 होकर विचारधीन है। अतः इस विज्ञप्ति द्वारा आम जन को सूचित करने में आता है कि कोई भी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि इस कृषि भूमि, भू- खंड एवं मकान संबंध में किसी प्रकार का कोई संव्यवहार, सौदा, इकरार नाम, क्रय-विक्रय, बैनामा, दान बन्धक, हस्तांतरण संबंधी व्यवहार आदि न करे। यदि कोई व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि इस संबंध में कोई भी व्यवहार करते है तो उत्पन्न परिणामों की समस्त जवाबदारी स्वयं उस व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि की होगी। सो सूचित होवे।

इति दिनांक : अक्टूबर 29, 2026

पल्लव मुखिया
26, सुभाष पथ महिदपुर
मोबा. 88189-88189

कार्यालय नगर पालिका परिषद खाचरौद, जिला उज्जैन (म.प्र.)

क्रमांक / टेण्डरिंग / 2026/2257-2258 खाचरौद, दिनांक 27/10/2026

।। निविदा सूचना ।।

एतद् द्वारा समस्त अधिकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद खाचरौद द्वारा विभिन्न कार्यों हेतु निविदा ऑनलाईन पद्धति से www.mptender.gov.in पोर्टल पर निविदा आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक अधिकृत ठेकेदार ऑनलाईन दरे प्रस्तुत कर सकते हैं:-

क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित (रु. लाख में)	धरोहर राशि (रुपये में)	निविदा प्रपत्र शुल्क
1	2026_UAD_545684_1	Construction of BRICK WALL HEIGHT EXTENSION WORK UJJAIN DARWAJA GARDEN WARD 13	01.97 लाख	1,970/-	1295/-
2	2026_UAD_545687_1	Construction of CC ROAD UJJAIN DARWAJA GARDEN	07.37 लाख	7,370/-	2295/-

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन ऑनलाईन की बेबसाईट www.mptender.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद खाचरौद

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद खाचरौद

जाह्नवी बोली- पेड्डी में अपने रोल को लेकर शर्मिंदा हूं

पेड्डी में जाह्नवी ने अचियम्मा का किरदार निभाया था। फिल्म का निर्देशन बुच्ची बाबू सना ने किया और इसमें राम चरण मुख्य भूमिका में थे। एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने कहा की फिल्म पेड्डी में अपने रोल के लिए शर्मिंदा हैं। उन्होंने माना की इस रोल से यौन अपराधों को प्रमोट किया गया। जाह्नवी ने आगे कहा कि शूटिंग के समय ही उन्हें इसके खिलाफ ज्यादा मजबूती से आवाज उठानी चाहिए थी। जाह्नवी ने यह बात कॉफी विद करण 9 के दौरान कही, जहां करण जोहर ने उनसे इस विवाद पर सवाल पूछा था। शो में करण ने पूछा, पेड्डी विवाद के समय क्या हुआ था? मैं जानता हूं कि इस घटना का आप पर गहरा असर पडा था और उस दिन मेरी आपसे बात भी हुई थी। इसके दो पहलू हैं- एक तरफ लोग आपके सपोर्ट में थे कि आपके रोल को गलत तरीके से दिखाया गया। वहीं दूसरी तरफ लोगों का कहना था कि जब आप खुद सेट पर मौजूद थीं, तो आपने इसे रोका क्यों नहीं? जाह्नवी ने कहा, मुझे बहुत कुछ महसूस हुआ, करण। मैं इस बारे में बात करने से इसलिए हिचक रही थी, क्योंकि कई लोगों ने फिल्म पर बहुत मेहनत की थी। मुझे समझ नहीं आ रहा था कि मुझे क्या कहना चाहिए। मुझे यह भी नहीं पता था कि वास्तव में कहने के लिए कुछ है या नहीं। जाह्नवी ने यह भी कहा, मेरे हिस्से की जिम्मेदारी लेना जरूरी है। उस पूरे विवाद में मेरी जितनी भी भूमिका थी, उसकी जिम्मेदारी मुझे लेनी चाहिए। ऐसे नैरेटिव का समाज पर नेगेटिव असर पड़ सकता है। खासकर महिलाओं पर इसका असर हो सकता है।

बेशकीमती पैतृक प्लॉट पर कब्जे के प्रयास और धमकियों का आरोप

तीन साल से शिकायतें करने का दावा, दर्ज एफआईआर और गिरफ्तारी वारंट की स्थिति स्पष्ट करने की मांग

दैनिक अवन्तिका » गुना

शहर के रोड किनारे रघुवंशी कॉलोनी स्थित एक बेशकीमती प्लॉट का मामला गहराता जा रहा है। मामला एक सिन्धिया समर्थक और सदर बाजार निवासी एक जैन परिवार का है। गुरुवार को इस सम्बन्ध एक प्रेसवार्ता में प्रांशुल जैन ने अपनी पैतृक संपत्ति को लेकर चल रहे विवाद में न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके 38 वर्ष पुराने प्लॉट पर महेश रघुवंशी द्वारा कब्जे का प्रयास किया जा रहा है। विरोध करने पर उनके और परिवार के सदस्यों के साथ गाली-गलौज, मारपीट तथा जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। जिसकी उन्होंने पुलिस और प्रशासन के समक्ष कई बार शिकायतें की किंतु आज तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

प्रेस वार्ता के दौरान प्रांशुल जैन ने बताया कि रघुवंशी कॉलोनी में प्लॉट नंबर 16, खसरा नंबर 210/3/1 स्थित है। उक्त प्लॉट का कुल क्षेत्रफल 1,500 वर्गफीट है। इस संपत्ति के उनके पास रजिस्ट्री, खसरा तथा नामांतरण सहित आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध हैं। इसके बावजूद भी महेश रघुवंशी उनकी संपत्ति पर कब्जे का प्रयास कर परिवार को धमका रहा हैं।

तीन वर्षों से शिकायतें करने का दावा

प्रांशुल जैन का कहना है कि वह पिछले तीन वर्षों से कथित कब्जे के प्रयास, मारपीट और जान से मारने की धमकियों के संबंध में शिकायतें कर रहे हैं। उन्होंने कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, एसडीएम सहित संबंधित अधिकारियों के समक्ष आवेदन देने की बात कही। उनका आरोप है कि शिकायतों और एफआईआर दर्ज होने के बावजूद मामले में अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई, जिसके कारण उनका परिवार भय के माहौल में रहने को मजबूर है।

दो एफआईआर का हवाला, हालिया घटना की जांच की मांग- प्रांशुल जैन ने अपने बयान में एफआईआर क्रमांक 206/2023 का उल्लेख करते हुए बताया कि इसमें भारतीय दंड संहिता की धाराओं 294, 323 और 506 के तहत मामला दर्ज हुआ था। इसके अतिरिक्त उन्होंने एफआईआर क्रमांक 0955/2026 का हवाला देते हुए बताया कि इसमें भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 296(बी), 115(2) और 3(5) के तहत प्रकरण दर्ज है।उन्होंने आरोप लगाया कि प्लॉट पर जाने के दौरान उनके परिवार के साथ विवाद, मारपीट और धमकी की घटनाएं होती हैं।

जैन के अनुसार, 10 अगस्त 2026 को प्लॉट दिखाने गए एक व्यक्ति पर धारदार हथियारों से हमला किया गया था। उन्होंने दावा किया कि इस घटना की एफआईआर करीब दो महीने बाद दर्ज हुई। उन्होंने पुलिस से देरी के कारणों की जांच कर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है।

राजनीतिक रसूख के इस्तेमाल का भी आरोप- प्रांशुल जैन ने आरोप लगाया कि महेश रघुवंशी कथित तौर पर राजनीतिक संबंधों का हवाला देकर लोगों पर दबाव बनाने की कोशिश करता है। जैन ने अपने बयान में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और महेंद्र सिंह सिसोदिया के नाम का उल्लेख करते हुए स्पष्ट किया कि उनकी शिकायत इन नेताओं के विरुद्ध नहीं है, बल्कि उनका आरोप है कि संबंधित व्यक्ति उनके नाम और कथित राजनीतिक संबंधों का इस्तेमाल कर धौंस दिखाता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि न्यायपालिका में पदस्थ एक रिश्तेदार के नाम का कथित तौर पर प्रभाव दिखाकर प्रशासन पर दबाव बनाने की कोशिश की जाती है। जैन ने इन सभी आरोपों की निष्पक्ष जांच कराने और यदि किसी प्रकार का अनुचित दबाव या प्रशासनिक लापरवाही सामने आए तो नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है।

अन्य मामलों और गिरफ्तारी वारंट की स्थिति स्पष्ट करने की मांग- पीड़ित परिवार ने संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध म्याना और गुना कोतवाली थानों में दर्ज कुछ अन्य एफआईआर का भी उल्लेख किया है। उन्होंने इन मामलों में कार्रवाई की स्थिति स्पष्ट करने की मांग करते हुए सवाल उठाया कि शिकायतों और दर्ज प्रकरणों के बावजूद प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं हो पा रही है। उन्होंने न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी होने की जानकारी का हवाला देते हुए पुलिस प्रशासन से वारंट की वर्तमान स्थिति और उसकी तामील के संबंध में स्पष्ट जानकारी देने की अपील करते हुए ऐसे व्यक्ति पर जिला बदर की कार्यवाही की जानी चाहिए।

परिवार की सुरक्षा और निष्पक्ष जांच की मांग- प्रांशुल जैन ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि उनकी सभी शिकायतों और दर्ज एफआईआर की निष्पक्ष समीक्षा की जाए।

कथित मारपीट, जान से मारने की धमकियों और संपत्ति पर कब्जे के प्रयासों की जांच कराई जाए तथा 10 अगस्त 2026 की घटना की एफआईआर दर्ज करने में हुई कथित देरी के कारणों का पता लगाया जाए। उन्होंने अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने, न्यायालयीन आदेशों की स्थिति स्पष्ट करने और यदि किसी अधिकारी की लापरवाही या अनुचित दबाव की पुष्टि होती है तो संबंधित लोगों के विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई करने की मांग की। प्रांशुल जैन ने कहा कि उनका उद्देश्य किसी से राजनीतिक टकराव करना नहीं, बल्कि अपनी संपत्ति, सम्मान और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित कराना है। उन्होंने आशंका जताई कि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो कोई अप्रिय घटना हो सकती है। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि किसी भी अनहोनी से पहले मामले को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

ग्वालियर- करवा चौथ पर पति ने की पत्नी की हत्या

ग्वालियर। ग्वालियर में करवा चौथ के दिन पति ने पत्नी की हत्या कर दी। महिला ने करवा चौथ का व्रत रखा था। गुरुवार सुबह पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद पति आनंद ने पत्नी मधु श्रीवास्तव के सिर पर मूसली से कई वार किए। इससे मधु की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी पति ने खुद पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। फिलहाल हत्या की वजह स्पष्ट नहीं है। घटना मुरार थाना क्षेत्र के त्यागी नगर में डिफेंस स्कूल के पास की है। जानकारी के मुताबिक, आनंद और मधु ने 2010 में प्रेम विवाह किया था। दोनों के एक बेटा और एक बेटी हैं। बच्चे अभी बात करने की स्थिति में नहीं हैं, इसलिए पति-पत्नी के बीच विवाद की वजह पता नहीं चल सकी है। आशंका है कि आरोपी ने पहले गला दबाकर पत्नी की हत्या की और फिर मूसली से उसके सिर पर कई वार किए। कहा ये भी जा रहा है कि आनंद की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। आकाश राणा ने बताया कि वह आरोपी के घर से कुछ दूरी पर रहता है। उसे थाने से फोन आया था कि उसके इलाके में कोई घटना हुई है। सूचना मिलने के बाद वह पुलिस के साथ काफी देर तक त्यागी नगर में तलाश करता रहा। इस दौरान आरोपी पति लगातार फोन पर पुलिस के संपर्क में था। वह कह रहा था कि पुलिस के आने के बाद ही घर का दरवाजा खोलेगा। आकाश के मुताबिक, जब वह पुलिस के साथ घर के अंदर पहुंचा, तब मधु की हत्या हो चुकी थी।

3 बच्चों समेत मां कुंए में कूदी सभी की मौत

ग्वालियर। ग्वालियर में गुरुवार शाम हुई रिमझिम बारिश ने मौसम का मिजाज बदल दिया। दिनभर आसमान में बादल छाए रहने के बाद शाम को बूंदाबांदी शुरू हुई। इस दौरान आसमान में घने बादलों के कारण अंधेरा छा गया। शाम के समय ही रात जैसा नजारा दिखने लगा। सड़कों पर वाहन चालकों को लाइट जलाकर निकलना पड़ा। बारिश से वातावरण में ठंडक घुल गई और लोगों को मौसम में बदलाव का अहसास हुआ। मौसम विभाग ने पहले ही ग्वालियर में बारिश की संभावना जताई थी। गुरुवार शाम हुई बूंदाबांदी के साथ यह पूर्वानुमान सही साबित हुआ। गुरुवार सुबह से ही शहर के आसमान में बादल छाए रहे। दिन चढ़ने के साथ मौसम में उतार-चढ़ाव बना रहा। शाम होते-होते बादल और घने हो गए। इसके बाद रिमझिम बारिश शुरू हो गई। बारिश के दौरान आसमान में अचानक अंधेरा छा गया, जिससे शाम के समय ही रात जैसा माहौल नजर आने लगा। सड़कों पर चलने वाले वाहन चालकों को भी अपनी लाइट जलाकर निकलना पड़ा।

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान 2026 अंतर्गत भ्रमण

धार। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान 2026 अंतर्गत क्षेत्र भ्रमण, निरिक्षण एवं जन-संवाद के माध्यम से आम जनता की शिकायतों का त्वरित निराकरण, शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की मॉनिटरिंग और लोक सेवाओं का समय-सीमा में प्रदाय करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान 2026 हेतु 30 अक्टूबर 2027 को ग्राम पंचायत जीराबाद विकासखण्ड गंधवानी में शिविर आयोजित होगा । मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने बताया कि पूर्व में यह ग्राम पंचायत बिल्दा में होना था, अपरिहार्य कारणों से उक्त प्रस्तावित शिविर ग्राम पंचायत बिल्दा के स्थान पर अब ग्राम पंचायत जीराबाद विकासखण्ड गंधवानी में शिविर आयोजित होगा। शेष कार्यक्रम एंव गतिविधियां पूर्व आदेश अनुसार यथावत रहेगी। उक्त आदेश तत्काल से प्रभावशील होगा। इसी प्रकार जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय धार द्वारा मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान अतंर्गत युवा संगम (रोजगार मेला) एवं केरियर काउंसलिंग का आयोजन 30 अक्टूबर 2026 को जनपद पंचायत गंधवानी के ग्राम पंचायत जीराबाद में आयोजित किया जायेंगा। जिला रोजगार अधिकारी श्री सतीश डोडिया ने बताया कि इस रोजगार मेले में औद्योगिक क्षेत्र की विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों साक्षात्कार के माध्यम से 50 पदों पर बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेगी। मेले में विभिन्न कम्पनियां भाग लेंगी।

जानलेवा हमले के मामले में चांचौड़ा थाना पुलिस की सक्रिय कार्यवाही

दैनिक अवन्तिका » गुना

पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल के कुशल नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में आमजन की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से हिंसक अपराधों, रंगदारी, गुंडागर्दी एवं असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत सख्त वैधानिक कार्यवाहियां की जा रही हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी चाचौड़ा मनोज कुमार झा के पर्यवेक्षण में चाचौड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप राजौरिया एवं उनकी टीम द्वारा जानलेवा हमले के एक प्रकरण में करीब 19 माह से फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई है।



उल्लेखनीय है कि दिनांक 24 मार्च 2025 को फरियादी शिवनारायण गुर्जर निवासी ग्राम पाखरियापुरा चक ने घायल अवस्था में बीनागंज अस्पताल में उपचार के दौरान पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आज रात वह अपने खेत पर गेहूं की फसल एकत्रित कर रहा था। इसी दौरान बोरखेड़ी निवासी अमृतलाल गुर्जर, उसका पुत्र दिनेश गुर्जर एवं एक अन्य अज्ञात व्यक्ति तीनों मोटरसाइकिल से वहां पहुंचे। पारिवारिक रंजिश के चलते उनके द्वारा उस पर कट्टे से फायर किया गया, जिससे उसकी पसली एवं जांघ में चोटें आईं। फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपीगण के विरुद्ध चाचौड़ा थाने में अपराध क्रमांक 118/25, धारा 109, 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

प्रकरण में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चाचौड़ा थाना पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे थे। इस हेतु पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र सक्रिय कर आरोपियों की गतिविधियों एवं उनके संभावित ठिकानों पर सतत निगरानी रखी गई। जिसके क्रम में गत दिनांक 28 अक्टूबर 2026 को एक आरोपी के संबंध में मुखबिर से सटीक सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकरण में करीब 19 माह से फरार आरोपी अमृतलाल पुत्र गंगाराम गुर्जर उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम बोरखेड़ी थाना मृगवास जिला गुना को गिरफ्तार कर लिया गया एवं आवश्यक वैधानिक कार्यवाही उपरांत आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। प्रकरण में फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार दबिश दी जा रही है। चांचौड़ा थाना पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप राजौरिया, उपनिरीक्षक मोहर सिंह गवली, राकेश भील, प्रधान आरक्षक अशोक वारिया, आरक्षक अमित राजावत एवं आरक्षक रोहित भदौरिया की विशेष भूमिका रही है।

खड़े हनुमान मंदिर मे प्रतिमा की स्कैनिंग करने पहुंची भोपाल की टीम



उज्जैन। उज्जैन के खड़े हनुमान मंदिर में प्रतिमा की स्कैनिंग करने भोपाल से उज्जैन पहुंची विशेषज्ञों की टीम जब खड़े हनुमान मंदिर पहुंचकर इलेक्ट्रिक उपकरणों से प्रतिमा की स्कैनिंग कर प्रतिमा की गहराई व नीचे की संरचनाओं की जांच कर रही थी इसी दौरान मशीन की बैटरी डिस्चार्ज हो गई और कुछ देर तक कोशिश करने के बाद वापस बैटरी को चार्ज किया गया। लेकिन उसके बाद बिना कोई आधिकारिक बयान देखकर टीम वापस लौट गई। खड़े हनुमान मंदिर की प्रतिमा को हटाने के कई बार प्रयत्न किए गए लेकिन हर बार कुछ ना कुछ ऐसी घटना घटित हो रही है जिसे भक्त चमत्कार के रूप में देख रहे हैं लोगों का कहना है कि पिछले डेढ़ महीने से खड़े हनुमान टेंट में विराजमान है। उज्जैन के खड़े हनुमान मंदिर में स्थापित प्राचीन प्रतिमा को हटाने का मामला एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है मंदिर का ढांचा हटाए जाने के डेढ महिने बाद बुधवार गुरुवार की दरमियानी रात भोपाल से आई विशेषज्ञों की टीम खड़े हनुमान मंदिर पर मशीन व इलेक्ट्रॉनिक उपकरण से प्रतिमा की जांच करने पहुंची थी। लेकिन प्रतिमा की जांच के दौरान चमत्कार जैसा नजारा देखने को मिला। जब विशेषज्ञों की टीम खड़े हनुमान मंदिर पहुंचकर प्रतिमा की मशीनों से स्कैनिंग कर रही थी इसी बीच मंदिर में मौजूद लोगों द्वारा कहा जा रहा है कि जिन उपकरणों से टीम के लोग प्रतिमा की स्कैनिंग कर रहे थे। उस समय इलेक्ट्रिक उपकरण की बैटरी डिस्चार्ज हो गई । बताया जाता है कि एसडीएम एलएन गर्ग सहित अधिकारियों की टीम करीब डेढ़ घंटे तक मौके पर मौजूद रही और स्कैनिंग के जरिए प्रतिमा की गहराई को नापती रही। लेकिन इसके बाद टीम बिना कोई आधिकारिक बयान दिए लौट गई। डेढ़ महीना बीत गया है लेकिन अभी तक खड़े हनुमान जी की प्रतिमा टेंट के नीचे ही विराजमान है। प्रशासन समाधान के बजाय प्रतिमा को यहां से अन्य जगह स्थापित करना चाहता है।

छात्राओं को दी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की जानकारी

गुना। एक आधुनिक तकनीक के दौर में छात्राओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने और उन्हें डिजिटल कौशल से जोड़ने के उद्देश्य से आईसेट द्वारा आयोजित कौशल विकास यात्रा शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गुना पहुंची। यहां छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की उपयोगिता, आधुनिक तकनीक के महत्व और बदलते तकनीकी युग में इसके बढ़ते प्रभाव की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में आई सेट के राज्य संयोजक आरके भारद्वाज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती मृदुला सक्सैना के कुशल नेतृत्व में कार्यक्रम का संचालन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को बताया गया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस किस तरह शिक्षा, रोजगार, संचार और दैनिक जीवन में नई संभावनाओं के द्वार खोल रहा है। आधुनिक तकनीक की समझ विकसित कर छात्राएं अपने कौशल को निखार सकती हैं और भविष्य में बेहतर अवसरों की ओर कदम बढ़ा सकती हैं। इस अवसर पर प्रतिभाशाली छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया। पुरस्कारों के माध्यम से छात्राओं को आगे बढ़ने, नई चीजें सीखने और अपनी प्रतिभा को पहचानने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को तकनीकी रूप से जागरूक बनाना, एआई जैसी उभरती तकनीकों से परिचित कराना और उनके कौशल विकास को नई दिशा देना रहा।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के स्वामित्व की संपत्ति भवन क्रमांक 3, जो की भूमि सर्वे क्रमांक 811/11 812, 813/1/1, 814/1/1 चौसठ योगिनी मार्ग पथ नं 02, तिलकेश्वर मार्ग, इमलीपुरा, उज्जैन में स्थित है का मूल विक्रय पत्र (ओरिजिनल सेल डीड) कहीं खो गया/गुम हो गया है। जिसका पंजीकरण क्रमांक 3281 दिनांक 20-08-1970 है उक्त संपत्ति के मूल विक्रय पत्र (ओरिजिनल सेल डीड) गुम होने के सम्बन्ध में थाना जीवाजीगंज में आवेदन दर्ज करा दिया दिया है यदि किसी व्यक्ति को उक्त मूल विक्रय पत्र मिलता है तो वे इस सुचना के प्रकाशन के 3 दिवस की अवधि में मेरे कार्यालय में मय प्रमाण सहित संपर्क करे।

दिनांक 29-10-2026, उज्जैन

प्रतीक उपाध्याय एडव्होकेट उज्जैन
कार्यलय 21, दशहरा मैदान उज्जैन (म.प्र.)
मो. 91111-44811

जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरी पक्षकारा LIC Housing Finance Limited के समक्ष अशोक भाटी पिता श्री कालूराम जी भाटी निवासी-5, ऊर्दुपुरा, उज्जैन (म.प्र.) द्वारा भूखण्ड क्रमांक 52/12 जो कि, व्यपवर्तित भूमि सर्वे क्रमांक 869/1 एवं सर्वे क्रमांक 869/2 कस्बा उज्जैन जिसका कुल क्षेत्रफल 310.08 वर्गमीटर स्थित सिद्धवट मार्ग, पिपलीनाका नरसिंग मंदिर के पास, लालबाई फूलबाई मार्ग, उज्जैन (म.प्र.) जिसके पूर्व में-अशोक भाटी का मकान, पश्चिम में-सड़क, उत्तर में-जिवाजीगंज अस्पताल एवं दक्षिण में-नरसिंग मंदिर है, को बंधक रखकर ऋण सुविधा की मांग की गयी है, उक्त संपत्ति को अशोक भाटी पिता श्री कालूराम जी भाटी द्वारा दो पृथक-पृथक पंजीकृत विक्रय पत्र लेख दस्तावेज के माध्यम से क्रय किया गया है जिसमें से 260.08 वर्गमीटर को श्री ऊंकारलाल पिता बापूजी गेहलोत निवासी-उज्जैन (म.प्र.) से एवं 50.00 वर्गमीटर को पुनीबाई पति स्वर्गीय श्री ऊँकारलाल, राजेश पिता स्वर्गीय श्री ऊँकारलाल एवं सोनाली पिता पिता स्वर्गीय श्री ऊँकारलाल से क्रय किया गया है, यदि उक्त संपत्ति को बंधक किये जाने के संबधं में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, को कोई आपत्ति हो अथवा शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या उक्त मूल दस्तावेज किसी व्यक्ति के पास बंधक हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति को LIC Housing Finance Limited द्वारा बधंक कर लिया जावेगा । तत्पश्चात केाई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होगी।

सो सूचित हो । दिनांक:-28.10.2026

विवेक गुप्ता एडवोकेट
11/1, घटकरपर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन म.प्र.
मो. 9827228461

जाहिर-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी 1. श्रीमती दुर्गा राय पति स्व. श्री राजेश राय, निवासी-156/3, नगरकोट, लाला लाजपत राय मार्ग, मां लक्ष्मी दूध डेरी, उज्जैन (म.प्र.) द्वारा मुख्त्यार आम श्री विवेक राजेश राय पिता स्व. श्री राजेश राय, निवासी-156/3, नगरकोट, लाला लाजपत राय मार्ग, मां लक्ष्मी दूध डेरी, उज्जैन (म.प्र.), 2. श्री विवेक राजेश राय पिता स्व. श्री राजेश राय, निवासी-156/3, नगरकोट, लाला लाजपत राय मार्ग, मां लक्ष्मी दूध डेरी, उज्जैन (म.प्र.) से इनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भवन क्रमांक 73 सर्वे क्रमांक 1111 में का भाग होकर भुवनेश्वर कॉलोनी (भुवनेश्वरी कॉलोनी), उज्जैन (म.प्र.) पर स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 625 वर्गफीट अर्थात 58.06 वर्गमीटर हैं। उक्त भवन का रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र का संपादन मेरे पक्षकार ने अपने पक्ष में करवा लिया हैं। यदि उक्त भवन के विक्रय को लेकर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, सोसायटी, साहूकार आदि को किसी भी प्रकार की कोई उज्ज आपत्ति हो या किसी भी प्रकार का कोई अन्य क्लेम आदि हो अथवा ऋण, भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष में रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध पत्र या इस भवन से संबंधित मुख्त्यार नामा आम या मुख्त्यार नामा खास हो तो ऐसी उज्ज आपत्ति इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस अंदर मुझे मेरे कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाण के आपत्ति दर्ज करा लेवे। अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो। इति दिनांक 29/10/2026

डॉ. एस.के. शर्मा एडव्होकेट-
ऑ.नं. 15, बख्तावर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन
मो.नं. 9300707767

In The Court Of V Civil Judge, Junior Division, District Court, Ratlam
Presiding Officer : सुश्री प्रीति राठौर

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A/0000335/2025)

जा.क्र. 215 / 27/10/2026 — Process ID-494/2026 — पेशी दिनांक: 27/11/2026

प्रेषिती-
(1) संजीदा बी पिता खान मोहम्मद पता- विराट नगर गली न 06 उज्जैन म.प्र.
(2) अच्छी बी पति खान मोहम्मद पता- विराट नगर गली न 06 उज्जैन म.प्र.

यह कि प्रार्थी अलाउददीन मोहम्मद ने आपके विरूद्ध घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा एवं बंटवारे की सहायता हेतु के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 27 October 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

टिप्पणी (कृपया ध्यान दें):- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

न्यायाधीश (प्रीति राठौर) पंचम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, रतलाम (म.प्र.)

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी अशोक पिता श्री कैलाश जी, उम्र 45 वर्ष, निवासी ग्राम भोण्डवास तहसील बड़नगर जिला उज्जैन से उनके अपने अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य कि कृषि भूमि सर्वे नम्बर 52/3/2 रकबा 0.760 हेक्टर मे से रकबा 0.600 हेक्टर पश्चिम दिशा वाली भूमि, स्थित ग्राम भोण्डवास तहसील बड़नगर जिला उज्जैन में स्थित है, उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि मे से टोकन राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। अब केवल अनुबंध पत्र व विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है। उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्ज व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। सो सूचित हो।

इति: दिनांक-29/10/2026

पीयूष पण्ड्या, एडवोकेट
ऑफिस- डी- -12 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन,
मो. 94248 78460

स्कूटी सवार पर दिनदहाड़े हमला, बदमाशों ने रॉड-डंडों से पीटा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

रतलाम में बुधवार दोपहर स्कूटी से जा रहे सुरेश पोपटानी पर अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया। सुरेश के मुताबिक, जवाहर स्कूल और कॉमर्स कॉलेज के पास तीन गाड़ियों में आए लोगों ने उन्हें रोका। लोहे की रॉड, डंडों व पत्थरों से हमला किया। वह भागकर बचने की कोशिश करने लगे। भीड़ जुटने पर हमलावर भाग गए। घायल सुरेश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उन्होंने कॉलोनी समिति के चुनाव की पुरानी रंजिश में भाजपा नेता विनोद करमचंदानी और अन्य लोगों के इशारे पर हमला कराने का आरोप लगाया है। भाजपा नेता ने आरोपों को झूठा बताया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

घायल सुरेश पोपटानी ने बताया कि पिछले २-३ दिनों से कुछ संदिग्ध लोग उनकी रेकी कर रहे थे। बुधवार दोपहर वह घर लौट रहे थे। इसी दौरान जवाहर स्कूल और कॉमर्स कॉलेज के पास तीन गाड़ियों में सवार लोगों ने उन्हें रोक लिया।

सुरेश के मुताबिक, जान बचाकर भागने के दौरान हमलावरों ने उन पर लोहे की रॉड, डंडों और पत्थरों से हमला किया। इससे वह घायल हो गए। भीड़ जुटने पर हमलावर वहां से भाग गए। हमले की सूचना मिलने पर औद्योगिक क्षेत्र थाने की पुलिस जिला अस्पताल पहुंची। पुलिस ने सुरेश के बयान लिए और मामले की जांच शुरू की।

सुरेश ने आरोप लगाया कि हमला भाजपा नेता विनोद करमचंदानी, उनके चचेरे भाई कमलेश पिता मुरलीधर करमचंदानी और मुकेश गुरनानी के इशारे पर कराया गया है।

सुरेश के अनुसार, करीब डेढ़ साल पहले संत कंवरराम नगर सिंधी कॉलोनी की सहकारिता समिति के चुनाव में वह विनोद करमचंदानी के खिलाफ चुनाव लड़े थे। इस चुनाव में वह ३ वोटों से हार गए थे।

सुरेश का आरोप है कि इसके बाद से उनके बीच रंजिश चल रही थी। उन्होंने बताया कि पहले भी उन्हें धमकियां मिली थीं। इस संबंध में उन्होंने एफआईआर दर्ज कराई थी। चुनाव में गड़बड़ी की शिकायत को लेकर कोर्ट में भी मामला चल रहा है।

सुरेश ने इसी पुरानी रंजिश को हमले की वजह बताया है। घटना की जानकारी मिलने पर समाज के लोग भी जिला अस्पताल पहुंचे।

भाजपा नेता विनोद करमचंदानी ने बताया कि वह पिछले 9 दिन से रतलाम से बाहर थे। उन्हें भी बुधवार दोपहर घटना की जानकारी मिली। उन्होंने कहा- जो भी आरोप लगाए जा रहे हैं, झूठे हैं। यह भी हो सकता है उसने खुद ने हमला करवाकर झूठा आरोप लगा रहा है। मेरा कोई विवाद नहीं है। जो भी मामला है सामाजिक स्तर का है।

मुकेश गुरनानी ने बताया कि उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र थाने में सुरेश पोपटानी के खिलाफ कॉलोनी में एक प्लॉट की धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई है। इसकी जांच चल रही है। मुकेश के मुताबिक, संभव है कि जांच प्रभावित करने के लिए सुरेश उनका नाम ले रहे हों।

औद्योगिक क्षेत्र थाने के सब इंस्पेक्टर ध्यानसिंह सोलंकी ने बताया कि सामाजिक स्तर के चुनाव को लेकर एक साल से पुराना विवाद चला आ रहा है। घायल के बयान के आधार पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की गई है।उन्होंने बताया कि सुरेश ने समाज के तीन लोगों पर हमला कराने का आरोप लगाया है। पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

न्यूज-कॉलम

वैश्विक तापन विषय पर एक्सटेंशन लेक्चर आयोजित

मंदसौर। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के भूगोल विभाग द्वारा वैश्विक तापन चुनौतियाँ एवं समाधान विषय पर एक एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया।अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. जे. एस. दुबे ने मानवीय गतिविधियों को वैश्विक तापन का प्रमुख कारक बताते हुए जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान किया। भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. शांतिलाल ईरवार ने जलवायु परिवर्तन की गंभीरता और इससे उत्पन्न गंभीर चुनौतियों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि सहायक प्राध्यापक नीमच राकेश कुमार कसवाँ ने औद्योगिक क्रांति के बाद तापमान में वृद्धि, वायुमंडल में कार्बन डाइ ऑक्साइड के बढ़ते स्तर, चरम मौसमी घटनाओं और संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य-13 के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी।

श्री तोमर कल युवा संसद अधिवेशन में करेंगे शिरकत

मंदसौर। मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर कल 31 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे वे श्री कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम मंदसौर में आयोजित ३२वें राष्ट्रीय भारतीय युवा संसद अधिवेशन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। इस कार्यक्रम के पश्चात वे दोपहर12.30 बजे मंदसौर से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, श्री तोमर आज 30 अक्टूबर को रात 7.30 बजे मंदसौर सर्किट हाउस पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे।

मिलावटखोरों पर खाद्य विभाग की नजर

रतलाम। आगामी त्योहारों को देखते हुए खाद्य पदार्थों में मिलावट पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने जिलेभर में निरीक्षण और नमूना कार्रवाई तेज कर दी है।

पश्चिम रेलवे-रतलाम
ई–नीलामी सूचना
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक–रतलाम मंडल–पश्चिम रेलवे ने लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन स्थित पे एंड यूज़ टॉयलेट्स के लिए ई–नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को IREPS वेबसाइट (ई–ऑक्शन) पर प्रकाशित किया गया है, विवरण निम्न प्रकार से है । केटलॉग सं. PnU-RTM-26-09 अनुबंध का प्रकार – पे एंड यूज़ टॉयलेट्स, लॉट नं. PnU-RTM-LMNR-Toi-54-26-2 (Pay and Use Toilets) अनुबंध की अवधि–03 वर्ष, ई– नीलामी की तिथि और समय लॉट के लिए ई–नीलामी दिनांक 12.11.2026 को 11:00 बजे प्रारंभ होगी। प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। IREPS के ई–ऑक्शन मॉड्यूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है। 0309
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

अफीम नीति के विरोध में मंदसौर में कांग्रेस का प्रदर्शन, वित्त मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर



वर्ष 2026-27 की नई अफीम नीति के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में किसानों और कांग्रेसजनों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। स्थानीय कांग्रेस कार्यालय से रैली निकालकर किसानों ने नारकोटिक्स कार्यालय का घेराव किया और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नाम जिला अफीम अधिकारी अन्नतू चटर्जी को ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर ने केंद्र की भाजपा सरकार पर किसानों के हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान नीति में ४.२ के स्थान पर ४.४ पर पट्टे जारी करने और सीपीएस पद्धति में किसानों के साथ अन्याय किया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि डोडाचूरा पर लागू एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 व 8/29 को हटाया जाए,1990-91 से रुके पुराने पट्टे बहाल किए जाएं, प्राकृतिक आपदा से फसल नष्ट होने पर पुनः पट्टा दिया जाए और अफीम का भाव 50 हजार रु. किया जाए। आंदोलन का संचालन अनिल शर्मा ने किया और आभार संजीत ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सत्यनारायण पाटीदार ने माना। इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और अफीम उत्पादक किसान उपस्थित रहे।

दुकानों पर पूजा सामग्री की बिक्री, लाल रंग के करवो की रही मांग

नीमन । देश में त्यौहार ऑन का सीजन शुरू हो चुका है द्य गुरुवार को करवा चौथ के एक सप्ताह से पूजन सामग्री और मिट्टी के करवा की दुकान सज गई द्य सभी सुहागन अपने पति की लंबी उम्र,सुखी वैवाहिक जीवन और अखंड सौभाग्य की कामना के साथ सुहागिन महिलाएं करवाचौथ पर्व की तैयारियों में जुटी रही । २९ अक्टूबर, गुरुवार को मनाए जाने वाले इस पर्व को लेकर नीमच के बाजारों में रौनक बढ़ गई । महिलाएं करने, छलनी, पूजा की थाली और व्रत से जुड़ी अन्य सामग्री की खरीदारी की गई । शहर के बाजार में बढ़ती चहल-पहल से दुकानदारों के चेहरे भी खिले रहे हैं द्य शहर के टैगोर मार्ग पर करवा चौथ की खरीदारी के लिए महिलाओं की अच्छी संख्या देखने को मिली। महिलाएं अपनी पसंद और परंपरा के अनुसार पूजन सामग्री खरीद रही हैं। इस बार लाल रंग के करवों को लेकर भी महिलाओं में खास पसंद देखने को मिल रही है। रंग-बिरंगे करवे और पूजा की अन्य वस्तुएं बाजार में आकर्षण का केंद्र बनी रही।

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 31 कों

नीमच,। जिले में सड़क सुरक्षा से जुड़े विषयों पर चर्चा एवं आवश्यक कार्यवाही के संबंध में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 31 अक्टूबर 2-26 को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार, नीमच में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा करेंगे।बैठक में सड़क सुरक्षा से संबंधित विषयों पर चर्चा की जाएगी।

न्यूज कालम



13 नवंबर को मनेगा पेंशनर महासंघ दीपावली मिलन समारोह

मंदसौर। सेवानिवृत्त एवं पेंशनर नागरिक महासंघ मंदसौर नगर इकाई की मासिक बैठक पं. दीनदयाल उपाध्याय वृद्धजन सेवा केंद्र पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महासंघ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष श्रवणकुमार त्रिपाठी ने की, जबकि मंच पर जिला उपाध्यक्ष रमेशचंद्र चन्द्रे, नगर उपाध्यक्ष प्रभुदयाल शर्मा, जिला सचिव चंद्रकांत शर्मा व डॉ. देवेंद्र पुराणिक उपस्थित रहे। बैठक में मोहल्ला इकाइयों की सदस्यता की प्रगति की समीक्षा की गई तथा वर्ष 2027 में जिला कार्यकारिणी के पुनर्गठन से पूर्व मार्च 2027 तक सभी मोहल्ला इकाइयों का पुनर्गठन करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही, 6 नवंबर को गौशाला मार्केट कार्यालय पर दीपावली पूजन और 13 नवंबर को संगठन का दीपावली मिलन कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की गई। इस दौरान वरिष्ठ सदस्य बालाराम धनगर का सम्मान किया गया और नगर इकाई के दिवंगत सचिव देवीलाल परमार को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक का संचालन अशोक नागदा ने किया ।

मोहित और वेदिका का ऑल इंडिया केंद्रीय विद्यालय हॉकी टीम में चयन

मंदसौर। केंद्रीय विद्यालय मंदसौर में अध्ययनरत सगे भाई-बहन मोहित बथमी व वेदिका बथमी का चयन ऑल इंडिया केंद्रीय विद्यालय हॉकी टीम में हुआ है। दोनों खिलाड़ी दिसंबर 2026 एवं जनवरी 2027 में आयोजित होने वाली 17 वर्ष से कम आयु वर्ग की राष्ट्रीय शालेय हॉकी प्रतियोगिताओं में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उनका यह चयन दिल्ली में आयोजित केंद्रीय विद्यालय राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। ग्यारहवीं कक्षा के छात्र मोहित बथमी रांची में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे, जबकि दसवीं कक्षा की छात्रा वेदिका बथमी जनवरी में राउरकेला में होने वाली प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी।

राज्य स्तरीय कलारीपयट्टू प्रतियोगिता में मंदसौर ने जीते 6 पदक

मंदसौर। मुरैना जिले में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय कलारीपयट्टू फेडरेशन कप प्रतियोगिता में मंदसौर जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 6 पदक हासिल किए। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने 4 स्वर्ण और 2 रजत पदक अपने नाम किए, साथ ही बेस्ट परफॉर्मेंस मेल का प्रतिष्ठित अवार्ड भी प्राप्त किया। मंदसौर जिला कलारीपयट्टू एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विजय कोठारी ने बताया कि प्रतियोगिता में जिले के तीन खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पधाओं में भाग लिया। सोनू मेघवाल ने उरुमी एवं शील्ड में स्वर्ण पदक, तुषार गुर्जर ने उरुमी में स्वर्ण पदक और दिव्यांश सोलंकी ने चौडूकल में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसके अलावा, दिव्यांश सोलंकी एवं सोनू मेघवाल ने कुरुवडी स्पर्धा में रजत पदक हासिल किए।

प्रभारियों के भरोसे चल रही है नगरपालिका –बोराना

नीमच। प्रदेश की नीमच नगरपालिका ऐसी परिषद है जो कभी किसी जमाने में जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारियों को निभाते थे वे कार्य के प्रति निष्ठा लगन की भावना रखकर जनता की हर समस्या के लिये हमेशा सचेत व सजग रहते थे। आज हालत यह है कि नीमच नगरपालिका मे जिम्मेदार की जगह प्रभारी मौजूद है जिन्हें किसी तरह जिम्मेदारी कर्तव्य का भान है न ज्ञान है उक्त बात एक प्रेस नोट जारी करते हुए कांग्रेस युवा नेता दुगार्शंकर बोराना ने करते हुए कहा कि नगरपालिका मे जनहित के नहीं जमीनों से जुड़े कार्य होते है एक अर्से से नीमच नगर भ्रष्ट अधिकारियों का अड्डा बन गया है यहां पर आम खास को अपनी समस्या का निराकरण करने मशक्त करनी पड़ती है। बोराना ने कहा कि नगरपालिका शहर विकास व मूलभूत सुविधाओं के लिए जनता की सेवा के लिए है लेकिन शहर मे हर तरफ विनाश नजर आये तो क्या कहेंगे बोराना ने कहा कि शासन को चाहिये कि नीमच नगरपालिका जो प्रभारी बने हुए है उन्हें हटाकर काबिल जिम्मेदारों को पदस्थ किया जाये।

उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर में युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित



मन्दसौर। च्मेरा युवा भारतज् मंदसौर के तत्वावधान में गुरूवार को उत्कृष्ट विद्यालय, मंदसौर में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता सांसद सुधीर गुप्ता ने अपने संबोधन में युवाओं को देश की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए उन्हें शिक्षा, कौशल विकास, नवाचार और अनुशासन के मार्ग पर चलते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के दौरान यूथ आइकन सुश्री वर्षा राजकुंवर झाला ने पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को मतदान के अधिकार और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में इसकी जिम्मेदारी के बारे में विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में युवा मोर्चा महामंत्री बंटी चौहान, सांसद प्रतिनिधि बंसीलाल राठौड़, प्राचार्य के.सी. सौलंकी सहित विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में जिला युवा अधिकारी सुश्री मुस्कान जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया और इस संवाद सत्र के जरिए विद्यार्थियों ने जनप्रतिनिधियों से सीधे प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया।



नकली दूध फैक्ट्री का भंडाफोड़

मंदसौर। जिले के शामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम डूंगरखेड़ी में पुलिस ने छापामार कार्रवाई के दौरान मौके से भारी मात्रा में नकली दूध बनाने की सामग्री और उपकरण जप्त किए गए हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 10 लाख रुपये आंकी गई है.प्राप्त जानकारी अनुसार कार्रवाई के दौरान राजस्व अधिकारी नायब तहसीलदार भीमसिंह खराड़ी और जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी धीरेंद्र सिंह जादोन भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने मौके पर खाद्य सामग्री के सैंपल लेकर विधिवत जप्त कर लिए। फैक्ट्री से ६ कट्टे मिल्क पाउडर, 5 वनस्पति घी के टीन, चार यूरिया के कट्टे, एक फिल्टर मिक्सर इलेक्ट्रॉनिक मशीन, गैस भट्टा, डी फ्रीज, इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा, पानी की मोटर, 40 लीटर लिक्विड सोप और दो दूध टेस्ट करने वाली इलेक्ट्रॉनिक मशीनें बरामद की गईं।इस मामले में पुलिस ने आरोपी कृष्णपाल सिंह और शिवराजसिंह दोनों निवासी डूंगरखेड़ी, थाना शामगढ़ के खिलाफ धाराओं 272, 274, 275 और 110 बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।

रॉन्ग साइड से आए ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर

रतलाम जिले के बाजना क्षेत्र में बुधवार देर शाम सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा ग्राम देवली में हुआ। रॉन्ग साइड से तेज गति में आ रहे अशोक लीलैंड वाहन ने सामने से बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। कालिया कुंडली निवासी रितेश डामोर अपने साथी जितेंद्र उर्फ दीनू निवासी हलकारा के साथ बाइक से पाटन की तरफ से आ रहा था। इसी दौरान वाहन बाजना की ओर से गलत दिशा में तेज गति से आया और बाइक को टक्कर मार दी।स्थानीय लोगों ने घायलों को पहचानकर उनके परिजनों और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे। रितेश के सिर, नाक, कान और सीने पर गंभीर चोटें आई थीं। अत्यधिक खून बहने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, जितेंद्र गंभीर रूप से घायल मिला।हादसे के बाद दोनों को बाजना अस्पताल ले जाया गया।

यातायात विभाग में ऑटो टैक्सी चालक की बैठक ली

नीमच। पुलिस मुख्यालय व पुलिस अधीक्षक जिला नीमच श्री राजेश व्यास के विशेष निदेर्शानुसार गुरुवार 28 अक्टूबर को स्कूली छात्रों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए एवं छात्रों को परिवहन करने वाले वाहनों द्वारा यातायात के नियमों की अनुपालन को सुनिश्चित कराने हेतु थाना प्रभारी यातायात मलखान सिंह एवं यातायात टीम द्वारा आज महू रोड पर वाहन चेकिंग लगा कर चालकों के लाइसेंस, वाहन की फिटनेस, बीमा, पीयूसी, ओवरलोडिंग, परमिट आदि के संबंध में वाहनों की जांच की गई गई जिसमें ७ वाहन नियम विरुद्ध ओवर लवरलोडिंग, बिना बीमा , बिना फिटनेस आदि के पाए गए उक्त वाहनों को जब्त कर थाना यातायात खड़ा कराया गया बाद उक्त वाहनों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट में सुसंगत कार्यवाही करते हुए २०९००/झ रुपए का शमन शुल्क अधिरोपित किया गया साथ ही आगामी समय में होने वाली दस्तावेजी कमियों के बारे में अवगत कराया गया साथ ही ऑटो रिक्शा यूनियन के पदाधिकारियों के साथ मीटिंग कर आवश्यक निर्देश दिए गए ।यातायात पुलिस नीमच नौनिहाल बालकों/बालिकाओं (स्कूली छात्रों)के अभिभावकों एवं विद्यालय संचालकों से विनम्र अपील है कि आपके बालक/ बालिका आने वाले कल में देश का भविष्य है बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें । बच्चों की सुरक्षा नीमच पुलिस की की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित होगा जनविश्वास शिविर

रतलाम । शासन निदेर्शानुसार च्जनविश्वास कार्यक्रमज् के अन्तर्गत क्षेत्र भ्रमण, जनसमस्याओं के प्रभावी निराकरण एवं शासकीय सेवाओं की गुणव×ा सुनिश्चित किये जाने हेतु 14 अगस्त से 29 जनवरी 2027 तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित किये जाने वाले शिविरों के तहत आज ३० अक्टूबर शुक्रवार को नगर निगम कार्यालय परिसर स्थित फायर स्टेशन भवन में कार्यालयीन समय में आयोजित किया गया है।मुख्यमंत्री जनविश्वास कार्यक्रम के तहत आम नागरिक की समस्याओं का समयबद्ध एवं संवेदनशील निराकरण एवं शासन की सेवाओं की सहज उपलब्धता हेतु आयोजित होगा।

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक–12
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- इनायतअली पिता विलायत अली पता- 3-3-2 एल.के. गौरे पथ इन्दौर पिन- 1001134246 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 12 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.–12 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक–12
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्रीमती आशा मंत्री पति गोविन्द मंत्री पता- 12 पागनीस पागा शांता प्रिया अपार्टमेंट इन्दौर पिन- 1001124288 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 12 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.–12 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक–12
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- सुभाष पिता स्व. श्री गेंदालाल चौहान पता- 6-2-1 आलापुरा इन्दौर पिन- 1001124613 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 12 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.–12 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक–17
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- वरचुअस हेल्थ केयर लिमिटेड क्रेता- आशुतोष तिवारी पिता मुरलीधर तिवारी 2- अश्विनी तिवारी पति आशुतोष तिवारी पता- ए-511 आदित्य गेटवे भूखंड क्रमांक 42 इन्दौर पिन- 9000218060 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 17 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.–17 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक–17
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- वरचुअस हेल्थ केयर लिमिटेड क्रेता- आशुतोष तिवारी पिता मुरलीधर तिवारी 2- अश्विनी तिवारी पति आशुतोष तिवारी पता- ए-304 ब्लाक-ए आदित्य गेटवे भूखंड क्रमांक 42 स्कीम नं.139 इन्दौर पिन- 9000218059 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 17 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.–17 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक–17
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- श्रीमती सुनीता पति अशोक क्रेता- देवेन्द्रसिंह पिता नारायणसिंह पता- 119 भावनी नगर इन्दौर पिन- 9000170691 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 17 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.–17 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगरपालिका परिषद, नीमच जिला नीमच म.प्र.

क्र. 381/ई–टेण्डर/01/लो.नि.वि./2026/ नीमच, दिनांक 28/10/2026

ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट website http://mptenders.gov.in पर देखा सकता है ।

क्र./टेण्डर क्रमांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा प्रपत्र अंतिम तिथि
2026_UAD_538352 (Second Call)	वार्ड कर्माक 31 भुतेस्वर नदिर रोड से चतद नं. 01 तक वामरीकरण कार्य	6 Months 2022626+GST	Rs. 5000 Rs. 15300	11-11-202
2026_UAD_538270 (Second Call)	वार्ड कर्माक 13 शास्त्री नगर क्यीड्ता विकसित कार्य	3 Months 1552215+GST	Rs. 5000 Rs. 11500	11-11-202
2026_UAD_523192 (Third call)	वार्ड कर्माक 08 नामकिक नवन नें किलन रोड व पेडर प्रीफ निर्माण	3 Months 716488+GST	Rs. 5000 Rs. 7500	04-11-202
2026_UAD_538260 (Second call)	वार्ड कर्माक 01 राममुरा इस्वाला दिल नें से वघांसित तक सीसी रोड	3 Months 812482+GST	Rs. 2500 Rs. 8500	04-11-202
2026_UAD_528257 (Second call)	वार्ड क. 27 नामीरपर मदिर वर्ममाला से मदिर मरिगर के नीसी माली निर्माण	3 Months 772241+GST	Rs. 5500 Rs. 8500	04-11-202
2026_UAD_549914	वार्ड क. 06. ऑर्ड मोंहलत गामी को ढर्मो के पास पिरेपरिंग कार्य	3 Months 765728+GST	Rs. 7000 Rs. 7700	11-11-202
2026_UAD_549918	वार्ड क. 18 अल्वेककर कोलाती जार्य नात्य मदिर में सीसी कीट कार्य	6 Months 1804811+GST	Rs. 5000 Rs. 13600	28-11-202
2026_UAD_538243 (Second call)	वार्ड कर्माक 23 तीन वासी सीराहे से पुलिया तक सीसी सेड एव नाली निर्माण	3 Months 1188626+GST	Rs. 3000 Rs. 8900	11-11-202
2026_UAD_538246 (Second Call)	वार्ड क. 22 आमीव कर्त में सेकर आईल दिल तक आमरीकरण कार्य	3 Months 1205905+GST	Rs. 5000 Rs. 9800	11-11-202
2026_UAD_538327 (Second Call)	वार्ड कर्माक 6.7.8 नमवामपुसा वॉहाहे से ग्यालटीली तक आमरीकरण कार्य	6 Months 3199259+GST	Rs. 5000 Rs. 23550	11-11-202
2026_UAD_545590	वार्ड कर्माक 26, मामी यहन से आपेली रौटर तक आमरीकरण कार्य	2 Months 964790+GST	Rs. 5000 Rs. 9700	11-11-202
2026_UAD_538353 (Second Call)	वार्ड कर्माक 07 हविरा मगर सरवारसिड के मववन में विजम्रन स्कूल तक डामरीकरण कार्य	3 Months 1467210+GST	Rs. 5000 Rs. 11100	11-11-202
2026_UAD_538369 (Second Call)	वार्ड कर्माक 35 ओकल्न वालावी से स्टेट बेक तवा डामरीकरण कार्य	6 Months 3462525+GST	Rs. 5000 Rs. 25250	11-11-202
2026_UAD_523181 (Third Call)	वार्ड कर्माक 15 हॉरिवान कोलोंमी योस्तों पर ड्रायगल मिर्याण कार्य	3 Months 346256+GST	Rs. 5000 Rs. 4000	11-11-202
2026_UAD_554566	वार्ड कर्माक 66, हिसलाल के पकान से एम्पॉईयी ऑकोंस तक डामरीकरण कार्य	3 Months 948250+GST	Rs. 5000 Rs. 9500	11-11-202
2026_UAD_554559	वार्ड कर्माक 24 सतपुल्ल रैसमी से पहव अतवाल के नकान तक व.पं.46, 48 तक सीसी सेड निर्वाग कार्य	3 Months 948254+GST	Rs. 2000 Rs. 9500	11-11-202
2026_UAD_454489	वार्ड कर्माक 26 स्वां पोक्ट्रों से आईडीबीसाई बेक भियास कोंता ओगों एव निनिना स्लनी पर आमरीकरण कार्य	6 Months 1998216+GST	Rs. 5000 Rs. 15000	28-11-202
2026_UAD_554488	वार्ड कर्माक 25 सम्पूर्ण सुभरा नगर में डामरीकरण कार्य	3 Months 1292650+GST	Rs. 5000 Rs. 9700	28-11-202
2026_UAD_554481	वार्ड कर्माक 30 वन्ताती कोंलोंगी में डानरीकरण कार्य	3 Months 1201120+GST	Rs. 2000 Rs. 12000	28-11-202
2026_UAD_554488	वार्ड कर्माक 39 वन्ताती कोंलोंगी में डानरीकरण कार्य	3 Months 1201700+GST	Rs. 2000 Rs. 12000	28-11-202
2026_UAD_554479	वार्ड कर्माक 39 बचाना स्मसान में सीसी रोड निर्णाण कार्य	3 Months 978042+GST	Rs. 5000 Rs. 9800	11-11-202

1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mptenders.gov.in की बेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

श्रीमती स्वाति गौरव चौपड़ा
अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद, नीमच

श्री मनोहर गोटवानी
समापति, लो.नि.वि.,
नगरपालिका परिषद नीमच

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद, नीमच

जैन बने लोकतंत्र बचाओ, अभियान के सारंगपुर विधानसभा संयोजक

सारंगपुर। भारतीय जनता पार्टी जिला राजगढ द्वारा लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के तहत महत्वपूर्ण नियुक्ति यों की घोषणा की गई है। जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर द्वारा जारी आधिकारिक पत्र के अनुसार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निदेर्शानुसार तथा संभाग प्रभारी तेजबहादुरसिंह एवं जिला प्रभारी ध्रुवनारायणसिंह की सहमति से विधानसभा संयोजकों की सूची घोषित की गई है। इस घोषणा में वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मल जैन सारंगपुर को लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान का सारंगपुर विधानसभा का संयोजक बनाया गया है। श्रीजैन की नियुक्ति से सारंगपुर के भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह का माहौल है। स्थानीय कार्यकर्ताओं ने उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में यह अभियान सारंगपुर क्षेत्र में बेहद सफल और प्रभावशाली सिद्ध होगा। अभियान को जमीनी स्तर पर मजबूती प्रदान करने के लिए जिले की अन्य विधानसभाओं में भी जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जिसमें नरसिंहगढ़ में दिनेश दांगी, ब्यावरा में अमित शर्मा, राजगढ़ में श्याम गुर्जर, खिलचीपुर में मुकेश राठोर की की गई है।1

सिरपोई में स्वच्छता पखवाड़े के तहत चलाया स्वच्छता अभियान



सुसनेर। स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत ग्राम सिरपोई में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान गिरिराज मंदिर परिसर एवं पुलिया पर साफ-सफाई का कार्य किया गया। साथ ही उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाकर अपने आसपास साफ-सफाई रखने तथा अन्य लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का संकल्प दिलाया गया। यह कार्यक्रम जिला समन्वयक देवेंद्र शर्मा एवं विकासखंड समन्वयक सत्यनारायण सोनी के दिशा-निर्देशानुसार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष दिनेश कुमार बरेठा सहित समिति के सदस्य एवं एमएसडब्ल्यू और बीएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम की परामर्शदाता ज्योति बैरागी ने स्वच्छता गतिविधियों में सहभागिता की। अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए लोगों को प्रेरित करना रहा।

त्यौहार शांतिपूर्ण संपन्न हो यही प्राथमिकता - भाभौर

महिदपुर रोड। नगर के थाने में बुधवार की देर रात में पुलिस कप्तान द्वारा थाना प्रभारियों की तबादला सूची में यहां के थाने में पदस्थ किये थाना प्रभारी आनंद भाभौर ने गुरुवार को आमद देते हुए अपना पदभार ग्रहण किया पत्रकारों शांति समिति सदस्यों वि भिन्न व्यापारी एसोसि एशन के सदस्यों तथा निजी चिकित्सक एसोसिएशन के सदस्य द्वारा आपसे मुलाकात कर स्वागत किया गया पत्रकारों से चर्चा करते हुए नवागत थाना प्रभारी आनंद भाभौर ने कहा आगामी दीपावली का त्यौहार सभी के सहयोग से शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो उन्न की यही प्रा थमिकता होगी इस दौरान पत्रकार गोपाल उपाध्याय के मिस्ट एसोसिएशन के सदस्य सचिन सेठिया निजी चिकित्सक एसोसिएशन के डॉ राहुल सौलंकी किराना व्यापारी एसोसिएशन के अनिल पोरवाल (दूध डेयरी) तथा गोविंद पोरवाल आदि मौजूद रहे।

गांजा तस्करी के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

शाजापुर। गांजा तस्करी के मामले में तीन वर्षों से फरार चल रहे इनामी आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार थाना सुनेरा में एनडीपीएस एक्ट में वर्ष 2023 से फरार चल रहे आरोपी भैरू पिता जगदीश माली उम्र 32 वर्ष, निवासी अयोध्या बस्ती, आगर मालवा को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी की गिरफ्तारी पर 10,000 रुपये का इनाम घोषित था। आरोपी को मुखबिर सूचना के आधार पर आगर मालवा से गिरफ्तार कर न्यायालय शाजापुर के समक्ष पेश किया गया।

ग्राम कलारिया के 62 नन्हे चेहरों पर खिली मुस्कान, विद्यालय को मिले 19 सेट टेबल-बेंच

ग्रामीण शिक्षा को बेहतर बनाने की दिशा में सराहनीय पहल, स्कूल में सुविधाओं की सौगात

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर।

ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने एवं विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएँ उपलब्ध कराने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत अवादा फाउंडेशन ने एफडीआरई 200 एमडब्ल्यू आगर पचोरा परियोजना के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक विद्यालय, कलारिया में एक सराहनीय पहल की। इस दौरान कक्षा 1 से 5 तक के 62 विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए गए, वहीं विद्यालय में बच्चों के बैठने एवं अध्ययन की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए 19 सेट टेबल-बेंच प्रदान किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ अवादा के प्रोजेक्ट डायरेक्टर पाराशर द्वारा फीता



काटकर एवं माँ सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर अवादा के सीनियर मैनेजर नितिन बरसाने सहित इंजीनियरिंग टीम के सदस्य उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक दशरथसिंह ने अतिथियों का माल्यार्पण कर आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम में नारायण जी सिसोदिया, विक्रम सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

स्कूल बैग पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। वहीं, विद्यालय में नए टेबल-बेंच उपलब्ध होने से विद्यार्थियों को अब अधिक सुविधाजनक वातावरण में बैठकर अध्ययन करने का अवसर मिलेगा। इस पहल से न केवल विद्यालय की बुनियादी शैक्षणिक सुविधाएँ सुदृढ़ होंगी, बल्कि बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह एवं नियमित विद्यालय आने की प्रेरणा भी बढ़ेगी।

इस अवसर पर अवादा फाउंडेशन की निदेशक रितु पटवारी ने अपने संदेश में कहा, ह्लशिक्षा किसी भी समाज के समग्र विकास की आधारशिला है। अवादा फाउंडेशन का प्रयास है कि ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ आवश्यक संसाधन एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो। हमारा विश्वास है कि आज बच्चों की शिक्षा में किया गया निवेश आने वाले कल के सशक्त, आत्मनिर्भर एवं विकसित समाज की नींव रखेगा।

शैक्षणिक वातावरण बेहतर होगा

विद्यालय के प्रधानाध्यापक दशरथसिंह ने अवादा फाउंडेशन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय में स्कूल बैग एवं टेबल-बेंच की उपलब्धता से बच्चों को अध्ययन में काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के सहयोग से विद्यालय का शैक्षणिक वातावरण बेहतर होता है तथा विद्यार्थियों में पढ़ाई के प्रति उत्साह बढ़ता है। कार्यक्रम का समन्वय एवं संपूर्ण व्यवस्थाएँ अवादा फाउंडेशन की सीएसआर टीम द्वारा संभाली गईं।

बिना किसी खौफ के क्षेत्र में पेड़ों की कटाई का सिलसिला धड़ल्ले से जारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पेड़ों की कटाई का सिलसिला लगातार जारी है। स्थिति यह है कि अब दिनदहाड़े सड़कों के आसपास पेड़ों की लकड़ियां काटी जा रही हैं। बुधवार को बामनिया खेड़ी रोड पर पेड़ की लकड़ी काटे जाने का मामला सामने आया। यहां दिन के समय सड़क के बीचोंबीच पेड़ की लकड़ी काटी जा रही थी। इसकी सूचना मिलने पर प्रशासन सक्रिय हुआ और पटवारी मौके पर पहुंचे। पटवारी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पंचनामा तैयार किया।

जानकारी के अनुसार, बामनिया खेड़ी रोड पर लोग खुलेआम बिना किसी खौफ के पेड़ की लकड़ी काट रहे थे। दिन के समय सड़क पर इस तरह लकड़ी काटे जाने की सूचना मिलने के बाद पटवारी मौके पर पहुंचे और मामले से संबंधित पंचनामा बनाया। हालांकि, मौके पर पेड़ काटने के पीछे क्या कारण था और संबंधित लोगों के पास पेड़ काटने की अनुमति थी या नहीं, इस संबंध में स्थिति स्पष्ट होना बाकी है।

क्षेत्र में पेड़ों की कटाई की घटनाएं सामने आने के बाद पर्यावरण संरक्षण को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। पेड़ न केवल पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं, बल्कि राहगीरों और ग्रामीणों को छाया देने के साथ-साथ हरियाली बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण हैं। ऐसे में पेड़ों की कटाई पर प्रभावी नियंत्रण जरूरी है। यदि बिना अनुमति पेड़ों को काटा जा रहा है, तो संबंधित विभाग को मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करनी चाहिए।

पंचनामा बनने के बाद कार्रवाई पर नजर

बामनिया खेड़ी रोड पर सामने आए इस मामले में पटवारी द्वारा पंचनामा बनाए जाने के बाद अब आगे की कार्रवाई पर नजर रहेगी। प्रशासन के सामने यह सुनिश्चित करने की चुनौती है कि क्षेत्र में पेड़ों की कटाई नियमानुसार हो और बिना अनुमति पेड़ काटने वालों पर कार्रवाई की जाए। स्थानीय स्तर पर भी पेड़ों के संरक्षण को लेकर जागरूकता और निगरानी बढ़ाने की आवश्यकता है, ताकि खुलेआम होने वाली कटाई पर रोक लगाई जा सके।

धर्म परायण समाजसेवी दिनेश कोठारी की मूर्ति का अनावरण संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तनोड़िया



स्थानीय सनातन चौक में एक बड़े समाज सेवक और धर्म परायण समाजसेवी स्वर्गीय दिनेश कोठारी की आदमकद प्रतिमा का शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर अनावरण समारोह में सबसे पहले मुर्ति के अभिषेक और पुजा के साथ ब्रह्मा मुहूर्त में मुर्ति की स्थापना हुई। और बड़े ही हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ।

समारोह में मुख्य रूप से धमार्चार्य महामंडलेश्वर अभिराम दास त्यागी, नारायण दास महाराज, भागवत प्रवक्ता जीवन ज्योति अग्निहोत्री तथा क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में मुर्ति अनावरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही एक बड़ी धर्म सभा आयोजित हुई। इस अवसर पर संतों और वक्ताओं ने स्व. कोठारी जी के सामाजिक कार्यों एवं जनसेवा को नमन किया। जिसमें प्रमुख वक्ताओं में न्यायाधीश अजय कुमार टेलर, पद्मश्री ध्रुपद गायक उमाकांत गुंडेचा , विधायक मधु गेहलोत, नरेन्द्र सिंह राठौर, डॉ दिनेश रावल, अर्जुन सिंह राठौर, मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सिंह चौहान,ओम शर्मा, गोपाल परमार, नर्मदाशंकर जोशी, गुड्डू लाला, फारुख मुल्तानी आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण का आदेश

सड़क हादसे में मृतक के परिजनों और घायल को मिले 19.49 लाख रुपए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत और उसके साथी के घायल होने के मामले में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण शुजालपुर ने मृतक के परिजनों और घायल को कुल 19 लाख 49 हजार 600 रुपए की क्षतिपूर्ति दिलाने का आदेश दिया है। इस राशि पर आवेदन प्रस्तुत करने की तारीख से छह प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देय होगा।

प्रकरण के अनुसार 9 जनवरी 2025 को शाम करीब 6.30 बजे जितेंद्र परमार अपने साथी विकास के साथ मोटरसाइकिल से तनोडिया से उज्जैन जा रहा था। एलमखेड़ी स्थित हनुमान मंदिर चौपाटी के पास सामने से तेज गति और लापरवाही से आ रही मोटरसाइकिल ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में जितेंद्र और विकास गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान जितेंद्र की मृत्यु हो गई।

मृतक के परिजनों और घायल की ओर से अधिवक्ता महाजनसिंह परमार एवं राजपालसिंह राजपूत ने मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के सदस्य अभिलाष जैन के समक्ष क्षतिपूर्ति का दावा प्रस्तुत किया। न्यायालय ने अधिवक्ताओं के तर्कों से सहमत होते हुए मृतक के वारिसों रीना बाई आदि को 18 लाख 39 हजार 600 रुपए तथा घायल विकास को 1 लाख 10 हजार रुपए बीमा कंपनी से दिलाने का आदेश पारित किया।

खाद्य सुरक्षा एवं पुलिस के संयुक्त दल के साथ खाद्य प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण



अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा-राजगढ़ ।

राजगढ़ जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण एवं खाद्य पदार्थों के नमूने लेने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस.एस. खत्री द्वारा पुलिस प्रशासन के संयुक्त दल के साथ सारंगपुर एवं पचोर स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान सारंगपुर के तारागंज स्थित श्री सिद्धिविनायक मिल्क सेंटर से दूध का नमूना तथा ओयस्टर मिल्क प्रोडक्ट्स चिलिंग सेंटर से दूध का नमूना लिया गया। इसी प्रकार पचोर न्यू बस स्टैंड स्थित मां गायत्री मावा भंडार से मावा का नमूना जांच हेतु लिया गया। मौके पर दूध का मिल्क टेस्टिंग रैपिड किट के माध्यम से प्राथमिक परीक्षण किया गया। मावा का भी प्राथमिक परीक्षण किया। सभी नमूने जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे जाएंगे।

कार्यवाही जारी रहेगी

खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा मानक अधिनियम के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने तथा उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण की कार्यवाही आगे भी नियमित रूप से जारी रखी जाएगी।

संत रविदास के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान

सारंगपुर। सारंगपुर सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में संत रविदास संपर्क सप्ताह के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य संत रविदासजी के जीवन, विचारों एवं सामाजिक समरसता के संदेश को विद्यार्थियों तक पहुँचाना तथा समाज में समानता, सद्भाव और मानवीय मूल्यों के प्रति जागरूकता बढाना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लक्ष्मी नारायण त्रिकार उपस्थित रहे। वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद बाबूलाल अहिरवार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जबकि रामचंद्र नरवरिया विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। अतिथियों ने संत रविदास जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में संत रविदासजी के जीवन प्रसंगों का वर्णन करते हुए कहा कि संत रविदासजी ने अपने विचारों और कार्यों से समाज को समानता, प्रेम, भाईचारे तथा मानवता का संदेश दिया। उन्होंने जातिगत भेदभाव और ऊँच-नीच की भावना से ऊपर उठकर सभी मनुष्यों को समान दृष्टि से देखने की प्रेरणा दी।

संत रविदास संपर्क सप्ताह के अंतर्गत विद्यालय में प्रतिदिन वंदना सभा में संत रविदास जी के चित्र के समक्ष नमन, उनके जीवन प्रसंगों का वाचन, समाज के गणमान्य व्यक्तियों से संपर्क, पुस्तकों का वितरण तथा रंगोली, चित्रकला एवं निबंध जैसी रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को उनके विचारों से परिचित कराने का प्रयास किया जा रहा है।

नौ साल पुराने स्थायी वारंटी सहित दो वारंटी पकड़े

शुजालपुर। शुजालपुर सिटी पुलिस ने वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक नौ साल पुराने प्रकरण का स्थायी वारंटी है, जबकि दूसरा एनडीपीएस एक्ट के मामले में गिरफ्तारी वारंट पर वांछित था। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश किया। पुलिस के अनुसार जेएमएफ सी न्यायालय शुजालपुर से प्रकरण में जारी स्थायी वारंट के तहत सभाराम पिता चुरामणी केवट निवासी ग्राम भानपुर जिला मुरैना को गिरफ्तार किया गया। वहीं विशेष न्यायालय एनडीपीएस एक्ट शाजापुर से प्रकरण में जारी गिरफ्तारी वारंट के तहत हमीद खां उर्फ पप्पू बाबा निवासी तालाबपुरा शुजालपुर सिटी को पकड़ा गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारणेकर के निर्देशन तथा एसडीओपी निमेष देशमुख के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक इनिम टोप्पो के नेतृत्व में की गई।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिठाई-नमकीन के पांच नमूने लिए

- मावे के पेड़ा, मिल्क केक, नमकीन, बेसन की पपड़ी और मावे की बर्फी के नमूने भोपाल भेजे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

आगामी त्योहारों को देखते हुए खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने गुरुवार को सुसनेर नगर में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर मिठाई



और नमकीन सहित पांच खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। यह कार्रवाई कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना एवं सुसनेर एसडीएम श्रीमती देवकुंवर सोलंकी के निदेर्शानुसार की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी बी.एस. जामोद ने बताया कि निरीक्षण के दौरान डाक बंगला रोड स्थित पूर्वजों की कृपा प्रतिष्ठान से मावे के पेड़ा, बीकानेर मिष्ठान भंडार से मिल्क केक, बालाजी रेस्टोरेंट से नमकीन, श्री देव टी स्टॉल से बेसन की पपड़ी तथा श्री जैन खानपान रेस्टोरेंट से मावे की बर्फी के नमूने लिए गए। सभी नमूनों को विधिवत सीलबंद कर जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला, भोपाल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

गुणवत्ता पर दिया जोर

त्योहारों के दौरान मिठाई एवं अन्य खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ने के मद्देनजर खाद्य कारोबारियों को प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई बनाए रखने तथा गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री का विक्रय करने के निर्देश भी दिए गए।कार्रवाई के दौरान संयुक्त दल में राजस्व निरीक्षक शर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी बी.एस. जामोद एवं सहयोगी कर्मचारी संजय वर्मा उपस्थित रहे।



दीपावली को लेकर नगर परिषद अलर्ट, सीएमओ ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

सुसनेर। दीपावली के त्योहार को देखते हुए नगर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए नगर परिषद सक्रिय हो गई है। गुरुवार सुबह नगर परिषद सीएमओ हरिओम शर्मा ने सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और सफाई कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएमओ ने कर्मचारियों को सुबह और शाम दोनों समय नियमित रूप से सफाई कराने के निर्देश दिए, ताकि त्योहार के दौरान नगर के बाजारों और प्रमुख स्थानों पर स्वच्छता बनी रहे। उल्लेखनीय है कि गत दिनों नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने भी बैठक लेकर सफाई कर्मचारियों को दीपावली के मद्देनजर विशेष सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे।

मोर्चा पदाधिकारी का किया स्वागत



तनोडिया। भारतीय जनता पार्टी अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ भवानी शंकर वर्मा द्वारा गत दिनों की गई। घोषणा में मोर्चा जिला मंत्री दिनेश सुर्यवंशी और तनोडिया मोर्चा मंडल अध्यक्ष पद पर सरपंच प्रतिनिधि राहुल राठौर को नियुक्ति होने पर नगर में इन दोनों का पदाधिकारीयों व कार्यकर्ता द्वारा जगह जगह स्वागत किया गया।इस दौरान एलकारसिंह सौलकी, महेश शर्मा, गिरीश परमार,तेजुलाल प्रजापत,लोकेन्द्रसिंह राठौर, लक्ष्मण सिंह राठौर, आदि ने स्वागत किया।

37वीं क्षेत्रीय प्रतियोगिता में 13 छात्र अखिल भारतीय स्तर के लिए चयनित



राजगढ़। उज्जैन के मारुतिगंज स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित 37वीं क्षेत्रीय कराते, जिम्नास्टिक और तीरंदाजी प्रतियोगिता में राजगढ़ विद्यालय के 23 भैया-बहनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। महाकौशल, मालवा, छत्तीसगढ़ और मध्यभारत प्रांत के बीच हुए इस कड़े मुकाबले में राजगढ़ के 13 खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी खुशबू परिहार, रुद्र प्रताप सिंह खींची, अभय रावत, योगेंद्र वर्मा, वरुण गुजराती, जितेन्द्र सोधिया, अशोक वर्मा, मोहित चौहान, जीवन सिंह वर्मा, देवराज वर्मा, अरुण भील, आशुतोष पंचोली और वरुण साहू हैं। इन सभी 13 बच्चों का चयन नवंबर में देवास में होने वाली अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इसके अलावा प्रतियोगिता में अमन वर्मा, प्रवीण शर्मा, देवराज तंवर, भूपेंद्र प्रजापति, निखिल पिपलोटीया, हरिओम तोमर, आरती चौहान व वैभवी प्रजापति ने द्वितीय स्थान तथा कृष्णपाल प्रजापति व मयंक सिंह तोमर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
खिलाड़ियों की इस बड़ी उपलब्धि पर विद्यालय प्राचार्य महेंद्र सोलंकी, कोच अंकित विश्वकर्मा, सहयोगी हर्षित वर्मा और देवराज तंवर ने सभी विजेताओं के प्रति हर्ष व्यक्त करते हुए आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए उज्जवल भविष्य की कामना की ।

बडौद कृषि उपज मंडी में सोयाबीन की आवक के चलते वाहनों की लंबी लाइन लगी



बडौद। बुधवार को कृषि उपज मंडी में सोयाबीन ,मक्का ,गेहूं की आवक के चलते मंडी में वाहनों की भीड़ लग गई और मंडी के बाहर भी दोनों और वाहनों की लंबी लाइन लगी रही। मंडी में सोयाबीन की 118 अनुबंध पत्र पर अनुमानित 1964 क्विंटल की आवक रही और न्यूनतम भाव 5662 तो अधिकतम 6940 रुपए रहे, गेहूं की 8 अनुबंध पत्र पर अनुमानित 139 क्विंटल की आवक रही जो भाव 2780 से 2957 रुपए रहे इसी प्रकार मक्का की आवक 131 अनुबंध पत्र पर अनुमानित 2444 क्विंटल की आवक रही और भाव 2089 से 2699 रुपए रहे। इसके चलते मंडी में लगातार किसान अधिक मॉल बेचने आ रहे है।

तेजी से बढ़े मरीज, अस्पतालों में उमड़ी भीड़

सारंगपुर। सारंगपुर और आसपास के क्षेत्रों में मौसम के अचानक करवट लेने से जनजीवन प्रभावित हुआ है। बदलते मौसम और बढ़ती ठंडक के कारण क्षेत्र में वायरल इंफेक्शन और मौसमी बीमारियों का प्रकोप काफी बढ़ गया है। पिछले कुछ दिनों से दिन में धूप और सुबह-शाम के समय हल्की ठंडक के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। इस मौसम परिवर्तन की वजह से सारंगपुर के सरकारी अस्पताल और निजी क्लिनिकों में मरीजों की संख्या में अचानक भारी इजाफा देखा जा रहा है। सारंगपुर के सिविल अस्पताल और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में सुबह से ही मरीजों की लंबी-लंबी लाइनें लग रही हैं। ओपीडी में रोजाना आने वाले मरीजों की संख्या सामान्य दिनों की तुलना में लगभग दोगुनी हो गई है। डॉक्टरों के अनुसार, अस्पताल में आने वाले अधिकांश मरीज सर्दी, खांसी, तेज बुखार, सिरदर्द, बदन दर्द और सांस लेने में तकलीफ जैसी शिकायतों के साथ पहुंच रहे हैं। इसके अलावा बदलते मौसम के कारण बच्चों और बुजुर्गों में निमोनिया तथा एलर्जी की समस्याएं भी अधिक देखने को मिल रही हैं। तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण शरीर का तापमान संतुलित नहीं रह पाता, जिससे वायरल फीवर और बैक्टीरियल इंफेक्शन आसानी से लोगों को अपनी चपेट में ले लेते हैं।

शरवरी संग बेपरवाह हो जाएंगे अहान

'सैयारा' के सितारे अहान पांडे अब शरवरी वाघ के साथ सिल्वर स्क्रीन पर नजर आएंगे। इस जोड़ी की फिल्म को 'बेपरवाह' नाम दिया गया है। यह एक रोमांटिक एक्शन-ड्रामा फिल्म है, जिसके पोस्टर के साथ यशराज फिल्म्स ने रिलीज डेट का भी ऐलान किया है। निर्देशन अली अब्बास जफर कर रहे हैं, जबकि आदित्य चोपड़ा इसके निमार्ता हैं। अहान और शरवरी पहली बार साथ काम कर रहे हैं। जारी किए गए पोस्टर में दोनों के सिर एक-दूसरे से टिके हुए हैं और वे नीचे की तरफ देख रहे हैं। उनके चेहरे दिखाई नहीं दे रहे हैं। अहान के हाथ में बंदूक और शरवरी के हाथ में गिटार नजर आ रहा है। पोस्टर के नीचे फिल्म का नाम 'बेपरवाह' और टैगलाइन 'प्यार में बेखौफ' लिखी हुई है। मेकर्स ने साथ में कैप्शन लिखा है, प्यार में बेखौफ... 'बेपरवाह' 26 मार्च 2027 को सिनेमाघरों में। अहान की यशराज के साथ यह दूसरी फिल्म होगी। इसके बाद तीसरी फिल्म आएगी, जिसमें अहान के साथ 'सैयारा' की एक्ट्रेस अनीत पड्डा भी होंगी और डायरेक्टर मोहित सूरी भी।

कहां तक चला 'उड़ता तीर'

आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की जासूसी कॉमेडी फिल्म 'उड़ता तीर' ने पहले वीकएंड में बॉक्स ऑफिस पर 19।45 करोड़ रुपए जुटाए हैं। शुक्रवार को इसने 4।10 करोड़ रुपए के साथ खाता खोला था। फिर शनिवार को 7।25 करोड़ और रविवार को 8।10 करोड़ रुपए कमाए। शुक्रवार को इस फिल्म के साथ सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की 'तू है मेरी किरण', गुरमीत चौधरी और ईशा मालवीय की 'तुम मेरे हो', निमार्ता लव रंजन की 'पहला प्यार दूसरी बार' भी रिलीज हुई। इन सबमें कमाई के मामले में 'उड़ता तीर' सबसे आगे रही है।



सुपर इनफिनिटी के मुरीद हो गए ऋतिक रोशन

ऋतिक रोशन ने साल 2019 में रिलीज हुई फिल्म 'सुपर 30' में आनंद कुमार की भूमिका निभाई थी। यह फिल्म आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को आईआईटी प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए मार्गदर्शन करने वाले 'सुपर 30' उपक्रम के संस्थापक और प्रसिद्ध गणितज्ञ आनंद कुमार के जीवन पर बनी है। आनंद कुमार ने अब नई शैक्षणिक पहल 'सुपर इनफिनिटी' की शुरूआत की है। ऋतिक इसके मुरीद हो गए हैं और उन्होंने इसकी तारीफ करते हुए पढ़ाई को मजेदार बनाने की आनंद कुमार की क्षमता की भी सराहना की है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर गणितज्ञ को शुभकामनाएं देते हुए ऋतिक ने लिखा, एक और शानदार पहल #सुपर इनफिनिटी के लिए बधाई, आनंद सर। पढ़ाई को इतना मजेदार सिर्फ आप ही बना सकते हैं। आपको मेरा सलाम।ह गौरतलब है कि 'सुपर इनफिनिटी' आनंद कुमार की एक महत्वाकांक्षी डिजिटल शिक्षा पहल है। इसका उद्देश्य शिक्षा के नए तरीकों, कहानी, एनिमेशन और आकर्षक दृश्य प्रस्तुतियों के माध्यम से दुनिया भर के विद्यार्थियों तक गुणवत्तापूर्ण गणित की शिक्षा पहुंचाना है।

नया प्रोजेक्ट, नया उत्साह

निमृत कौर अहलूवालिया अपने नए प्रोजेक्ट की शूटिंग के लिए गुजरात पहुंच चुकी हैं। वह काफी उत्साहित हैं, क्योंकि उन्हें नए जॉनर में काम करने का मौका मिला है। उन्होंने कहा, मैं इस नए प्रोजेक्ट को शुरू करने के लिए काफी उत्साहित हूं। इसके जरिए मुझे एक बिल्कुल नए किरदार को निभाने और ऐसे जॉनर में काम करने का मौका मिल रहा है, जिसे मैंने एक्सप्लोर नहीं किया है। कलाकार के तौर पर मैं हमेशा खुद को चुनौती देना चाहती हूं, अपनी सीमाओं से आगे बढ़ना चाहती हूं और अपनी एक्टिंग के नए पहलुओं को जानना चाहती हूं। हर प्रोजेक्ट आपको कुछ नया सिखाता है। मैं इस नए सफर को लेकर उत्साहित हूं और अपने किरदार को पर्दे पर जीवंत करने का इंतजार कर रही हूं। प्रोजेक्ट की कहानी, किरदार और बाकी डिटेल्स को फिलहाल सीक्रेट रखा गया है।






12 भाषाएं जानती है असिन की 7 साल की बेटी

असिन थोट्टमल कुछ साल पहले तक पॉपुलर एक्ट्रेस हुआ करती थीं। 2008 में उन्होंने आमिर खान के साथ 'गजनी' में कीम किया था। यह भारत में 100 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार करने वाली पहली हिंदी फिल्म थी। तमिल और तेलुगू फिल्म इंडस्ट्री में शोहरत पाने के बाद असिन ने हिंदी सिनेमा का रुख किया था और पहली ही फिल्म से छा गई थीं।

वह सलमान खान के साथ 'रेडी' और अक्षय कुमार के साथ 'हाउसफुल 2' में भी नजर आईं। करियर के पीक पर 2016 में उन्होंने माइक्रोमैक्स के को-फाउंडर राहुल शर्मा से शादी की और शोबिज की दुनिया से दूर हो गईं। कपल की एक प्यारी सी बेटी अरिन रयान शर्मा है, जिसकी परवरिश असिन कितनी खूबसूरती से कर रही हैं, इसका खुलासा हाल ही में एक इंटरव्यू में उनके पति राहुल ने किया है। राहुल ने बताया, ह्हमारी बेटी अभी सिर्फ सात साल की है, लेकिन वह कोरियाई, जापानी, थाई और चीनी सहित लगभग 12 भाषाएं समझ और बोल सकती है। मुझे तो दो भाषाएं बोलने में भी मुश्किल होती है। हम बस अंग्रेजी और हिंदी तक ही सीमित हैं।ह पढ़ने-लिखने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। असिन को श्रेय देते हुए राहुल ने कहा, ह्हमारे घर में सिर्फ किताबें हैं। शायद हमारे घर में अरिन के स्कूल से भी ज्यादा किताबें हैं। वह अभी दूसरी कक्षा में है, लेकिन हमारे घर में आठवीं और नौवीं क्लास की किताबें भी मौजूद हैं। मैं कभी-कभी मजाक में कहता हूं, इसे 10वीं के बोर्ड एग्जाम भी दे लेने दो। ये सब असिन की ही देन है। उनसे शादी करना मेरी जिंदगी का सबसे अच्छा फैसला रहा। वह मेरी सबसे बड़ी ताकत हैं। वह मुझे और मेरे जुनून को समझती हैं। मुझ पर अटूट विश्वास करती हैं। मेरी जिंदगी में उनका योगदान इतना बड़ा है कि मैं उसे शब्दों में बयां नहीं कर सकता।

पति ने खोला राज

न टीवी, न फोन सिर्फ किताबें : शर्मा ने बताया कि उन्होंने बेटी को टीवी और मोबाइल फोन से दूर ही रखा है।



असिन के पति राहुल और बेटी अरिन.

जेलर 2 का तूफानी रिकॉर्ड

रजनीकांत की हालिया रिलीज एक्शन थ्रिलर फिल्म 'जेलर 2' दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर छा गई है। रिलीज के 11 दिनों में इसने न केवल छप्परफाड़ कमाई की है बल्कि नया रिकॉर्ड बनाते हुए रजनीकांत के करियर में बड़ी उपलब्धि भी दर्ज कर दी है। सैकनिल्क की अर्ली ट्रेड रिपोर्ट के मुताबिक नेल्सन दिलीपकुमार निर्देशित 'जेलर 2' ने रिलीज के 11वें दिन भारत में 25।70 करोड़ रुपए की नेट कमाई की है। इसी के साथ भारत में इसका कुल ग्रॉस कलेक्शन 466।85 करोड़ और नेट कलेक्शन 398।70 करोड़ रुपए हुआ है। विदेशों में इसने 243।50 करोड़ रुपए का ग्रॉस कलेक्शन किया है। दोनों मिलाकर 11 दिनों में 'जेलर 2' की वर्ल्डवाइड ग्रॉस कमाई 710।35 करोड़ हो चुकी है।

Sport

कैरी ने 80 रन बनाए; हार्मर को 4 और यानयन को 3 विकेट

ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 429 पर ऑलआउट, इंग्लिस का शतक

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टेस्ट की पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया 429 रन पर ऑलआउट हो गई। जोश इंग्लिस ने 102 रन की पारी खेली, जबकि एलेक्स कैरी ने 80 और कैमरन ग्रीन ने 65 रन बनाए। साउथ अफ्रीका के लिए साइमन हार्मर ने 4 और मार्को यानसन ने 3 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी के आधार पर 100 रन की बढ़त मिली। ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंग्लिस ने 135 गेंदों पर 102 रन की पारी खेली। उन्होंने 11 चौके और 2 छक्के लगाए। इंग्लिस ने एलेक्स कैरी के साथ पांचवें विकेट के लिए 185 रन जोड़े। कैरी ने 168 गेंदों पर 80 रन बनाए। उनकी पारी में 7 चौके शामिल रहे। तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया को पहला झटका 370 रन के स्कोर पर लगा, जब इंग्लिस साइमन हार्मर की गेंद पर आउट हुए। इसके बाद कैरी भी 379 रन के स्कोर पर पवेलियन लौट गए।



न्यूजीलैंड के खिलाफ 4 नवंबर से वनडे सीरीज, रोहित-कोहली की वापसी

ऑकलैंड में 29 अक्टूबर को भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल ने नेट्स पर अभ्यास किया। भारत और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैचों की वनडे सीरीज 4 नवंबर से ईडन पार्क में शुरू होगी। विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल और तेज गेंदबाज गुरनूर बरार भी भारतीय टीम से जुड़ गए हैं। इस सीरीज से सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली की वनडे टीम में वापसी होगी। वनडे फॉर्मेट में गिल के साथ-साथ श्रेयस अय्यर भी कप्तान बनाए गए हैं। गिल शुरूआती तीन वनडे में कप्तानी करेंगे। वहीं, आखिरी दो वनडे में श्रेयस अय्यर कमान संभालेंगे। इस दो मैचों के दौरान टेस्ट की तैयारी के लिए गिल के साथ उप कप्तान केएल राहुल को आराम दिया जाएगा। गिल ने अभ्यास के दौरान माथे पर ह्यर्टपलह्न नाम का फिटनेस ट्रैकिंग डिवाइस पहना था। उन्होंने बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक से बातचीत भी की। इसके बाद गिल नेट्स पर बल्लेबाजी करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अपने करीबी दोस्त और भारत के टी-20 ओपनर अभिषेक शर्मा से भी बातचीत की। अभिषेक ने वेलिंगटन में खेले गए तीसरे टी-20 मैच में 38 गेंदों पर 113 रन बनाए थे। भारत ने 199 रन के टारगेट का पीछा करते हुए यह मैच जीता था।

मुंबई इंडियंस से अलग हुए लसिथ मलिंगा

एजेंसी ▸▸ मुंबई

मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2027 से पहले अपने कोचिंग स्टाफ 3 और बड़े बदलाव किए हैं। टीम ने लंबे समय तक टीम का हिस्सा रहे तेज गेंदबाजी कोच लसिथ मलिंगा, बॉलिंग कोच पारस म्हाम्ब्रे और फील्डिंग कोच कार्ल हॉपकिन्सन को हटा दिया है।

मलिंगा 11 सीजन मुंबई इंडियंस के लिए खेले। वे 2008 से 2017 तक टीम के मुख्य गेंदबाज रहे। फिर 2018 में फ्रेंचाइजी ने उन्हें बॉलिंग मेंटर बनाया। फिर 2019 में उन्होंने खिलाड़ी के तौर पर टीम में वापसी की। इसके बाद वे पिछले 3 सीजन तक बॉलिंग कोच रहे। फ्रेंचाइजी ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। मुंबई ने अभी तक इन तीनों के रिप्लेसमेंट का ऐलान नहीं किया है। इससे पहले फ्रेंचाइजी ने महेला जयवर्धने की जगह कीरोन पोलार्ड को हेड कोच बनाया था। मुंबई इंडियंस आईपीएल इतिहास की पहली टीम है, जिसने 5 बार खिताब जीता। टीम ने 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 में ट्रॉफी अपने नाम की थी।

आवश्यकता है
मुंबई में केटरिंग काम के लिए अनुभवी, बिना अनुभवी, लड़के और लड़कियां चाहिए। आयु सीमा 18 से 35 तक रहना फ्री।
संपर्क
9004092475
8452956707

आवश्यकता है
होटल में सफाई व रूम सर्विस दिन और रात के लिए।
हिमालया गेस्ट हाउस
बैंक ऑफ इंडिया के पास, उज्जैन
9669890245



आवश्यकता है
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

वधु चाहिए (सिन्धी)
विधुर सिंधी 42 वर्ष हेतु सिन्धी वधु चाहिए, मकान, दुकान अपना। उज्जैन मप्र.
संपर्क करें
8253063625

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

दुकान बेचना है
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

नैनो न्यूज

- **हॉकी में भारत ने बांग्लादेश को 13-0 से हराया-** एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शानदार शुरूआत करते हुए बांग्लादेश को 13-0 से करारी शिकस्त दी। भारत ने खिताब बचाने के अभियान में मजबूत संदेश दिया।
- **कबड्डी में भारत सेमीफाइनल में पहुंचा-** कॉमनवेल्थ कबड्डी चैंपियनशिप में भारतीय पुरुष टीम ने तंजानिया को 48-20 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारतीय खिलाड़ियों ने पूरे मुकाबले में आक्रामक खेल दिखाया।
- **श्रीलंका ने पाकिस्तान को आठ विकेट से हराया-** पाकिस्तान में खेली जा रही वनडे त्रिकोणीय सीरीज में श्रीलंका ने मेजबान टीम को आठ विकेट से हराया। दिलशान मदुशंका ने पांच विकेट लेकर श्रीलंका की जीत में अहम योगदान दिया।
- **मोहन बागान ने आखिरी समय में दागा निर्णायक गोल-**इंडियन फुटबॉल लीग के मुकाबले में मोहन बागान सुपर जायंट ने चेन्नईयिन एफसी को 1-0 से हराया। मनवीर सिंह ने मैच के अंतिम चरण में गोल कर टीम को जीत दिलाई।
- **पैरा एशियन गेम्स में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन-** पैरा एशियन गेम्स में भारतीय खिलाड़ियों ने पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया। सुमित अंतिल ने भाला फेंक में अपना खिताब बरकरार रखने पर खुशी जताई और प्रदर्शन का श्रेय मेहनत को दिया।

विमेंस प्रीमियर लीग ऑक्शन में यूपी ने 6 ऑलराउंडर खरीदे

आरसीबी सबसे बैलेंस टीम; मुंबई का मिडिल ऑर्डर दमदार; 5 टीमों की स्ट्रेंथ-वीकनेस

एजेंसी ▸▸ मुंबई

विमेंस प्रीमियर लीग 2027 ऑक्शन में पांचों टीमों ने अपनी जरूरत के हिसाब से स्क्वॉड में बदलाव किए। यूपी वॉरियर्ज ने 6 ऑलराउंडर्स पर भरोसा जताया। फ्ह्ज ने अपने कोर ग्रुप को मजबूत किया। मुंबई इंडियंस ने भारतीय खिलाड़ियों की बेंच स्ट्रेंथ बढ़ाई।

हालांकि, ऑक्शन में खिलाड़ियों को खरीदना सिर्फ पहला कदम है। टीमों के लिए असली चुनौती नए और पुराने खिलाड़ियों के बीच तालमेल बनाने, सही कॉम्बिनेशन चुनने और मैदान पर अपनी कमजोरियों को दूर करने की होगी। ऑक्शन से पहले पांचों टीमों के पास कुल 27 स्लॉट खाली थे। इनमें 25 खिलाड़ियों को खरीदा गया। आरसीबी और दिल्ली के पास एक-एक स्लॉट खाली रह गया। दोनों के पर्स में सिर्फ ?5-5 लाख बचे हैं।



2026 सीजन के पॉइंट्स टेबल में आखिरी स्थान पर रही यूपी वॉरियर्ज ने सोफी मोलिन्यू पर 1.10 करोड़ खर्च किए। सोफी ने ऑस्ट्रेलिया को टी-20 वर्ल्ड कप 2026 जिताया था।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु: चैंपियन कोर मजबूत, नए बल्लेबाजों पर नजर

डिफेंडिंग चैंपियन फ्ह्ज ने ऑक्शन में जेस जोनासन को 40 लाख, तेजल हसबनिस और क्लो ट्रायन को 30-30 लाख और वृंदा दिनेश को 10 लाख में खरीदा।

दिल्ली कैपिटल्स ने 15 साल की उमा काशवी पर दांव लगाया है। कर्नाटक की काशवी विमेंस प्रीमियर लीग के ऑक्शन में बिकने वाली सबसे युवा खिलाड़ी हैं। वे 15 साल 202 दिन की आयु में दिल्ली का हिस्सा बनी। फ्रेंचाइजी ने किरण नवगिरे को 75 लाख में खरीदा। वे सबसे महंगी भारतीय खिलाड़ी रहीं। टीम ने स्कॉटलैंड की कर्स्टी गॉर्डन और नाजमा खान को भी 10-10 लाख में शामिल किया। गुजरात जायंट्स ने ऑक्शन में जी कमालिनी को 40 लाख, आयरलैंड की ऑलराउंडर ऑर्ला प्रेंडरगास्ट को 30 लाख और 16 साल की समायरा राघव को 10 लाख में खरीदा। टीम ने कुल 80 लाख खर्च किए।

न्यूज कॉलम

खेत से गांजे के 360 पौधे जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

मनावर। धार जिले के गंधवानी थाना क्षेत्र के ग्राम बोरदा में पुलिस ने खेत से गांजे के 360 हरे पौधे जब्त किए। इनका कुल वजन 433.70 किलोग्राम और अनुमानित कीमत करीब 43 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, ऑपरेशन प्रहार के तहत धार जिला पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा के मार्गदर्शन और मनावर एसडीओपी प्रदीप वाल्टर के निर्देशन में मादक पदार्थों की अवैध खेती और कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

फर्जी एप के जरिये ऑनलाइन धोखाधड़ी का मामला

धार। शहर के कैलाश नगर निवासी मनीष कुमार के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। डॉक्टर का अपॉइंटमेंट लेने के लिए मोबाइल में ऐप डाउनलोड करने के बाद उनके पंजाब नेशनल बैंक के खाते से 84 हजार 291 रुपए निकल गए। पीड़ित का कहना है कि उन्होंने किसी को ओटीपी नहीं बताया था। ऐप फर्जी होने की आशंका होने पर उसे डिलीट भी कर दिया था। इसके बावजूद खाते से राशि निकल गई। शिकायत पर कोतवाली थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

झाबुआ पुलिस ने 106 गुम मोबाइल लौटाए

झाबुआ। पुलिस ने ऑपरेशन हेलो के तहत 106 गुम मोबाइल फोन ट्रेस कर बरामद किए हैं। इनकी अनुमानित कीमत करीब 17 लाख रुपए है। पुलिस ने फोन उनके असली आवेदकों को लौटाए। पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया तथा उप पुलिस अधीक्षक कमलेश शर्मा के मार्गदर्शन में जिला साइबर टीम और थानों की पुलिस ने यह काम किया। फोन मध्यप्रदेश के सीमावर्ती इलाकों के अलावा गुजरात और राजस्थान से भी ट्रेस किए गए।

आलीराजपुर और जोबट में पटाखा दुकानों पर छापा



पुलिस ने 104 कार्बाइड गन और पटाखे जब्त किए, कीमत- कीमत 1, 22 लाख रुपए

आलीराजपुर। आलीराजपुर जिले में त्योहारों से पहले पुलिस ने 104 कार्बाइड गन और 1 लाख 22 हजार 368 रुपए के पटाखे जब्त किए। बुधवार को आलीराजपुर और जोबट अनुभाग में अवैध पटाखों और कार्बाइड गन के निर्माण, भंडारण और बिक्री के खिलाफ चेकिंग की गई। पुलिस ने गुरुवार को प्रेस नोट जारी कर कार्रवाई की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह के मार्गदर्शन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति उमठ बघेल के निर्देशन में अभियान चलाया गया। एसडीओपी आलीराजपुर डॉ. शक्तिसिंह चौहान के निर्देशन में थाना प्रभारी सोनू सिटोले की टीम ने 104 कार्बाइड गन जब्त कीं। ये वीटी मार्ग निवासी शाबीर हुसैन और माली मोहल्ला निवासी इमरान के कब्जे से मिलीं। जब्त गनों में 29 सिल्वर रंग की और 75 लोहे के सरिये से बनी थीं। पुलिस के मुताबिक, दोनों वैध लाइसेंस नहीं दिखा सके। उनके खिलाफ विस्फोटक अधिनियम और बीएनएस की संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है। एसडीओपी जोबट आशुतोष पटेल के निर्देशन में तीन दुकानों से पटाखे जब्त किए गए। उदयगढ़ निवासी रवीन्द्र राठौर की किराना दुकान के गोदाम से 49,300 रुपए के पटाखे मिले।

नैनो न्यूज

- **इंदौर सराफा में सोना-चांदी के भाव सुधरे-** इंदौर के सराफा बाजार में गुरुवार को सोने और चांदी की कीमतों में सुधार दर्ज किया गया। बाजार में आगामी दिनों में अंतरराष्ट्रीय आर्थिक फैसलों के कारण उतार-चढ़ाव की संभावना जताई गई है।
- **प्लाईवुड और सीमेंट कारोबारियों के रिकॉर्ड की जांच-** इंदौर के गुरु नानक टिम्बर मार्केट में प्लाईवुड और सीमेंट से जुड़े दो कारोबारियों के बिलिंग और माल आपूर्ति रिकॉर्ड की आयकर विभाग जांच कर रहा है। फिलहाल जांच के अंतिम निष्कर्ष सामने नहीं आए हैं।
- **इंदौर-भोपाल के बीच औद्योगिक निवेश का बड़ा रोडमैप-** मध्यप्रदेश सरकार इंदौर और भोपाल के बीच एक लाख करोड़ रुपये का औद्योगिक रोडमैप तैयार करने की दिशा में काम कर रही है। इससे उद्योगों, निवेशकों और रोजगार के नए अवसरों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।
- **सेमीकंडक्टर उद्योग में निवेश की नई संभावनाएं-** इंदौर में आयोजित सेमीकंडक्टर समिट के दौरान तकनीकी क्षेत्रों में 5,800 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले। इन प्रस्तावों से प्रदेश में रोजगार और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग के विस्तार की संभावनाएं बढ़ी हैं।

18 वर्षीय सोनाली ने शादीशुदा प्रेमी की धमकी के बाद खाया था जहर, निजी अस्पताल में मौत के बाद

परिजनों ने मुख्य चौराहे पर शव रखकर किया प्रदर्शन, 200 वाहन फंसे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मांडू

धार के निजी अस्पताल में गुरुवार को 18 वर्षीय सोनाली की मौत के बाद परिजनों ने मांडू के मुख्य चौराहे पर शव रखकर प्रदर्शन किया।

करीब दो घंटे तक चले धरने में उन्होंने आरोपी चंदन की गिरफ्तारी और उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस दौरान सड़क पर करीब 200 वाहन फंस गए। परिजन दोपहर करीब 2 बजे शव लेकर मुख्य मार्ग पर बैठ गए। उनका कहना था कि आरोपी को हिरासत में लेने तक अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। आरोपी को पकड़ने और कार्रवाई के लिए प्रशासन को पांच दिन का समय दिया है।

सोनाली ग्राम जामनिया के वार्ड नंबर 12 में पिता शिवराम के साथ रहती थी। शिवराम ने आरोप लगाया कि सोनाली और चंदन कटारे के बीच प्रेम प्रसंग था। उन्होंने आरोप लगाया कि चंदन की मां ने सोनाली को घर बुलाकर डराया-धमकाया था। पिता के मुताबिक, धमकी के बाद सोनाली ने रविवार को जहर पी लिया था। परिजन उसे इलाज के लिए धार के निजी अस्पताल ले गए, जहां गुरुवार को उसकी मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम के बाद परिजन शव लेकर मांडू पहुंचे और मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। एसडीएम राजकुमार हलधर और नायब तहसीलदार आशीष राठौर व राहुल गायकवाड भी पहुंचे। परिजनों ने अधिकारियों से कहा कि आरोपी को हिरासत में लेने तक उनका धरना जारी रहेगा। पुलिस ने आरोपी चंदन पिता मोहन कटारे के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 और धारा 3/5 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। आरोपी को पकड़ने और कार्रवाई के लिए प्रशासन को पांच दिन का समय दिया।



परिजनों ने आरोपी को फांसी देने की मांग की

प्रदर्शन कर रहे परिजनों ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और फांसी की सजा की मांग की। उन्होंने कहा कि जब तक आरोपी को हिरासत में नहीं लिया जाता, वे सोनाली का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। सोनाली के बड़े पिताजी नगर के वार्ड 12 के पार्षद हैं।

पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे- धरने की सूचना पर थाना प्रभारी इंदर सिंह रावत और सब-इंस्पेक्टर भेरू सिंह देवड़ा मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को समझाने की कोशिश की।

मुस्लिम पक्ष की 5 याचिकाओं पर सुनवाई, हाईकोर्ट ने दिया था नियमित पूजा का अधिकार

भोजशाला विवाद- सुप्रीम कोर्ट ने 4 हफ्ते में मांगे दस्तावेज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

धार के भोजशाला विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार, 29 अक्टूबर को सुनवाई की। सभी पक्षों को संबंधित दस्तावेज पेश करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है।

न्यायमूर्ति संजय कुमार और संजीव सचदेवा की पीठ ने हाईकोर्ट का रिकॉर्ड भी सभी पक्षों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुस्लिम पक्ष ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर पीठ के 15 मई 2026 के फैसले के खिलाफ पांच याचिकाएं दायर की हैं। हाईकोर्ट ने भोजशाला को मां सरस्वती का मंदिर मानते हुए हिंदू समाज को नियमित पूजा-अर्चना का अधिकार दिया था। मुस्लिम पक्ष इस फैसले पर रोक और वर्ष 2003 की पूजा-पाठ व नमाज व्यवस्था बहाल करने की मांग कर रहा है।

अभी नमाज के लिए तय है अलग जगह- सुप्रीम कोर्ट ने 14 जुलाई को हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से इनकार करते हुए मुस्लिम समाज को शुक्रवार दोपहर 1 से 3 बजे तक नमाज की व्यवस्था करने का निर्देश दिया था।

बाद में भोजशाला के पीछे दाईं ओर स्थित खसरा नंबर 612 की जमीन पर नमाज तय की गई। तब से यहां जुमे की नमाज अदा की जा रही है।



चार सप्ताह में पेश होंगे दस्तावेज

हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस के प्रदेश उपाध्यक्ष और याचिकाकर्ता आशीष गोयल ने बताया कि संगठन सुप्रीम कोर्ट में चल रहे चार प्रकरणों में पक्ष रख रहा है। उन्होंने कहा कि मां वाग्देवी की प्रतिमा स्थापना और भोजशाला के गौरव की पुनर्स्थापना के लिए न्यायिक संघर्ष जारी रहेगा। अब सभी पक्षों को तय समयसीमा में दस्तावेज पेश करने होंगे।

टेंडर के बाद भी अटका वर्क ऑर्डर, महापौर ने लगाई फटकार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

नगर निगम के अधिकारियों की लेटलतीफी और फाइलों में अटके विकास कार्यों को लेकर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने गुरुवार सुबह अधिकारियों को फटकार लगाई। सुदामा नगर सेक्टर-डी के औचक निरीक्षण के दौरान बाउंड्रीवॉल का टेंडर होने के बावजूद वर्कऑर्डर जारी नहीं होने का मामला सामने आया। इस पर महापौर ने मौके से ही संबंधित अधिकारियों को बुलाकर जवाब मांगा।

महापौर ने नाराजगी जताते हुए कहा, आप लोग कागज-कागज खेलते रहते हो और यहां जनता परेशान होती रहती है। आपके कारण सरकार की छवि खराब होती है। निरीक्षण के दौरान स्थानीय पार्षद जीतू राठौर भी उनके साथ थे। महापौर ने क्षेत्र में निर्माण कार्यों की स्थिति देखी और स्थानीय समस्याओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान ए सेक्टर के बगीचे की बाउंड्रीवॉल का टेंडर होने के बाद भी वर्कऑर्डर की फाइल लंबे समय से लंबित होने की बात सामने आई। इस पर महापौर ने संबंधित फाइल और अपर आयुक्त श्रृंगार श्रीवास्तव सहित अधिकारियों को मौके पर बुलवाकर जवाब तलब किया। महापौर ने सवाल उठाया कि जब काम होना ही नहीं था, तो प्रस्ताव कैसे बना? टेंडर किस आधार पर हुआ और प्रक्रिया वर्कऑर्डर तक कैसे पहुंची? उन्होंने पूरे मामले की जांच कराने के निर्देश दिए, ताकि देरी के लिए जिम्मेदार लोगों का पता चल सके।



11 साल की बच्ची से छेड़छाड़ के आरोप में एफआईआर दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मुंबई

लिंबोदी इलाके में 11 साल की बच्ची से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। बच्ची की मां की शिकायत पर तेजाजी नगर पुलिस ने मनोज निवासी शिव पार्वती नगर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आधार कार्ड के मुताबिक, मनोज की उम्र 17 साल 10 महीने है।

आरोप है कि काम के सिलसिले में घर आने-जाने के दौरान बच्ची को देखकर अश्लील हरकतें करता था। बच्ची ने बात अपनी मां को बताई, जिसके बाद मां उसे लेकर थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई।

कपड़ों के कारोबार के सिलसिले में घर आता-जाता था कर्मचारी- पीड़िता की मां ने बताया कि उनका कपड़ों के साथ शेयर कमोडिटी का काम है। उन्होंने मनोज को करीब डेढ़ साल पहले काम पर रखा था। दुकान के साथ घर से भी कपड़ों का व्यापार होता है, इसलिए मनोज का घर आना-जाना था।

मां के मुताबिक, काम के दौरान मनोज उनकी बेटी पर बुरी नीयत रखने लगा। उसने एक-दो बार बच्ची से कहा कि वह उसे पसंद करता है। बच्ची ने उसे मना कर दिया, लेकिन इसके बाद भी उसकी हरकतें नहीं रुकीं। आरोप है कि उसने कई बार बच्ची को अश्लील इशारे किए। परेशान होकर बच्ची ने अपनी मां को इसकी जानकारी दी।

मोबाइल में चैटिंग और बातचीत की रिकॉर्डिंग मिलने का दावा- पीड़िता की मां ने जब मनोज से इस बारे में बात की, तो उसने इनकार कर दिया। मां के मुताबिक, मनोज का मोबाइल लेकर उसमें मौजूद रिकॉर्डिंग और चैटिंग देखी गई। आरोप है कि उसमें वह अपने दोस्तों से बच्ची को लेकर अश्लील बातें कर रहा था। साथ ही, मां के घर पर नहीं रहने के दौरान बच्ची से बातचीत करने का जिक्र भी था।

मेडिकल टीचर्स का आंदोलन स्थगित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

एमजीएम मेडिकल कॉलेज और डेंटल कॉलेज के चिकित्सा शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन, इंदौर ने अपना आगामी आंदोलन स्थगित कर दिया है।

एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल की कमिश्नर हेल्थ एस. धनराजू के साथ करीब एक घंटे तक चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया। बैठक में लंबित मांगों के निराकरण के लिए समयबद्ध कार्रवाई पर सहमति बनी। एमटीए के अनुसार मेडिकल कॉलेज और डेंटल कॉलेज स्तर पर लंबित एरियर का भुगतान, समयमान वेतनमान के नए प्रस्ताव तैयार करने और आयुष्मान योजना के लंबित इंसेंटिव के वितरण जैसे मुद्दों पर जल्द आदेश जारी करने का आश्वासन दिया गया। वहीं, संचालनालय और शासन स्तर पर लंबित विषयों का एक महीने के भीतर निराकरण करने पर सहमति बनी है। एमटीए इंदौर ने उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के प्रति आभार जताया। एसोसिएशन के मुताबिक, उप मुख्यमंत्री की पहल पर कमिश्नर हेल्थ को प्रतिनिधियों के साथ चर्चा कर लंबित मांगों के समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए गए थे।

रेहड़ी-पटरी वाले दिवाली पर राजबाड़ा में लगा सकेंगे दुकान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

दिवाली पर दीये-बत्ती बेचने वाले छोटे व्यापारियों को इस बार भी परंपरागत जगहों पर दुकानें लगाने की अनुमति मिलेगी। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने स्पष्ट किया है कि हर साल की तरह इस बार भी शहर में तय परंपरागत स्थानों पर दुकानें लगाई जा सकेंगी। राजबाड़ा क्षेत्र में भी व्यापारियों को दुकानें लगाने का मौका मिलेगा।

इस फैसले से उन रेहड़ी-पटरी दुकानदारों को राहत मिलेगी, जो दिवाली के दौरान दीये-बत्ती बेचकर अपनी आजीविका चलाते हैं। हालांकि दुकानदारों को निर्धारित सीमा में रहकर कारोबार करना होगा। सड़क पर दुकानें फैलाकर अतिक्रमण करने या यातायात बाधित करने की अनुमति नहीं होगी।

दुकानदारों और ट्रैफिक पुलिस के बीच समन्वय पर जोर- महापौर ने दुकानदारों और ट्रैफिक पुलिस से आपसी समन्वय के साथ व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है। कोशिश रहेगी कि त्योहार के दौरान छोटे व्यापारियों का कारोबार भी चलता रहे और बाजारों में खरीदारी करने आने वाले लोगों को आवागमन में परेशानी न हो।

कामाख्या रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं को बढ़ाने के लिए

एनएफआर के जीएम ने अपग्रेडेड सुविधाओं का किया उद्घाटन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ मालीगांव

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव ने कामाख्या रेलवे स्टेशन पर अपग्रेडेड सुविधाओं का उद्घाटन किया। यह यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने और स्टेशन के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अपग्रेडेशन कार्य में स्टेशन भवन, प्लेटफॉर्म, रिजर्व लाउंज, कॉनकोर्स, सकुर्लेटिंग एरिया, सड़कें और अन्य सहायक सुविधाएं शामिल हैं। इसका मुख्य उद्देश्य यात्रियों के आराम, सुगम पहुंच और परिचालन दक्षता को बढ़ाना है।

सुधार कार्यों के तहत, वाहनों की आवाजाही को सुलभ बनाने और पीक आवर्स (व्यस्त अवधि) में भीड़-भाड़ कम करने के लिए अलग ट्रैफिक लेन, कवर्ड पिक-अप और ड्रॉप-ऑफ पोर्टिको तथा दो लेन वाली एग्जिट रोड बनाई गई हैं। रिजर्व लाउंज को बेहतर इंटीरियर, लाइटिंग, वेंटिलेशन, एयर-कंडीशनिंग, फर्नीचर, शौचालय और पैंट्री सुविधाओं के साथ अपग्रेड किया गया है और इसके बैठने की क्षमता भी दोगुनी कर दी गई है। यात्रियों की सुविधा बढ़ाने और यात्रा से जुड़ी जानकारी आसानी से उपलब्ध कराने के लिए एक एकीकृत यात्री सूचना प्रणाली, बेहतर अनाउंसमेंट सुविधाएँ और वाई-फाई कनेक्टिविटी भी दी गई है। प्लेटफॉर्म संख्या 4 को अपग्रेड किया गया है। इसमें बेहतर फ़्लोरिंग और कोपिंग, नए रंगीन रूफिंग शीट और बारिश के पानी की निकासी के लिए चौड़े गटर बनाए गए हैं। फुट ओवरब्रिज और प्लेटफॉर्म शेल्टर के बीच के खुले हिस्सों को अब ढक दिया गया है, ताकि खराब मौसम में यात्रियों को बेहतर सुरक्षा मिल सके।

आवश्यकता है
(1) अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संपर्क करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्प्लेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749


श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com